सूर्योदय 5:59 सूर्यास्त 6:40

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 26.3 अधि |
| धर्मशाला | 19.5 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82134.61 |
| निफ्टी | 25235.90 |
| सोना | 71,450 |
| चांदी | 88,400 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 2 सितंबर 2024 | 18 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 256, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मंधाना और पांच अन्य भारतीय बनेंगी डब्ल्यूबीबीएल का हिस्सा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### एयर मार्शल तेजिंदर बने वायुसेना के डिप्टी चीफ



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने एयर मार्शल तेजिंदर सिंह को नया डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ नियुक्त किया है। उन्होंने रविवार को अपना पदभार संभाला। डिप्टी चीफ ऑफ एयर स्टाफ के पास वायुसेना में मॉर्डनाइजेशन और हथियारों की खरीद का इंचार्ज होता है। पद संभालने के बाद तेजिंदर सिंह ने दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पर वीरों को श्रद्धांजलि भी दी। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह लड़ाकू पायलट हैं, उन्हें कई विमानों को 4500 घंटों से अधिक समय तक उड़ने का अनुभव हैं।

### इंडिगो विमान की नागपुर में हुई इमरजेंसी लैंडिंग



**नागपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर से तेलंगाना के हैदराबाद जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में बम रखे होने की धमकी के बाद नागपुर में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। नागपुर में विमान के उतरने के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर उतारा गया और जांच की गई। रविवार सुबह 8 बजे इंडिगो की फ्लाइट ने 71 पैसेंजर्स को लेकर हैदराबाद के लिए उड़ान भरी थी।

### बंगाल की खाड़ी में 5.1 तीव्रता का आया भूकंप



**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में रविवार सुबह 9:12 बजे भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 51. मापी गई। अभी तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। वहीं, नगालैंड के नोकलाक में रविवार तड़के करीब साढ़े 3 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 3.0 आंकी गई है। भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था।

### केसी त्यागी का राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा



**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया और उनकी जगह राजीव रंजन प्रसाद को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। त्यागी ने निजी कारणों से राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार की नीतियों पर अक्सर की जाने वाली त्यागी की टिप्पणियां और उसकी सहयोगी भाजपा के संबंधों में असहजता का कारण बन रही थीं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

आर्थिक हालात ठीक है तो क्यों रुकी हैं भर्तियां: जयराम -पेज 3
पौंग किनारे बिजाई बंद न हुई तो जाएंगे कोर्ट -पेज 4
लंबित ट्रॉमा सेंटर और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को 15 करोड़ मंजूर -पेज 12
बिहार में गन फैक्टरी का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार -पेज 13
बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में -पेज 14

# हिमाचल में नहीं कोई आर्थिक संकट : सुक्खू

## कहा- भाजपा कर रही राजनीति, अर्थव्यवस्था मजबूत करने में सक्षम है सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में आर्थिक संकट को लेकर घमासान मचा हुआ है। विपक्ष सरकार पर लगातार फिजूलखर्ची के आरोप लगा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए विपक्ष के सभी आरोपों को नकार दिया।

सीएम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कोई आर्थिक संकट नहीं है। केंद्र से हम केवल अपने अधिकार मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब सुधार किए जाते हैं तो इस तरह के फैसलों से थोड़े समय के लिए रुकावट आती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि प्रदेश में आर्थिक संकट है। हम व्यवस्थित ढंग से वित्तीय व्यवस्था को ठीक कर रहे हैं। हम वित्तीय अनुशासन में रहकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, उन्होंने पहले दिन से हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर बनाने और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने की बात कही है। प्रदेश सरकार के कुछ सख्त फैसलों से अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि कहा जा रहा है कि प्रदेश में फाइनेंशियल मिसमैनेजमेंट हो गया है, यह बिलकुल गलत है। यदि हमने दो वेतन भत्तों को विलंबित किया है तो अर्थव्यवस्था सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। सुक्खू ने कहा कि सभी को अनुशासित होने की जरूरत, सांकेतिक रूप से किए वेतन भत्ते विलंबित किए हैं।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### भाजपा ने छोड़ी 85 हजार करोड़ की देनदारियां

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश पर 85 हजार करोड़ की देनदारियां छोड़कर गई है। सरकार ने सत्ता में आते ही 7 फीसदी कर्मचारियों को डीए दिया। प्रदेश में 14 सब्सिडी दी जा रही हैं, जिनको आवश्यकता नहीं उन्हें भी मिल रही है। हजारों लोग सब्सिडी छोड़ने की बात कह रहे हैं। हजारों लोगों ने बिजली-पानी की सब्सिडी छोड़ने की बात कही।

### स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था में हो रहा सुधार

**सुक्खू** ने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में आए सिर्फ 19 माह हुए हैं। पूर्व सरकार के समय प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई थी। वर्तमान सरकार सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की सैलरी समय पर मिलेगी और पेंशन दी जाएगी।

### भाजपा नेताओं को पढ़ाई कर आना चाहिए

**प्रदेश** में आर्थिक संकट को लेकर मुख्यमंत्री ने भाजपा पर राजनीति करने के आरोप लगाए और कहा कि भाजपा नेता बिना तैयारी के बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा नेता कभी ड्रोन से जासूसी की बात करते हैं, तो कभी फाइनेंशियल मिसमैनेजमेंट की बात कर रहे हैं। विपक्ष के नेताओं को पढ़ने की जरूरत है। भाजपा नेताओं को पढ़ाई करके आना चाहिए।

# अदालतों में लंबित मामले हम सभी के लिए बड़ी चुनौती: मुर्मू

## जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए अदालतों में स्थगन की संस्कति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है।

उन्होंने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। इस कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्चतम न्यायालय का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा कि रेप के मामलों में देरी से फैसला आता है। लोगों को लगता है कि संवेदना कम है। भगवान के आगे देर है, अंधेर नहीं। देर कितने दिन तक, 12 साल, 20 साल? न्याय मिलने तक जिंदगी खत्म हो जाएगी, मुस्कुराहट खत्म हो जाएगी। इस बारे में गहराई से सोचना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि इस देश में हर न्यायाधीश और न्यायिक अधिकारी पर सत्य और धर्म, न्याय की प्रतिष्ठा करने का नैतिक दायित्व है। यह दायित्व न्यायपालिका का दीर्घ स्तंभ है।

हमारे पास लंबित मामले हैं, जिन्हें इन सम्मेलनों, लोक अदालतों आदि के माध्यम से निपटाया जा सकता है। लंबित मामले और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए एक बड़ी चुनौती है, इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए और समाधान ढूंढा जाना चाहिए। इस पर चर्चा की गई है और मुझे यकीन है कि इसका परिणाम सामने आएगा।



### सुप्रीम कोर्ट का ध्वज और प्रतीक चिन्ह किया जारी

# अगस्त माह में 10 फीसदी बढ़ा जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** का गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10 फीसदी बढ़ा है। सरकार ने 1.75 लाख करोड़ रुपए जुटाए हैं। पिछले साल की समान अवधि में सरकार का जीएसटी कलेक्शन 1.59 लाख करोड़ रुपए रहा था। हालांकि, पिछले महीने की तुलना में कलेक्शन में गिरावट आई है। 9 जुलाई 2024 में सरकार के खजाने में जीएसटी के रूप में 1.82 लाख करोड़ रुपए आए थे। भारत सरकार ने आंकड़ा जारी किया है। वर्ष के पहले पांच महीनों में जीएसटी कलेक्शन 10.1 फीसदी बढ़कर 9.14 लाख करोड़ रुपए रहा। डोमेस्टिक रेवेन्यू 9.2 फीसदी बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि इंपोर्ट रेवेन्यू पिछले वर्ष के आंकड़ों की तुलना में इस महीने 12.1 फीसदी रुपए 49,976 करोड़ रुपए रहा।

### सरकारी खजाने में आए 1.75 लाख करोड़ रुपए

# कोलकाता रेप-मर्डर: आरोपी बोला सेमिनार रूम में गलती से गया

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता रेप-मर्डर केस के आरोपी संजय रॉय ने ट्रेनी डॉक्टर की मौत को लेकर नया दावा किया है।

सीबीआई को बताया कि 8 अगस्त की रात गलती से सेमिनार रूम में घुसा था। एक मरीज की हालत खराब होने पर डॉक्टर को ढूंढ रहा था। सेमिनार रूम में गया तो ट्रेनी डॉक्टर की बॉडी पड़ी थी। इससे घबरा गया और बाहर भागा। इस दौरान किसी चीज से टकराया, जिससे ब्लूटूथ डिवाइस गिर गया। आरोपी ने दावा किया कि वह ट्रेनी डॉक्टर को पहले से नहीं जानता था। घटना के दिन अस्पताल के गेट पर कोई सिक्योरिटी नहीं थी और न किसी ने उसे रोका।

### सीबीआई ने फिर अस्पताल पहुंचकर की जांच

**सीबीआई** एक बार फिर रविवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज पहुंची। वहां क्राइम सीन का दौरा करने के साथ ही अस्पताल में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की भी जांच की गई। कई लोगों से जांच एजेंसी ने पूछताछ की है। वहीं, डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। इस मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से भी लगातार पूछताछ की जा रही है, लेकिन सीबीआई अभी किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पाई है। वही, प्रदर्शन के बीच डॉक्टरों ने 'अभया क्लीनिक' क्लीनिक खोलकर मुफ्त इलाज दे रहे हैं। टीएमसी की महिला विंग सड़कों पर है। सीबीआई की सुस्त जांच को मुद्दा बनाया है। वहीं, भाजपा भी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। मध्य कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से एस्प्लेनेड तक विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोगों ने मेगा रैली निकाली।

### भाजपा-टीएमसी की महिला विंग का प्रदर्शन

# नेरचौक मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टरों पर हमला

## एक जख्मी; अन्य डॉक्टरों ने भागकर बचाई जान, परिसर में मरीज बनकर घुसे हमलावर

**आदर्श यादव, नेरचौक**

**मंडी** जिले के लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में प्रशिक्षु डॉक्टरों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।

हमले में एक प्रशिक्षु डॉक्टर जख्मी हुआ है, जबकि अन्य डॉक्टरों ने भागकर जान बचाई। यह हमला शनिवार रात को हुआ, जब कुछ प्रशिक्षु चिकित्सक ड्यूटी के दौरान परिसर में टहल रहे थे। इस दौरान हमलावर एक गाड़ी में आए और अपने आप को मरीज बताकर दाखिल हुए। परिसर में टहल रहे प्रशिक्षु डॉक्टरों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने प्रशिक्षु चिकित्सकों की पिटाई की और जान से मारने की धमकी दी। एक हमलावर को पकड़ लिया और अन्य फरार हो गए। सूचना मिलते ही कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर डीके वर्मा भी घटनास्थल पर पहुंचे।

वहीं, पुलिस ने इस मामले में 6 युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि एक युवक फरार है। एसपी साक्षी वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। चिकित्सकों व स्टाफ सदस्यों ने कॉलेज प्रबंधन व सरकार से कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने छह युवकों को लिया हिरासत में, एक फरार

### परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की उठाई मांग



> **बल्ह** पुलिस ने नेरचौक मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु चिकित्सकों पर शरारती तत्वों ने जानलेवा हमला किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-साक्षी वर्मा, एसपी मंडी।**

# जेएंडके विधानसभा चुनाव में खड़गे, सोनिया व राहुल स्टार प्रचारक

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है।

इस लिस्ट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, अंबिका सोनी, भरत सिंह सोलंकी, तारिक हमीद कर्रा, जयराम रमेश, मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य बड़े नेताओं के नाम शामिल हैं। वहीं, राहुल गांधी 4 सितंबर को जम्मू-कश्मीर में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे।

# कमर्शियल सिलेंडर 39 रुपए हुआ महंगा, विमान ईंधन 4.6% सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तेल** विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस (एलपीजी) गैस सिलेंडर की कीमत में 39 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी से 1 सितंबर 2024 से दिल्ली में 19 किलोग्राम का वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1691.50 रुपए में उपलब्ध होगा।



इससे पहले इस वर्ष जुलाई में तेल विपणन कंपनियों ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 30 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की थी। वहीं, विमान ईंधन के दाम में 4.6 प्रतिशत की कटौती की गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों के अनुसार, दिल्ली में विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत 4,495.5 रुपए प्रति किलोलीटर यानी 4.58 प्रतिशत की कटौती की गई है। विमानन कंपनियों की कुल परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। ऐसे में दाम में कटौती से इन कंपनियों पर लागत बोझ कम होगा। इसके साथ, तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी के दाम बढ़ाए हैं और यह लगातार दूसरी मासिक वृद्धि है। एक अगस्त को कीमतों में 6.5 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।

# रूस में लापता हेलिकॉप्टर में सवार 17 के शव बरामद

**मॉस्को।** रूस के सुदूर पूर्व में लापता हेलिकॉप्टर के मलबे का पता लगा लिया है और 22 में से 17 शव बरामद कर लिए हैं। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि बचावकर्मी शेष लोगों की तलाश में जुटे हैं।

हेलिकॉप्टर में सवार सभी लोगों की मौत हो जाने की आशंका है। माना जा रहा है कि खराब मौसम और खराब दृश्यता के कारण हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। रूस मंत्रालय ने 'एक्स' पर लिखा कि हवाई सर्वेक्षण कर लापता हेलिकॉप्टर के मलबे का पता लगाया गया है। यह उस स्थान के निकट 900 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से इससे आखिरी बार संपर्क हुआ था।




# हिमाचल में फिर करवट बदलेगा मौसम दो दिन भारी बारिश का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में दो दिन बारिश से राहत मिलने के बाद सोमवार से मौसम एक बाद फिर करवट बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार से दो दिन के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहाड़ों पर लैंडस्लाइड और निचले इलाकों में जल भराव की समस्या हो सकती है।

मौसम विभाग ने 2 सितंबर को 6 जिलों और 3 सितंबर को 9 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को ऊना, कांगड़ा, मंडी, सोलन, शिमला और सिरमौर जिले में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। बता दें कि मानसून में सामान्य से 23 फीसदी कम बारिश प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान सामान्य से 23 फीसदी कम बारिश हुई है। 26 जून से 31 अगस्त तक प्रदेश में 471.1 मिलीमीटर बारिश हुई। इस अवधि में 613.8 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया है। बिलासपुर में सामान्य से 11, चंबा में 34, हमीरपुर में 32, कांगड़ा में 7, किन्नौर में 41, कुल्लू में 22, लाहौल-स्पीति में 73, मंडी में 10, सिरमौर में 15, सोलन में 31 और ऊना में 33 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई। शिमला में सामान्य से 12 फीसदी अधिक बारिश दर्ज हुई।





## न्यूज ब्रीफ

### संकट मोचन मंदिर में हरी पत्तल पर मिलने लगा भंडारा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला शिमला के स्थित संकट मोचन मंदिर में टोर की हरी पत्तल में श्रद्धालुओं को रविवार को भंडारा वितरित करने व्यवस्था आरंभ कर दी है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि यह शहर का दूसरा मंदिर हैं जहां पर टोर के पत्तल पर भंडारा परोसा जा रहा है। जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के आधीन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सुन्नी खंड में कार्य कर रहे सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन बसंतपुर को पत्तल बनाने का जिम्मा दिया गया है।

### सुन्नी कॉलेज में 10 विद्यार्थियों का हुआ नामांकन



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनसीसी ईकाई द्वारा प्रथम वर्ष के 10 विद्यार्थियों की नामांकन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान यूनिट के सुबेदार सोमदत्त और पूरणा घाले ने आए थे। इस दौरान उन्होंने नामांकित किए गए नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के मैदान में दौड़ करवाई तथा दंड बैठक और अन्य शारीरिक गतिविधियां करवाई। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य रामलाल शर्मा और एनसीसी इकाई के सीटीओ कविता सैनी भी मौजूद रही।

### कोटखाई गुम्मा के विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कोटखाई के गुम्मा इलेक्ट्रिकल सबडिवीजन के अंतर्गत घूंडा और हिमरी पंचायत में 2 सितंबर के दिन सुबह 10:00 से शाम तक 6:00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी द्य विभाग द्वारा इसका कारण जबरोग मे एचटी लाइन मुरम्मत व 63 केवीओ ट्रांसफार्मर की इनस्टॉलेशन बताया है हॉलिंकी विभाग ने साफ किया की कार्य का होना मौसम पर निर्भर करेगा,ऐसे मे विभाग ने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है

### संजीवनी सहारा समिति रोहडू ने शुरू किया सदस्यता अभियान

**दशमी रावत, रोहडू।** संजीवनी सहारा समिति रोहडू एक सामाजिक संस्था है। जिसका उद्देश्य गरीब, असहाय व जरूरतमंद की मदद करना है। समिति 2013 से लेकर आज तक लगभग 50 लाख रुपए का अंशदान दे चुकी है। संजीवनी परिवार की सदस्यता अभियान 6000 रुपए वार्षिक 1 सितंबर 2024 को शुरू हो चुका है, जो 20 अक्टूबर को समाप्त कर दी जाएगी। संजीवनी सहारा समिति की विशेषताएं यह है कि पिछले 12 वर्षों में जन सेवा, खेल, शिक्षा एवं पर्यावरण के ऊपर लगभग 50 लाख रुपए की धनराशि खर्च कर चुकी है।

### संजौली में मस्जिद का घेराव, अवैध निर्माण तोड़ने की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संजौली उपनगर में सैकड़ों लोगों ने मिलकर मस्जिद का घेराव कर दिया। यह सभी लोग यहां अवैध निर्माण को तुड़वाने की मांग को लेकर एकत्रित हुए थे। इलाके के लोगों ने एकजुट होकर पहले संजौली बाजार में विरोध मार्च किया। इसके बाद सभी मस्जिद के बाहर इकट्ठे हो गए। कई देर तक मस्जिद के बाहर प्रदर्शन चलता रहा। दरअसल, अवैध निर्माण तुड़वाने के मामले ने इसलिए तूल पकड़ा, क्योंकि शुक्रवार शाम मल्याणा में हिंदू और मुसलमान समुदाय के कुछ लोगों के बीच लड़ाई हुई। आरोप है कि मुस्लिम समुदाय के एक व्यक्ति ने स्थानीय दुकानदार यशपाल सिंह को मारा और उसके सिर पर 14 टांके लगे। संजौली और इसके आसपास के इलाके के लोग यहां की बदलती डेमोग्राफी को लेकर भी चिंता जाहिर कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी और नगर निगम शिमला के कमिश्नर भूपेंद्र अत्री पहुंचे। नगर निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि यहां सिर्फ एक ही मंजिल बनाने की अनुमति दी गई थी। अन्य तीन मंजिलों को अवैध रूप से बनाया गया है। अवैध निर्माण का केस कोर्ट में भी चल रहा है। एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि वह यहां किसी भी और सामाजिक तत्व को नहीं पनपने देंगे ।

# आरकेएस कर्मचारी पेन डाउन स्ट्राइक पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



रोष व्यक्त करते हुए कर्मचारी।

आईजीएमसी शिमला में आरकेएस कर्मचारी रेगुलर पे स्केल की मांग को लेकर पेन डाउन स्ट्राइक पर हैं। वहीं उन्होंने अल्टीमेटम दिया है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो 2 सितंबर से वे हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं आरकेएस कर्मचारियों की पेन डाउन स्ट्राइक के कारण ओपीडी मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी शिमला में एक बार फिर मरीजों की परेशानियां बढ़ गई है, क्योंकि अस्पताल के आरकेएस (रोगी कल्याण समिति) कर्मचारी बीते दिन से 31 अगस्त तक सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक पर है।

वहीं इनकी मांगे नहीं मानी गई तो ये 2 सितंबर से हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी। क्यों कि मरीजों की पर्ची, दाखिल और टेस्ट की फीस का काम यही डाटा ऑपरेटर करते हैं। जानकारी के अनुसार आरकेएस कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बीते शनिवार को मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आरकेएस कर्मियों की मांगों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लेकिन कर्मचारी आश्वासनों से संतुष्ट नहीं है, उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए लिखित में जवाब की मांग रखी है।

कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन लिखित रूप में नहीं मिलता है, तब तक वे स्ट्राइक करेंगे। हालांकि, आरकेएस कर्मचारियों ने कहा आईजीएमसी शिमला में एक काउंटर चलता रहेगा, जिसमें सिर्फ आपातकालीन सेवाओं के लिए पर्ची बनेगी और कैश ली जाएगी। वहीं कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि फिलहाल 6 घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की है। लेकिन सरकार ने अगर जल्द फैसला नहीं किया तो 2 सितंबर से वह हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं, आकेएम कर्मचारियों की पेन डाउन स्ट्राइक की वजह से पर्ची बनाने के लिए लोग सुबह से ही कतार में खड़े रहे, लेकिन उनकी पर्ची नहीं बनी. । 2 दिनों के अवकाश के बाद आईजीएमसी आने वाले मरीजों को पर्ची तक बनवाने में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं, अन्य ओपीडी के लिए काउंटर पर पर्ची बनाने और कैश की सुविधा बंद रही।

मुख्यमंत्री सुक्खू के आश्वासनों के आरकेएस कर्मियों ने हड़ताल तो वापस ले ली थी, लेकिन आज तक इनकी मांगे पूरी नहीं हुई है। आईजीएमसी शिमला और कमला नेहरू हॉस्पिटल के 55 कर्मचारी साल 2021 में 8 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके है लेकिन उन्हें अभी तक अन्य आरकेएस कर्मियों की तरह रेगुलर पे स्केल नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि यदि उन्हें रेगुलर पे स्केल नहीं मिला तो मंगलवार से वे 6 घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक आरंभ करेंगे। यदि बावजूद सरकार ने उनकी सुध नहीं ली तो 2 सितंबर से हड़ताल शुरू की जाएगी। वहीं आरकेएस यूनियन का कहना है कि इस महंगाई के दौर में इतनी कम तनख्वाह पर काम करना इनके बस की बात नहीं है और इस पे स्केल के मुद्दे को वे पहले भी कई बार सरकार के समक्ष ला चुके हैं।

# पंचायतों के रिक्त पदों के लिए 29 को होगा उप निर्वाचन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने जिला शिमला के विकास खंड कोटखाई, मशोबरा, जुब्बल, रोहड़ू, कुपवी, बसन्तपुर, नारकण्डा तथा ननखडी की ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना प्ररूप-17 पर जारी कर दी है।

सारिणी अनुसार तहसील कोटखाई विकास खंड कोटखाई की ग्राम सभा पराली बदरूनी में उपप्रधान का पद भरा जाना है। इसी प्रकार, तहसील शिमला ग्रामीण विकास खंड मशोबरा की ग्राम सभा मेहली के वार्ड नंबर 4, ग्राम सभा चैड़ी के वार्ड नंबर 4, ग्राम सभा कुफरी श्वाह के वार्ड नंबर 2 और ग्राम सभा पगोग के वार्ड नंबर 5 में ग्राम पंचायत सदस्य तथा विकास खंड बसंतपुर की ग्राम सभा बसंतपुर के वार्ड नंबर 3 और ग्राम सभा भराड़ा के वार्ड नंबर 4 में ग्राम पंचायत सदस्य के पद भरे जाने हैं। उन्होंने बताया कि तहसील जुब्बल विकास खंड जुब्बल की ग्राम सभा रांवी के वार्ड नंबर 3 में ग्राम पंचायत सदस्य, तहसील रोहड़ू विकास खंड रोहड़ू की ग्राम सभा कुठाड़ी के वार्ड नंबर 3 और 5 तथा ग्राम सभा पारसा के वार्ड नंबर 3 में ग्राम पंचायत सदस्य, तहसील कुपवी विकास खंड कुपवी की ग्राम सभा नौरा बौरा के वार्ड नंबर 3 में ग्राम पंचायत सदस्य, तहसील कुमारसैन विकास खंड नारकण्डा की ग्राम सभा कोटगढ़ के वार्ड नंबर 5 में ग्राम पंचायत सदस्य तथा तहसील ननखड़ी विकास खंड ननखड़ी की ग्राम सभा बडाच के वार्ड नंबर 4 में ग्राम पंचायत सदस्य के पद भरे जाने हैं। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उप निर्वाचन 29 सितम्बर 2024 को प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक सम्बंधित कार्यालय ग्राम पंचायत मुख्यालय पर होगा।

उपायुक्त ने बताया कि अभ्यर्थी या उनके प्रस्थापक नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी को सम्बंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर 11 से 13 सितम्बर 2024 तक प्रात: 10 बजे से सायं 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नेरवा-विकासनगर बस के जलपान ठहराव को बदलने की उठाई मांग

**सपना सूद, नेरवा**

नेरवा-पांवटा वाया विकासनगर चलने वाले रूट के जलपान ठहराव पर बस में सफर करने वाली सवारियों ने सवालिया निशान उठाते हुए इसे किसी दूसरे स्थान पर बदलने की मांग की है।

इन सवारियों ने आरोप लगाया है कि स्वच्छता और खाने की गुणवत्ता के लिहाज से यह ढाबा सही नहीं है तथा खाने के गुणवत्ता के लिहाज से अधिक पैसे वसूल किए जाते है। यदि ढाबा मालिक से सफाई अथवा खाने की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की जाए तो वह दबंगई दिखते हुए कहता है कि हमें हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा परमिशन दी गई है तथा बस के यहां रुकने का हम निगम को टैक्स अदा करते है। सफर करने वाले भीम सिंह, संत राम भिख्टा, डीआर शर्मा, शाहनवाज हुसैन, ग्यारो देवी, निखिल शर्मा, दीप भारती, दिलशाद, भिंदर सिंह, सोनी राजपूत व सुशीला देवी ने कोलिया नाला में जलपान ठहराव के लिए निर्धारित किया गया है ढावा सुरक्षित नहीं है। ढाबे के ऊपर ढांक है तथा बरसात के मौसम में ढांक से पत्थर गिरते रहते है। उन्होंने आरोप लगाया कि 18 अगस्त को अड्डा प्रभारी नेरवा के माध्यम से प्रबंध निदेशक, को इस बारे हस्ताक्षरयुक्त शिकायत पत्र भेजा था, परंतु अभी तक इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है।

> शिकायत पत्र को मंडलीय कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया है। ढाबे को निरिक्षण करने के बाद ही मंजूरी दी गई है, फिर भी सवारियों की शिकायत को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर से निरिक्षण कर लिया जाएगा।
>
> **-अनिल शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी डिपो नेरवा।**

## सुरेंद्र को राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी मिलने से चहके कांग्रेसी

**अनंत ज्ञान, नेरवा।** सुरेंद्र शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव पद की बागडोर देने और हरियाणा की कुमारी शैलजा के साथ उन्हें उत्तराखंड का सह प्रभारी बनाए जाने पर चौपाल कांग्रेस पार्टी में खुशी की लहर है।

ब्लॉक कांग्रेस चौपाल के पूर्व अध्यक्ष सबला राम चौहान व नाग चंद तुलियान, हरी नंद मेहता, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता डॉ. मोहन झरटा, यूथ कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दिनेश राणा, नगर पंचायत नेरवा के मनोनीत पार्षद नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र कंवर, संदीप सूद, मोहन लाल निरमाईक, अमर सिंह बजवाड़िया, मोहर सिंह मगटा, अनिल राणा, हितेंद्र चौहान, कुलविंदर चौहान, वीरेंद्र दफराईक, दिनेश घुंटा, रोशन चौहान, यशपाल तनाईक, काना सिंह चौहान आदि ने सुरेंद्र शर्मा को बधाई दी है ।

## विक्रमादित्य ने किया टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**



लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने तीन दिवसीय मशोबरा एवं सुन्नी की खंड स्तरीय अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मशोबरा खंड स्तरीय अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नीन तथा सुन्नी खंड स्तरीय अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटुखर में किया गया।

नीन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं एवं स्थानीय लोगों को विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस वर्ष ओलंपिक गेम्स में देश की बेटियों ने नाम रोशन किया है। इसी तर्ज पर हमारी यह बेटियां भी आगे जाकर देश, प्रदेश तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। यह बेटियां हमारे आने वाले कल का भविष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी क्षेत्र में कार्यरत शिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत पाहल, नीन एवं घैनी के लिए उठाऊ पेयजल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है, जिसका निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चला है।

उन्होंने कहा कि देवीधार से न्योठ सड़क निर्माण कार्य के लिए 15 करोड़ का प्रस्ताव नाबार्ड को भेजा जा चुका है, जिसकी जल्द ही मंजूरी प्राप्त कर निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल मैदान के लिए 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है तथा निर्माण कार्य को जल्द ही आरंभ किया जाएगा।

### प्रतियोगिता में 522 छात्राओं ने लिया भाग

खंड स्तरीय अंडर 19 गर्ल्स खेल कूद प्रतियोगिता में 2 जोन की लगभग 522 छात्राओं ने भाग लिया । मशोबरा खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 16 स्कूलों की लगभग 272 छात्राओं ने भाग लिया, वहीं सुन्नी खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 14 स्कूलों से लगभग 250 छात्राओं ने हिस्सा लिया । खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में से श्रेष्ठ छात्राओं का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

जिला स्तरीय अंडर 19 गर्ल्स खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष दत्तनगर रामपुर में होगा। उन्होंने स्कूल के छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 21 हजार रुपए की राशि देने की भी घोषणा की।

### धर्माणी ने लोअर लंजथा में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** एचपी शिव परियोजना के अंतर्गत नगर निगम योजना आवास और तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी ने लोअर लंजथा में उद्यान विभाग के माध्यम से पौधारोपण कर 11 हेक्टेयर भूमि में किए जा रहे नए पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना बेरोजगार युवाओं के लिए वरदान साबित होगी और यह आजीविका के नए स्रोत पैदा करेगी। लंजथा क्लस्टर में के तहत विगत वर्षों में लीची के 10005 रोपित किये जा चुके है तथा इस वर्ष लगभग 6000 लीची के पौधे रोपित किए जा रहे हैं। गत वर्ष 2023-24 में एचपी शिवा क्लस्टरों में माल्टा स्वीट ऑरेंज की लगभग 50 मीट्रिक टन का उत्पादन प्राप्त हुआ और इससे लगभग 22 लाख रूपये की आय किसानों को प्राप्त हुई। इस वर्ष भी लगभग 200 मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है जिसमें की अनार, माल्टा और अमरुद शामिल है।



### नमहोल पशु एवं किसान मेले की तिथियां निर्धारित



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नमहोल मेला ग्राउंड में रविवार को पशु एवं किसान मेले की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी नंद लाल ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा कमेटी के महासचिव सोभा राम ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसमें पिछले मेले से संबंधित खर्च और आय की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के दौरान अगले महीने आयोजित होने वाले मेले के कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष का मेला 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक तीन दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा। इस दौरान, मेले में विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्थानीय और बाहरी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। साथ ही, दिन के समय में कबड्डी प्रतियोगिता और महिला मंडलों के विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में कमेटी के सह कोषाध्यक्ष के हाल ही में हुए निधन पर शोक व्यक्त किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### होटल लेक व्यू में मनाया एचपीटीडीसी का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में होटल लेक व्यू के मैनेजर तुलसी राम ठाकुर के नेतृत्व में अतिथि देवो भव का अनुसरण करते हुए होटल में आए सभी पर्यटकों का भव्य स्वागत किया गया। पर्यटकों का स्वागत फूलों का हार एवं आरती उतारकर किया गया। इसके अलावा पर्यटकों को मिष्ठान भी बांटे गए। हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की स्थापना एक सितंबर 1972 को की गई थी। आज 52 वर्ष पूरे होने पर पर्यटकों को विशेष व्यंजन पारोसे गए एवं पर्यटकों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। होटल लेक व्यू के मैनेजर तुलसी राम ठाकुर ने कार्यक्रम में पर्यटकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश भारत के सबसे लोकप्रिय और आसानी से सुलभ पहाड़ी राज्यों में से एक है। देश के सभी हिस्सों के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न हिस्सों से लोग इस खूबसूरत राज्य की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए आते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने हिमाचल प्रदेश में घरेलू और विदेशी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक, ट्रेंडसेटर और प्रमुख प्रस्तावक के रूप में काम किया है। हमारे पास आवास का व्यापक नेटवर्क है, जिसमें हिमाचली व्यंजनों सहित विभिन्न व्यंजन परोसने वाले होटल, रेस्तरां और कैफेटेरिया शामिल हैं। ये सभी संपत्तियां प्रकृति की गोद में शानदार स्थानों पर हैं।



# एक शिक्षित समाज ही रख सकता है एक उज्ज्वल भविष्य की नींव : जितेंद्र चंदेल

## हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य ने बरमाणा में किया खंड स्तरीय खेलों का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



रावमापा बरमाणा में हिमुडा के निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने छात्राओं की तीन दिवसीय अंडर -19 खंड स्तरीय खेलों का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में 10 स्कूलों के 144 लड़कियां भाग ले रही हैं। प्रिंसिपल यशपाल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उन्हें शॉल व टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान स्कूल प्रबंधन ने एक डिमांड चार्ट प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी मांगों को पूरा करने काआश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री बरमाणा में आमंत्रित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को उनके कर्तव्य व अधिकारों के प्रति जागरूक करें। शिक्षक और शिक्षा एक मात्र माध्यम है, जिससे चरित्र के निर्माण के साथ-साथ मन मस्तिष्क की क्षमता का विकास संभव है। शिक्षक जिस दिशा में बच्चों रुख बदलेंगे, उस दिशा में बच्चों का भविष्य तय होगा। अभिभावक और शिक्षक दोनों मिलकर बच्चों को प्रेरित करें। एक शिक्षित समाज ही एक उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकता है। उन्होंने कहा कि खेल चाहे कोई भी हो, उसे खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेलों से जहां हमारा मानसिक व शारीरिक विकास होता है, इसलिए प्रत्येक युवा को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। एक अच्छा खिलाड़ी खेलों के बलबूते पर अपना, देश व प्रदेश का नाम रोशन कर सकता है। जितेंद्र चंदेल ने कहा कि वे जमीन से जुड़े हैं तथा जमीनी हकीकत जानते हैं। चंदेल ने खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अपनी तरफ से 21 हजार रुपए दिए तथा इस प्रतियोगिता से जिला स्तरीय प्रतियोगिता के चयनित होने वाली छात्राओं को खेल ड्रेस देने की घोषणा भी की।

वहीं, समाजसेवी उदय तिवारी ने 21 हजार और अशोक ठाकुर ने आयोजकों को 11 हजार प्रदान किए। प्रतियोगिता का पहला कबड्डी मैच बरमाणा व धार-टटोह के मध्य खेला गया। इसमें बरमाणा स्कूल ने धार टटोह को 56-23 अंकों से पराजित किया।

# परंपरा कायम रखने में गुग्गा मेला उत्सव समिति के प्रयास सराहनीय : बालक राम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

24 वर्षों से आयोजित किए जा रहे बरमाणा गुग्गा मेले की सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को इस बार भी बेहतर प्रस्तुतित्यों के दीदार हुए। पहली सांस्कृतिक संध्या में बीडीटीएस के कोषाध्यक्ष बालक राम कपिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी ट्रांसपोर्ट के निदेशक व समाजसेवी शमशेर चंद गौतम ने की।

गुग्गा मेला उत्सव समिति के प्रधान प्रेम चंद ठाकुर, मंच संचालक संजीव भारद्वाज, सुरेश वर्मा, कर्म सिंह, सतीश ठाकुर, विजय ठाकुर सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में शमशेर चंद गौतम ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि सच में हिमाचल की देवभूमि आपसी भाईचारे और प्रेम से परिपूर्ण है। कितना अच्छा लगता है कि जब सभी बच्चे, युवा और बूढ़े इस तरह के सांस्कृतिक धरोहर को संजोने में अपना नैतिक दायित्व समझते हैं। उन्होंने गुग्गा मेला उत्सव समिति द्वारा परंपरा को कायम रखने के लिए उनके भरसक प्रयासों की सराहना की। पहली सांस्कृतिक संध्या में वाइस ऑफ हिमाचल के कलाकार और निक्की जिनी गोजरी' से मिली अलग पहचान इशांत भारद्वाज और साथ में ही स्थानीय कलाकारों अपनी प्रतिभा दिखाकर उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। भारद्वाज ने गुग्गा जहारपीर के जयकारे से गीतों की शुरुआत की। उन्होंने अपने गानों में एक से बढ़कर बेहतर प्रस्तुति देकर लोगों को खूब मनोरंजन किया। ज्यों ही भारद्वाज मंच मंच संभाला पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इशांत भारद्वाज ने निक्की जिनी गोजरी, बिंद्राबना दी गोजरियां, शिवा रे कैलाशां पर खूब बांधा। वहीं, कलाकार दिनेश गुप्ता ने अपने कथक नृत्य से पंडाल में बैठी जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया।

> **पहली सांस्कृतिक संध्या में इशांत भारद्वाज के गानों पर झूमे दर्शक**

## भाजपा श्री नयनादेवी में 25 हजार नए सदस्य बनाएगी : रणधीर शर्मा



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

नयना देवी मंडल की सदस्यता अभियान के दोनों मंडलों की बैठक 31 और 1 सितंबर को पूर्ण कर ली गई है। श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि श्री नयनादेवी विधानसभा में 25000 लोगों को सदस्यता के माध्यम से भाजपा से जोड़ेंगे। अभियान 2 सितंबर से प्रधानमंत्री द्रुश्स्रद्व क्रो सदस्य बनाकर शुरू होगी और नयनादेवी मंडल मे अभियान 4 सितंबर से शुरू किया जाएगा और मंडल कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को एक सप्ताह में पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शर्मा ने कहा की अगले महीने 1 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। इसका मुख्य उद्देश्य 10 करोड़ से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा घर-घर पहुंची है। 2014 से 2019 तक लगभग 18 करोड़ लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कोरोना महामारी के कारण इस अभियान को रोका गया था, अब 1 सितंबर से इसे पुन: आरंभ किया जाएगा, हिमाचल प्रदेश में यह अभियान 2 सितंबर से शुरू होगा। भाजपा का सदस्यता अभियान चार आयामों पर आगे बढ़ेगा। मिस्ड कॉल, क्यू आर कोड, नमो एप और भाजपा की वेबसाइट के माध्यम से देश और प्रदेश का कोई भी व्यक्ति पार्टी की सदस्यता गृहण कर सकता है। यह सदस्यता अभियान सर्वस्पर्शी और सर्वसमावेशी होगा। यह भाजपा की लोकतांत्रिक प्रक्रिया ही है जो पार्टी को अन्य लगभग 1500 राजनीति दलों से अलग खड़ा करती है।

## ब्राह्मी लिपि का दिया प्रशिक्षण

**परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहार स्थित वेदव्यास परिसर बलाहर में चल रही टांकरी लिपि प्रशिक्षण राष्ट्रिय कार्यशाला में रविवार को पांडुलिपि मिशन नई दिल्ली के निदेशक प्रो. अनिर्वाणदास ने प्रतिभागियों को ब्राह्मी लिपि का प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला संयोजक डॉक्टर यज्ञ शर्मा ने परिसर पक्ष से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

**रंगमंच** | उड़ान थियेटर ग्रुप बिलासपुर के पदाधिकारियों ने किया कार्यक्रम का आगाज

# क्रोएशियाई नाटक 'द डॉल' का किया सफल मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



रविवार को बिलासपुर के रौड़ा सेक्टर में स्थित भाषा एवं संस्कृति विभाग के बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसर के ऑडिटोरियम में क्रोएशियाई नाटक 'द डॉल' का सफल मंचन किया गया। इस दौरान उड़ान थियेटर ग्रुप बिलासपुर के पदाधिकारियों अभिषेक डोगरा, नवीन सोनी, अभिषेक सोनी व वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। नाटक का मूल आलेख अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नाटककार मीरो गावरान ने लिखा है, जबकि इसका नाट्य रूपांतरण जयपुर के सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। उत्तर भारत के प्रख्यात नाट्य निर्देशक एवं राष्ट्रीय अकादमी अवार्डी केदार ठाकुर के निर्देशन में हुए इस नाटक में मुख्य भूमिका रूपेश भीमटा ने निभाई, जो पिछले 28 वर्षों से रंगमंच और सिनेमा में लगातार सक्रिय है। वहीं, माया द डॉल की मुख्य भूमिका येशवी भारद्वाज ने निभाई। जो मिस आरकेएमवी 2024 भी रह चुकी हैं और मुख्य धारा के व्यवसायिक रंगमंच में यह इनका पहला ही नाटक है जो पूर्णतया चुनौती पूर्ण है। नाटक में संगीत रोहित कंवल ने दिया, जबकि सेट डिजाइन दीपिका राय, रोहित सिंह परमार व ऋषि राय ने किया, जबकि मंच प्रबंधन राखी का था। इसके अलावा मंच के पीछे सहयोग व प्रचार प्रसार में बिलासपुर के प्रसिद्ध रंगकर्मी अभिषेक डोगरा, नवीन सोनी व अभिषेक सोनी विशेष योगदान रहा। भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश की अग्रणी सांस्कृतिक संस्था संकल्प रंगमंडल शिमला द्वारा विश्व प्रसिद्ध क्रोएशियाई नाटक द डॉल का 28वां वर्ल्ड प्रीमियर हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों के नवनिर्मित प्रेक्षागृहों में किया जा रहा है। बिलासपुर में इस नाटक का मंचन 2 सितंबर को शाम 3 बजे भी होगा। इस अवसर रविंद्र भट्टा, रतन चंद निर्झर, अश्वनी शर्मा, अरुण डोगरा, इंद्र चंदेल, अभिषेक टेसू, अनिल मेहता, डॉक्टर नर्मता पठानिया, सुनील राणा, सचिन भारद्वाज, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# सीएम ने प्रसिद्ध रूसी मास्टर्स यूनिवर्स प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में प्रसिद्ध रूसी कलाकार, विचारक और शांति के अग्रदूत निकोलस रोरिक की 150वीं जयंती के अवसर पर 'मास्टर्स यूनिवर्स' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन इंटरनेशनल सैंटर ऑफ दि रोरिक, मॉस्को, अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट नगर, जिला कुल्लू और भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कलाकार, लेखक और विचारक के रूप में निकोलस रोरिक के अमूल्य एवं विविध योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश, विशेष रूप से कुल्लू घाटी की समृद्ध परम्पराओं को प्रोत्साहन देने के लिए उन्होंने महत्तवपूर्ण योगदान दिया। प्रदेश में लगभग 20 वर्षों के दौरान उन्होंने हिमालय की संस्कृति का गहन अध्ययन किया और कुल्लू घाटी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की वकालत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर रोरिक का गहरा प्रभाव था।



शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में 'मास्टर्स यूनिवर्स' प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

15 अप्रैल, 1935 को 21 देशों द्वारा हस्ताक्षरित की गई अंतरराष्ट्रीय रोरिक संधि का उद्देश्य सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि रोरिक शांति और सद्भाव के लिए सदैव प्रयासरत रहे। वह मानते थे कि युवाओं के मध्य सम्मान और सामजस्य की भावना को बढ़ावा देकर सांस्कृतिक मूल्यों के माध्यम से वैश्विक संघर्षों का हल निकाला जा सकता है।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और रूस के संबंध सदियों पुराने हैं और सांस्कृतिक रूप से रूस तथा भारत की सोच में काफी समानता है। रूस ने कठिन दौर में भारत की हमेशा सहायता की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नग्गर स्थित अंतरराष्ट्रीय रोरिक मेमोरियल ट्रस्ट को ओर अधिक सुदृढ़ करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में किसी प्रकार का आर्थिक संकट नहीं है और प्रदेश सरकार ने पहले ही दिन से राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में कार्य किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 70 वर्ष से अधिक आयु के 27 हजार पैंशनभोगियों के बकाये का भुगतान कर रही है और सरकारी कर्मचारियों को 7 प्रतिशत की दर से मंहग दिया है।

प्रदेश सरकार किसानों, बागवानों, मजदूरों, महिलाओं, छोटे दुकानदारों सहित समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और वर्ष 2032 तक देश का समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बनालीधार हाब्बन मार्ग पर व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** उपमंडल के उपतहसील पझोता के हाब्बन-बनालीधार मार्ग पर जंगल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अमन पुत्र अजैब सिंह आयु 23 वर्ष ग्राम टीर डाकघर हाब्बन तहसील राजगढ़ का शव जंगल मे बरामद हुआ। अमन



व उसका मामा जगदीश ग्राम कोड़ब वन विभाग द्वारा जंगल में तार बाढ़ के लिए पोल काटने के काम रहे थे। अमन को मिर्गी के दौरे पहले से ही पड़ते थे। जगदीश खाने का कुछ सामान लेने हाब्बन बाजार गया हुआ था। जब वह सामान लेकर वापस आया तो उसने देखा कि अमन एक पेड़, जो उसने आधा काटा हुआ था के पास मृत पड़ा हुआ था । घटना की सुचना मिलते ही पुलिस ने मौका पर जाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल राजगढ़ लाया गया जहां पोस्टमार्टम करके शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनो को सौंप दिया गया। बनाली हाब्बन मार्ग पर एक व्यक्ति की मौत मामले में नायब तहसील पझोता प्रकाश पांटा के अनुसार मृतक के परिजनो को फौरी सहायता की राशि जो भेजी गई थी उसे वापिस लाना पड़ा है क्योंकि मृतक का कोई कानूनी वारिस उपलब्ध नहीं हो पाया है। इस विषय में छानबीन जारी है और जल्द ही मृतक के कानूनी वारिस की खोज कर राहत राशि प्रदान की जाएगी ।

### सरकार से ऋण लेकर भी नहीं चल रहा हिमाचल : बिहारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ऋण लेकर प्रदेश को चलाने का असफल प्रयास कर रही है। कुछ भी कह लो पर सरकार झूठ बोलने में माहिर है, लोन कितना लिया कब लिया इसका खुलासा तो बार-बार भाजपा के वरिष्ठ नेता कर चुके है पर कांग्रेस पार्टी के नेता केवल आंकड़ों के मायाजाल से जनता का ध्यान भटकने का काम



कर रहे है। वित्त वर्ष 2026-27 में जिस समय 16वें वित्त आयोग की सिफारिशें लागू होंगी, सरकार को लोन किस्त व ब्याज की अदायगी के लिए 12,361 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी। अगले वित्त वर्ष यानी 2027-28 में लोन किस्त के 4,730 करोड़ व ब्याज के 8115 करोड़ रुपए को मिलाकर दोनों मदों में कुल 12845 करोड़ रुपये की देनदारी होगी। इसी प्रकार 2028-29 में लोन किस्त 5072 करोड़ व ब्याज अदायगी 8865 करोड़ को मिलाकर एक साल की देनदारी 13937 करोड़ रुपए रहेगी। वित्त वर्ष 2029-30 में लोन किस्त के 5347 करोड़ रुपए व ब्याज के 9595 करोड़ रुपए को मिलाकर कुल एक साल की देनदारी 14942 करोड़ रुपए होगी। अंतिम वित्त वर्ष यानी 2030-31 में लोन किस्त 6126 करोड़ रुपए व ब्याज अदायगी 10507 करोड़ को मिलाकर ये रकम 14942 करोड़ होगी। यानी पांच साल में लोन किस्त की अदायगी 26101 करोड़ रुपए व ब्याज के 44617 करोड़ रुपए को मिलाकर कुल पांच साल की देनदारी 70718 करोड़ रुपऐ होगी। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी और सरकार के लिए विकास कुछ भी नहीं है, जब से कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता संभाली है तब से केवल पैसों का रोना रोने का काम कांग्रेस के नेताओं से पकड़ रखा हैं।

# भारत की यूपीआई ने दुनिया में धूम मचाई : अनुराग ठाकुर

### अप्रैल-जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत में डिजिटल व कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा देने, पेमेंट्स के तरीके को सुगम बनाने व फिनटेक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए भारत के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई ) को डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा व सुगम माध्यम बताया है जिससे जन-जन के लिए बैंकिंग आसान हुई है। आंकड़ों के अनुसार यूपीआई से हर सेकेंड 3729 ट्रांजैक्शन, अप्रैल-जुलाई के बीच 81 लाख करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है।



अनुराग ठाकुर ने कहा,"भारत के वित्तीय तकनीक परिदृश्य में हो रहे बदलाव वास्तव में सामाजिक प्रभाव भी डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फिनटेक को बढ़ाया देने की नीति के चलते आज यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था तक पहुंच रहा है और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच वित्तीय सेवाओं में अंतर को पाटने में मदद कर रहा है। आज भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस को डिजिटल लेन-देन में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना है।

मोदी सरकार द्वारा साल 2016 में शुरू की गई यूपीआई ने भारत में डिजिटल लेनदेन को अत्यंत सुगम बनाया दिया है। लेन-देन समेत बैंकिंग सेवाओं को डिजिटल बनाने के मामले में भारत ने उल्लेखनीय तरक्की की है और प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस से इस वर्ष अप्रैल से जुलाई की अवधि में 81 लाख करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन हुआ है।

इसमें सालाना आधार पर 37 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। डेटा के अनुसार यूपीआई से प्रति सेकंड 3,729.1 लेनदेन हो रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 2,348 लेनदेन प्रति सेकंड था।

# सोलन में केक काटकर मनाया जिले का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के 52वें स्थापना दिवस पर माल रोड पर लोगों ने बच्चों के साथ केक काट कर खुशी मनाई। सोलन मालरोड स्थित शिव बेकर हर साल आम जन के साथ मिलकर इस दिन को मनाता है। केक को 52 फूलों से सजा कर विशेष रूप से तैयार किया गया।

समाजसेवी व शिव बेकर के एमडी मुकेश गुप्ता ने समस्त जिला वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है की हम सोलन जिला के निवासी है जो जिला निरंतर



तरक्की कर रहा है मशरूम उत्पादन के लिए सारे भारत मे जाना जाता है इसलिए सोलन को मशरूम सिटी भी कहते है।

कहानी-13

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है

**अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाएगा। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहेगा।**

**पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य मेल पर ही लिखकर भेजें।**

# जनप्रतिनिधि मौन, बरला तक सड़क पहुंचाए कौन?

### कांग्रेस और भाजपा सरकारों ने दिए आश्वासनों के लॉलीपॉप, बुजुर्गों का बनाया कच्चा रास्ता ही आवागमन का सहारा

आज हम बात करेंगे हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र की सोहारी पंचायत के तहत आते बरला गांव की। 'अनंत ज्ञान' ने जब गांव का दौरा किया तो पाया कि यहां के बाशिंदों के पास सुविधाओं के अभाव में जनप्रतिनिधियों, विधायकों, मंत्रियों और सरकार को कोसने के सिवाय कोई चारा नहीं बचा है। कारण, आज तक उनकी समस्याओं का हल न तो कांग्रेस सरकार निकाल पाई और न ही भाजपा सरकार। सब ने बारी-बारी सिर्फ आश्वासनों के लॉलीपॉप थमाए और वोट बटोरे।



रवि ठाकुर
हमीरपुर

यह गांव आजादी के 78 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से महरूम है। जनप्रतिनिधियों के मौन रहने से बरला गांव सड़क सुविधा से वंचित है। बुजुर्गों के समय से बना 200 साल पुराना कच्चा रास्ता ही आवागमन का एकमात्र जरिया है, लेकिन इस रास्ते को भी आज तक पक्का नहीं किया गया। गांव में यदि कोई बीमार हो जाता है तो उसे पालकी में बिठाकर या पीठ पर लादकर दो किलोमीटर का सफर कच्चे रास्ते से तय कर मुख्य सड़क तक पहुंचाना पड़ता है। बरला गांव एक हरिजन बस्ती है और इसमें करीब 12 परिवार रहते हैं।

गांव के लोग पढ़े-लिखे हैं और कई युवाओं ने तो डिप्लोमे भी किए हैं, लेकिन सरकार उनके रोजगार के बारे में नहीं सोचती। गांव के लोगों के पास जमीन भी कम है इस वजह से कृषि भी ज्यादा नहीं होती है। कई बार लोग इस गांव से पलायन करने का मन बनाते हैं, लेकिन गरीबी आड़े आ जाती है।




### फिसलन भरे कच्चे रास्ते से बच्चों का स्कूल पहुंचना कठिन

**नौनिहालों** को पैदल जंगल और नाले से होकर गुजरना पड़ता है। यदि थोड़ी सी बारिश हो जाए तो फिसलन भरे कच्चे रास्ते से स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचाना कठिन हो जाता है। ऐसे में मां-बाप कई बार बच्चों को स्कूल भेजने का रिस्क नहीं लेते। वैसे भी अभिभावकों को हर रोज अपने बच्चों को खुद स्कूल पहुंचाना और घर लाना पड़ता है, क्योंकि रास्ता जंगली है इस वजह से तेंदुए आदि आने का खतरा भी बना रहता है।



### गांव में नहीं अपना श्मशानघाट

**बरला** गांव में अपना श्मशानघाट तक नहीं है। अंत्येष्टि नाले में ही करनी पड़ती है। ग्रामीण जब प्रशासनिक आधिकारियों से मसला उठाते हैं तो वो कहते हैं गांव की अपनी मलकीयत भूमि नहीं है, इसलिए निर्माण नहीं हो सकता, लेकिन दूसरी ओर ग्रामीण तर्क देते हैं कि अधिकारियों ने आज तक गांव का दौरा कर मौका-ए-मुआयना नहीं किया। जब तक स्पॉट पर कोई नहीं आएगा तो मलकीयत और शामलात भूमि का फैसला कैसे होगा।



### सरकार ने लटकाए काम, नहीं मिलता बजट : पंचायत प्रधान



रणजीत सिंह बब्बी
प्रधान

**सोहारी** पंचायत के प्रधान रणजीत सिंह बब्बी ने माना कि बरला हरिजन बस्ती के लोगों की मांग जायज है। उन्होंने कहा कि इस गांव की सड़क के लिए हर बार पंचायत द्वारा प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेजा जाता है, लेकिन विभाग हर बार राशि स्वीकृत करने से इंकार कर देता है। गत वर्ष आपदा से हुए नुकसान के संदर्भ में भी इस गांव के लिए राशि जारी करने लिए प्रस्ताव भेजा था, लेकिन कुछ नहीं मिला। पंचायत इस गांव के लिए कम से कम एंबुलेंस योग्य सड़क बनाने की हर संभव कोशिश कर रही है, लेकिन बजट ही नहीं मिलता। सड़क बनाना पंचायत के बस का काम नहीं है। इसके लिए सरकार को आगे आने होगा। पीडब्ल्यूडी के नाम डीड बने तो मैं पंचायत की ओर से सरकार का सौ फीसदी सहयोग करूंगा। मैंने गांव की दूसरी तरफ से सड़क बनाने के लिए पचास लाख का सैल्फ डाला था, जिसकी एनओसी भी मिल गई थी, लेकिन वो अप्रूव नहीं हो पाया। सरकार सार्वजनिक कार्यों की मंजूरी नहीं दे रही है। इस समय पंचायत के करीब पच्चीस कामों के प्रस्ताव सरकार के पास लटके हैं।

### ग्रामीण बोले-सड़क बनने से लाभान्वित होंगे दस गांव



**ग्रामीणों** जीवन कुमार, बेली राम, रतनी देवी, सरवण दास, लेख राज, प्यार चंद, चरण दास, मंगत राम, संजीव कुमार, मोहिंदर सिंह और रमना कुमारी ने बताया कि गांव की समस्याओं के बारे में कई बार पंचायत प्रतिनिधियों और विधायक तथा सरकार को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी हमारी आवाज नहीं सुनी। ड्राइंग मास्टर का डिप्लोमा करने वाले जीवन कुमार कहते हैं कि कम से कम एंबुलेंस रोड तो जरूरी है। स्वास्थ सुविधा समय पर न मिल पाने के कारण अब तक तीन ग्रामीणों की असमय मौत हो चुकी हैं। ये हृदयविदारक घटनाएं उन्हें आज भी कचोटती हैं। वह मायूस होकर कहते हैं कि इस नारकीय जीवन से तो अच्छा है कि ईश्वर ग्रामीणों को मृत्यु ही दे दे।

उन्होंने बताया कि यदि इस गांव से सड़क निकलती है तो इलाके के दस गांवों टांगर, हुडलू, टेला, समताना और कठियाना आदि के बाशिंदे भी लाभान्वित होंगे। साथ ही धंगोटा तक पहुंचना आसान हो जाएगा और दूरी भी पांच किलोमीटर घट जाएगी।

### सीएम से मसला उठाएंगे : सुभाष ढटवालिया

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र से उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया का कहना है कि समस्या को लेकर बरला गांव के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मुझसे मिला है। जल्द ही मसला मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।

### नेता प्रतिपक्ष का सीएम सुक्खू पर तंज

# आर्थिक हालात ठीक है तो क्यों रुकी हैं भर्तियां : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश की खूब किरकिरी करवा रहे हैं। एक दिन विधानसभा के अंदर कहते है कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं, दूसरे दिन कहते है कि प्रदेश की आर्थिक हालत ठीक है। फिर कहते हैं कि हम प्रदेश की आर्थिक हालत सही कर रहे हैं। कभी कहते थे कि श्रीलंका जैसे हालत बन जाएंगे। तो क्या मुख्यमंत्री ने सदन में भी झूठ बोलकर प्रदेश के लोगों को गुमराह किया। प्रदेश के लोग सच में समझ नहीं पा रहे है कि सरकार कहना और करना क्या चाह रही है।



मुख्यमंत्री समेत सरकार के मंत्री सुबह कुछ कहते हैं और शाम को कुछ। सदन में कहते है कि सीपीएस, मंत्री और विधायक दो महीने का वेतन रुक कर तीसरे महीने में एक साथ लेंगे, लेकिन उसी शाम को पता चलता है कि मुख्यमंत्री अपने करीबी मित्र का मानदेय 30 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख तीस हजार कर देते हैं। हास्यास्पद यह है कि सरकार में बैठे बहुत लोग कहते हैं कि उन्हें इस प्रकरण की जानकारी ही नहीं हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर आर्थिक संकट नहीं है तो प्रदेश के युवाओं को रोजगार क्यों नहीं मिल रहा है। प्रदेश सरकार बेतहाशा कर्ज क्यों ले रही है। रिजल्ट जारी होने के बाद नियुक्तियां क्यों नहीं मिल रही है। प्रदेश में बेसहारा लोगों को आर्थिक संबल देने की सहारा योजना को क्यों बंद कर दिया गया। आज प्रदेश में हिमकेयर के तहत इलाज क्यों बंद हैं। हिम केयर के तहत लोगों की जान बचाने वाली ओपन हार्ट सर्जरी क्यों बंद है। क्यों लोगों को पहले से मिल रही सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। अगस्त महीने के आटे का पूरा कोटा डिपुओं में क्यों नहीं पहुंचा। सरसों के तेल के दाम डिपुओं 12 फीसदी क्यों बढ़ाए गए।

क्यों बिजली पानी के दाम बेतहाशा बढ़ाए जा रहे हैं। क्यों युवाओं के टीईटी और डीएलएड की प्रवेश परीक्षा फीस को बढ़ाकर दोगुना कर दिया गया। जनहित से जुड़े ऐसे सैकड़ों सवाल हैं जिससे सुक्खू सरकार भागना चाहती है। मुख्यमंत्री यह ध्यान रखें कि अब बहुत हो गया। विपक्ष सरकार को अपनी नीति और नीयत को सुधारने के लिए बहुत समय दिया, लेकिन डेढ़ साल के कार्यकाल से यह साफ है कि सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों में कोई रुचि नहीं ले रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से तबाह है। पुलिस अपराध पर नियंत्रण करने में रुचि नहीं दिखा रही है। मीडिया के माध्यम से पता चला कि नेरचौक अस्पताल में भी अराजक तत्वों द्वारा घुसकर उत्पात मचाया गया। प्रशिक्षु डॉक्टरों से मारपीट की गई। प्रदेश में लोगों के जान की हिफाजत करने वाले डॉक्टर्स भी सुरक्षित नहीं हैं।

# भाजपा राष्ट्रीयता पर आधारित पार्टी : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर, मंडलों में सदस्यता प्रशिक्षण अभियान के बाद जोन स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम करते हुए नहान शहर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीयता पर आधारित पार्टी है जिसमें देश प्रथम, पार्टी द्वितीय व स्वयं को अंतिम स्थान पर रखकर गरीब कल्याण और राष्ट्र विकास का लक्ष्य लेकर चलने वाली पार्टी है।



देश के अन्य सभी राजनैतिक दल परिवारवाद और परिवार पर आधारित दल है, जिनके लिए परिवार सर्वोपरि है, पार्टी दूसरे स्थान पर है और राष्ट्रीयता उसके बाद में है। डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा का सदस्य बनने वाला व्यक्ति भाजपा का कार्यकर्ता बनता है तत्पश्चात नेता, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर पहुंच सकता है। दूसरी पार्टियों में केवल परिवार ही प्रथम है। डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार जो सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही है, पूरी तरह से दिशा विहिन हो चुकी है।

20 महीने के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को हर स्तर पर नुकसान पहुंचाने का काम इस सरकार ने किया है। खजाना खाली का रोना रोते-रोते पूरा समय बीता दिया और जनता को धोखा देने के लिए तरह-तरह के नाटक रचकर सरकार मुख्य मुद्दों से ध्यान बंटाने में जुटी हुई है।

धोखाधड़ी

### लालच और नादानी में हिमाचल के लोग स्वयं लुटा रहे अपना पैसा

# सात माह में 44 करोड़ का हुआ फाइनेंशियल फ्रॉड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में करीब साढ़े 7 माह में ही 44 करोड़ रुपए का फाइनेंशियल फ्रॉड हो चुका है और लोग अपनी जमापूंजी लुटा चुके है। खास बात यह है कि यह फाइनेंशियल फ्रॉड न तो किसी के मोबाइल हैक करने से हुआ है और न ही अन्य किसी कारण है, अपितु लोगों ने स्वयं लालच और नादानी में अपने खून पसीने की कमाई गर्त में डाल रहे है।

इस अवधि में प्रदेश के साइबर थानों में करीब 110 मामले दर्ज किए जा चुके है, जिसमें लोगों ने अपने आप पैसों को डबल करने के चक्कर में या फिर अनभिज्ञता के कारण गंवा दिए है। यह मामले क्रिप्टो करंसी के अलावा है, जिसमें लोगों के साथ फाइनेंशियल फ्रॉड हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### सबसे अधिक 40 प्रतिशत मामले इंवेस्टमेंट फ्रॉड के आए सामने

**साइबर** सैल द्वारा पिछले साढ़े 7 माह के मामलों की जांच में पाया कि इनमें सबसे अधिक 40 फीसदी मामले इंवेस्टमेंट फ्रॉड के है। निवेश धोखाधड़ी तब होती है, जब लोग आपको पैसे निवेश करने के लिए धोखा देने की कोशिश करते है। वह चाहते है कि आप स्टॉक, बॉन्ड, नोट्स, कमोडिटी, करैंसी या यहां तक कि रियल इस्टेट में पैसा निवेश करें। एक धोखेबाज आपसे झूठ बोल सकता है या आपको वास्तविक निवेश के बारे में झूठी जानकारी दे सकता है।




दूसरा सबसे बड़ा फ्रॉड होता है स्टॉक मार्किट का। इसके करीब 30 फीसदी मामले सामने आए है। जब कोई भी अंदरूनी व्यक्ति शेयर बाजार में भौतिक, गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर शेयर की कीमतों में हेर-फेर करने के लिए सौदा करता है, तो इसे इनसाइडर ट्रेडिंग का मामला माना जाता है।

**15 से 20 फीसदी मामले ब्लॉक चेन के :** ब्लॉक चेन एक विकेंद्रीकृत, वितरित और सार्वजनिक डिजीटल खाता बही है, जिसका उपयोग कई कंप्यूटरों में लेन-देन रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है, ताकि रिकॉर्ड को बाद के सभी ब्लॉकों और नेटवर्क की सहमति के बिना पूर्वव्यापी रूप से बदला न जा सके। 10 प्रतिशत मामले ठगी के होते है, जिसमें बच्चे को पकड़ने सहित कई अन्य बातें कहकर पैसे ऐंठे जाते है। 5 फीसदी मामले सैक्सटॉर्शन के भी सामने आए है।

### लोग खुद न्योता न दें : चावला

**डीआईजी** साइबर क्राइम आईपीएस मोहित चावला ने कहा कि लोग खुद को ठगने का न्यौता न दें, अपितु सतर्क रहें और यदि किसी भी प्रकार की परेशानी है तो 1098 पर डायल करके तुरंत साइबर पुलिस को सूचित करें। जानकारी व अभाव के कारण लोग अज्ञानतावश या फिर पैसों को डबल करने के चक्कर में ऐसे लोगों के झांसे में आ जाते है, लेकिन साइबर पुलिस लोगों से बारंबार आग्रह करती है कि वह ऐसे किसी प्रलोभन में न आएं और पहले जांच परख लें और यदि संदेह है तो साइबर हैल्पलाइन नंबर-1930 पर कॉल करें।

### पैसे डबल करने के चक्कर में हुए शिकार

**केस-1:** हमीरपुर थाना के तहत कृष्णानगर के एक व्यक्ति ने रुपए डबल करने के नाम पर 14 लाख से अधिक रुपए गंवा दिए। ऑनलाइन तरीके से पैसे कमाने के चक्कर में युवक इसका शिकार हो गया।

**केस-2 :** चंबा जिला के डलहौजी के एक युवक ने ऑनलाइन इन्वैस्टमैंट के चक्कर में फंसकर 8.50 लाख रुपए से अधिक की राशि गंवा डाली। महिला दोस्त की बातों में आकर युवक ने यह राशि लगाई थी।

**केस-3 :** चार माह में दोगुना पैसा मिलने के लालच में बिलासपुर जिला के घुमारवीं के राकेश कुमार ने दोस्त के बहकावे में आकर 35 लाख रुपए लुटा दिया। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने भी इसमें पैसे लगाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अरनी विवि ने दिया एड्स से बचाव का संदेश




**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** अरनी विश्वविद्यालय इंदौरा के रेड रिबन क्लब ने इंदौरा में रैली निकालकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एचआईवी के प्रति लोगों को जागरूक किया। चांसलर डॉ. विवेक सिंह द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली में अरणी विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों मुस्कान पलक, सारांश, सिमरन आदि कई छात्र छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। कुलपति डॉ. विवेक सिंह ने बच्चों को समाज सेवा तथा लोगों के काम आने के लिए भी प्रेरित किया उन्होंने कहा कि रेड रिबन क्लब नियमित अंतराल पर की ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी पर जागरूकता शिविर आयोजित करता आ रहा है। डॉ. मनीष श्रीवास्तव वाइस चांसलर ने छात्रों को एक अच्छा जीवन जीने तथा समाज में एचआईवी से पीड़ित लोगों की सहायता करने के लिए प्रेरित भी किया। रेड रिबन क्लब का मकसद युवाओं को सही संकल्प और पर्याप्त जानकारी प्रदान करना है। इस मौके पर डॉ.नीरज भंडारी, डॉ. पूजा घोष, अमीषा, विवेक आदि उपस्थित रहे।

### समाजसेवी पूजन भंडारी ने बेटे संग किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** समाजसेवी पूजन भंडारी ने अपने बेटे शान भंडारी के साथ अपनी माता स्वर्गीय कृष्णा भंडारी की जयंती पर रविवार को रक्तदान करके समाज को बढ़िया संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि पहली सितंबर को माता की जयंती मनाई जाता है। अब वह जब तक हो सके हर पहली सितंबर को रक्तदान किया करेंगे। पूजन भंडारी ने अपनी माता की याद में 15वीं बार व बेटे शान भंडारी ने अपनी दादी की याद में 26वीं बार भगवान बुद्धा चैरिटेबल ब्लड सैंटर वीरता में रक्तदान किया है। वैसे भी वह अपने जन्मदिन पर व सालगिरह पर रक्तदान करते हैं।



### एंजल स्कूल में नेत्रदान के लिए किया प्रोत्साहित

**राकेश डोगरा, डरोह।** स्वास्थ्य विभाग भवारना द्वारा जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बता दें कि राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि दुनिया भर में अंधेपन से पीड़ित लोगों की दृष्टि लौटाई जा सके और वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस दौरान स्वास्थ्य पर्यवेक्षिका दया देवी ने बच्चों को आंखों की देखभाल एवं सुरक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने अध्यापकों एवं वहां आए हुए सज्जनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने वाले बच्चों को पैन वितरित किए गए । मुख्याध्यापिका सोनिया सूद ने इस गोष्ठी के आयोजन के लिए दया देवी का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)




# पौंग किनारे बिजाई बंद न हुई तो जाएंगे कोर्ट

## झील किनारे खेती बंद करवाने के लिए कृषि मंत्री चंद्र कुमार से मिला ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के अधीन पड़ते क्षेत्र की पंचायत समकेहड़ सहित दर्जनभर पंचायतों के प्रतिनिधि व लोग रविवार को कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के निवास स्थान ढन में पहुंचे तथा पौंग झील एरिया में साधन संपन्न परिवारों द्वारा की जा रही बुवाई को बंद करवाने की बात कही। इसके अलावा बाड़बंदी सहित तारबंदी को हटाने की भी मांग की।

पूर्व प्रधान कर्ण सिंह, पूर्व बीडीसी सुदेश कुमारी, प्यारे लाल, उत्तम चंद, सुशील कुमार, सौरभ, सोम राज, मदन धीमान पूर्व प्रधान, संजय कुमार, मग्घर सिंह, बाछला देवी, निशा देवी, रीना देवी वार्ड सदस्य, नीलम कुमारी, सुमन कुमारी, अनिता कुमारी, सुलोचना देवी, उषा देवी, स्नेह लता, कुशला देवी, माया देवी सहित सैकड़ों लोगों ने कहा कि झील किनारे खेती करने वाले कुछ परिवार फसल में जहरीली दवाई डालकर पशुओं को मार देते हैं तथा कई पशुओं को तेजधार हथियार से वार करके लहूलुहान भी कर देते हैं। बाड़ा बनाकर बेसहारा पशुओं को उसमें बंद कर देते हैं तथा बेसहारा पशु बिना पानी-घास के तड़प-तड़पकर दम तोड़ देते हैं।

उन्होंने कहा कि जब झील किनारे खेती करना प्रतिबंधित है तो फिर खेती क्यों करवाई जा रही है। लोगों ने कहा कि अगर झील किनारे बिजाई करना बंद न हुआ तो समस्त लोग एकजुट होकर कोर्ट का रास्ता अपनाएंगे तथा आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पंचायतों में घुसने नहीं देंगे। (अनंत ज्ञान)



पौंग झील क्षेत्र में ट्रैक्टर से बिजाई करते हुए।



पौंग झील क्षेत्र और इसके किनारे कृषि गतिविधियों का विरोध करते ग्रामीण।

### मांग नहीं मानी गई तो आगामी विस चुनाव में कांग्रेस को नहीं देंगे वोट



कृषि मंत्री चंद्र कुमार से मिलने पहुंचा ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल।

### सख्त कार्रवाई की जाएगी

वन्य प्राणी विभाग ने झील किनारे ट्रैक्टर चलाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है तथा वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर हल चलाने वालों पर कार्रवाई की बात कही है। अब झील किनारे किसी को भी खेती नहीं करने दी जाएगी तथा अगर कोई ट्रैक्टर हल चलाता पाया गया तो ट्रैक्टर को जब्त करने के साथ-साथ चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा। रविवार को भी वन्य प्राणी विभाग की टीम ने पुलिस की सहायता से सिद्धाथा क्षेत्र में वन्य प्राणी विभाग की जमीन पर हल चलाते हुए दो ट्रैक्टरों को जब्त किया है और दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीएफओ हमीरपुर रेजीनोड रॉयस्टोन ने बताया कि झील किनारे खेती करना प्रतिबंधित है तथा अगर कोई ट्रैक्टर हल चलाता पाया गया तो उसके खिलाफ केस दर्ज करके ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जाएगा। झील किनारे जिन लोगों ने बाड़बंदी या तारबंदी कर रखी है, उनको भी बख्शा नहीं जाएगा।

### डिपुओं में 4 तक नहीं मिलेगा राशन

**धर्मशाला।** धर्मशाला के समस्त राशन कार्ड धारकों को 2 से 4 सितंबर तक राशन की आपूर्ति डिपो बंद रहने के चलते नहीं मिल पाएगी। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह पंवर ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक राशन कार्ड लाभार्थियों का डाटा, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सर्वर से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सर्वर में स्थानांतरित किया जाएगा, जिस कारण ई पीओएस मशीनें कार्य नहीं करेंगी। 2 से 4 सितंबर तक उचित मूल्य की दुकानों में राशन नहीं मिलेगा।

### दी जंडौर कृषि सेवा सहकारी सभा का चुनाव 25 को

**डाडासीबा।** दी जंडौर कृषि सेवा सहकारी सभा के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि सभा की प्रबंधक कमेटी का चुनाव 25 सितंबर को होगा। इस दिन प्रात: 10 बजे से शाम 3 तक वोट डाले जाएंगे। उसके तुरंत बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र भरने की तिथि 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक होगी।

## लदोड़ी में शुरू हुई 33 स्कूलों की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता



**संजीव महाजन, नूरपुर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदोड़ी में पाठशाला प्रधानाचार्य नरोत्तम धीमान की अध्यक्षता में लड़कियों की तीन दिवसीय अंडर-19 ब्लॉक नूरपुर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विकास खंड अधिकारी अंशुल शंडियाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शारीरिक, मानसिक तौर से मजबूत बनाना तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि बढ़ाना है। स्कूल प्रधानाचार्य धीमान ने कहा कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षा खंड नूरपुर के 33 स्कूलों की लगभग तीन सौ छात्राएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में मुख्य चार खेलें खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल और बैडमिंटन के मुकाबले करवाए जाएंगे। वहीं, बीडीओ अंशुल शंडियाल ने कहा कि प्रतियोगिता में हार-जीत तो चली रहती है। सभी को अपना बढ़िया प्रदर्शन करना है। (अनंत ज्ञान)

## स्नेहा ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा



**पालमपुर।** पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव चिंबलहार की स्नेहा चौधरी ने नीट की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुरिंद्र पाल चौधरी तथा नीना चौधरी के घर जन्मी स्नेहा ने अपनी 12वीं की पढ़ाई माउंट कार्मल स्कूल ठाकुरद्वारा से 91.02 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की है। इसके पश्चात दिन-रात कड़ी मेहनत कर 608 अंकों के साथ नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्नेहा के पिता बीएसएनएल में एसडीओ हैं तथा माता गृहिणी हैं। स्नेहा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता तथा शिक्षकों को दिया है।

## घोडन में लड़कियों की खेल प्रतियोगिता शुरू

### इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यातिथि के रूप में की शिरकत

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घोडन में रविवार को ब्लॉक इंदौरा की जोनल स्तरीय अंडर-19 लड़कियों की खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य ने स्टाफ के साथ मुख्यातिथि का फूलमालों के साथ जोरदार स्वागत किया। वहीं, ध्वजारोहण के उपरांत विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने मार्चपास्ट के माध्यम से मुख्यातिथि को सलामी दी। चार दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 27 स्कूलों के 256 बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, वालीबॉल में अपनी प्रतिभा को उजागर करेंगे।



इस दौरान बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सरस्वती वंदना की सुंदर प्रस्तुति के उपरांत बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

मुख्यातिथि ने बच्चों को अपनी तरफ से 21000 रुपए की राशि दी। मुख्यातिथि विधायक मलेंद्र राजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई का जितना महत्व जिंदगी में हैं उतना ही महत्व खेलकूद का है।

उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं खेल गतिविधियों में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश सरकार द्वारा खेल गतिविधियों को बढ़वा दिया जा रहा है। प्राधानाचार्य ने कहा कि मस्तिष्क के विकास का साधन यदि शिक्षा है इससे बच्चों में स्नेह और मित्रता का भाव जागृत होता है। (अनंत ज्ञान)

# हेल्थ इज वेल्थ

## युवाओं में तेजी से फैल रहा हृदय रोग

**हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जिसका एक बड़ा कारण धूम्रपान है। अधिक युवा लोग हृदय संबंधी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं, जिससे बीमारी के प्रति समय पर जागरूकता और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शनिवार को ऊना में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए लिवासा अस्पताल, मोहाली के इस अवसर पर कार्डियक साइंसेज के अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स एंड रिसर्च डॉ. एचके बाली कार्डियक साइंसेज के अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स एंड रिसर्च डॉ. एचके बाली ने कहा कि भारत में लगभग 30 मिलियन लोग कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं। भारत में जल्द ही दुनिया में हृदय रोग के सबसे ज्यादा मामले होंगे। इसके अलावा भारत में 27 फीसदी मौतें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं।**



**युवा** भारतीयों में हृदय रोगों की बढ़ती प्रवृत्ति पर डॉ. बाली ने कहा कि 35 से अधिक पुरुषों में दिल के दौरे के मामले में भारत दुनिया में शीर्ष पर है और अगले दशक तक हृदय रोग भारत में मृत्यु और विकलांगता का सबसे बड़ा कारण होगा। हृदय रोग से पीड़ित लोगों की औसत आयु कम हो रही है और इन दिनों हमारे पास 25 वर्ष से कम उम्र के मरीज दिल के दौरे के साथ हमारे पास आ रहे हैं। डॉ. बाली ने कहा कि अब बड़ी संख्या में युवा भारतीय अपनी खराब जीवनशैली के कारण कोरोनरी धमनी रोग से पीड़ित हैं और अगर यह जारी रहा तो भविष्य और भी खतरनाक दिखता है।

डॉ. दीप्तिमान कौल ने कहा कि भारत में हृदय रोगों ने सबसे बड़े जानलेवा रोग के रूप में संचारी रोगों का स्थान ले लिया है। हालिया आंकड़ों के मुताबिक, शहरी आबादी का लगभग 30 प्रतिशत और ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 15 प्रतिशत आबादी उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे से पीड़ित है। जैसे-जैसे हृदय रोगों के जोखिम कारक बढ़ते हैं, वैसे-वैसे मृत्यु दर भी बढ़ती है। डॉ. दीप्तिमान ने यह भी साझा किया कि टाइप 2 मधुमेह वाले मरीजों में सामान्य आबादी की तुलना में हृदय की समस्या का खतरा 2 -3 गुना अधिक होता है। वर्तमान में भारत में मधुमेह से पीड़ित 100 मिलियन लोग हैं और यह संख्या बढ़कर 135 मिलियन होने की उम्मीद है। डॉ. एचके बाली ने कहा कि प्राथमिक एंजियोप्लास्टी, कॉम्प्लेक्स एंजियोप्लास्टी, बाइवेंट्रिकुलर पेसमेकर (सीआरटी), कॉम्बो डिवाइसेस, आईसीडी, कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग, टीएवीआर, पेरिफेरल आर्टरी जैसी सभी सुविधाओं के कारण लिवासा अस्पताल, मोहाली हृदय विज्ञान के लिए उत्कृष्टता का केंद्र बन गया है। लिवासा अस्पताल, मोहाली अब ईसीएचएस, सीजीएचएस, हिमाचल सरकार और सभी प्रमुख कॉरपोरेट्स के साथ सूचीबद्ध है।



डॉ. एचके बाली

### हृदय रोग के जोखिम को कम करने के तरीके

**धूम्रपान** न करें, अपने उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल जोखिमों को जानें, स्वस्थ वजन बनाए रखें, नियमित व्यायाम करें, कम संतृप्त वसा, अधिक सब्जियां और अधिक फाइबर खाएं, अपने लिपिड की जांच कराएं और ट्रांस फैट से बचें, शराब से बचें/संयमित मात्रा में सेवन करें, वार्षिक निवारक स्वास्थ्य पैकेज अपनाएं, योग, ध्यान द्वारा अपने तनाव को प्रबंधित करें, अपने होमोसिस्टीन स्तर को जानें।

**प्रस्तुतिः राजेश शर्मा, ऊना**





## गठिया के दर्द से परेशान हैं तो नियमित तौर पर करें एक्सरसाइज

**बारिश के मौसम में अर्थराइटिस यानी गठिया का दर्द ज्यादा परेशान करता है। यह एक ऐसा दर्द होता है, जो शरीर के किसी जोड़ पर हो सकता है। आमतौर पर हाथ, घुटने, कूल्हे और रीढ़ की हड्डी में यह ज्यादा परेशान करता है। गठिया का एक नहीं कई कारण हो सकता है, जिसमें आनुवंशिक, ज्यादा उम्र, चोट, संक्रमण, मोटापा और धूम्रपान शामिल हैं। पानी पीने से जोड़ों में चिकनाई बनी रहती है और वह कठोर होने से बच जाता है। जिससे अर्थराइटिस यानी गठिया का दर्द कम होता है और उससे काफी हद तक राहत मिल जाती है।**

### क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक अगर आप मानसून में गठिया के दर्द से परेशान हैं तो नियमित तौर पर एक्सरसाइज करें। इससे बॉडी फ्लैक्सिबल होगी और गठिया के दर्द से आराम मिल जाएगा। नमी वाली कंडीशन में वर्कआउट से बचें। वजन ज्यादा होने से गठिया का दर्द बढ़ सकता है। ज्यादा दबाव पड़ने के चलते यह दर्द बढ़ सकता है। जोड़ों पर दबाव कम करने के लिए वजन कंट्रोल करने पर ध्यान देना चाहिए। अर्थराइटिस के दर्द से आराम दिलाने में हेल्दी आहार काफी कारगर होता है। इसलिए खाने में फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन को जरूर शामिल करें।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

### ये उपाए आजमाएं

**बारिश** के मौसम में जोड़ों के दर्द से छुटकारा पाने के लिए गर्म या ठंडी सिंकाई करें। इससे काफी हद तक राहत मिल जाती है। कोल्ड कंप्रेस या आइस पैक का उपयोग भी काफी फायदेमंद होता है। डॉ. एन.के गुप्ता का कहना है कि दर्द बढ़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह अवश्य लें। ज्यादा पेन किलर लेना भी उचित नहीं है।

**प्रस्तुतिः मोहन चौहान, सोलन**

## इन चीजों को माना गया है मोटापे का दुश्मन

### ऐसे करेंगे इस्तेमाल तो तेजी से कम होगा बढ़ता वजन



**मोटापा बढ़ने से शरीर गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि वक्त रहते ही वजन कम कर लिया जाए। वजन कम करने के लिए आप आयुर्वेद के इन नुस्खों को जरूर आजमाए। आयुर्वेद में ऐसे कई चीजें हैं, जिन्हें वजन कम करने में बेहद शक्तिशाली माना गया है। खास बात यह है कि ये चीजें लगभग हर किसी के घर में पाई जाती हैं। आयुर्वेद में 5 ऐसे चीजें हैं, जिन्हें फैट बर्निंग के तौर पर जाना जाता है। ये वजन कम करने के साथ-हार्मोनल संतुलन, इंसुलिन संवेदनशीलता, कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) और ट्राइग्लिसराइड्स को बेहतर बनाने के साथ लिपोमा (वसा की गांठ) को कम करने में भी मदद करते हैं।**

**शहद :** आयुर्वेद के अनुसार शहद फैट बर्नर है यह पचने में हल्का होता है और कफ को कम करता है। इसे सुबह सबसे पहले गुनगुने पानी और नींबू के साथ 1 चम्मच लिया जा सकता है।

**जौ :** मोटापे से छुटकारा दिलाने में जौ बेहद फायदेमंद है। इसलिए एक्सपर्ट इसकी रोटी या भाकरी खाने की सलाह देते हैं। जौ का सेवन करने से सिर्फ मोटापा ही कम नहीं होता बल्कि मधुमेह और बैड कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल होता है।

**अदरक :** अदरक की तासीर गर्म होती है यह पाचन में सुधार करता है और हृदय स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। हर्बल ग्रीन टी में कद्दूकस किया हुआ अदरक डालकर भोजन से 1 घंटे पहले या बाद में पिएं। इससे वजन तेजी से कम होगा।

**हल्दी :** हल्दी वजन कम साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाती है। मोटापा कम करने के लिए आप खाली पेट आधा चम्मच शहद और आंवला के साथ चुटकीभर हल्दी का इस्तेमाल करें।

**आंवला :** आंवलावात, पित्त और कफ को संतुलित करता है और बॉडी को रिजुनवेट भी करता है। इसके सेवन से मधुमेह, हेयर फॉल और एसिडिटी के लिए बहुत अच्छा है।





## शरीर में इनकी कमी से हो सकती है बार-बार इंफेक्शन की समस्या

**हम** में से कई लोग होते हैं जिन्हें बार-बार इंफेक्शन की समस्या होती है, हालांकि हम इसे कई बार आम समझकर इग्नोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना हानिकारक हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन, मिनरल्स और अन्य पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, तो हमारी इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाती है, जिससे हम बार-बार बीमार पड़ने लगते है।

### विटामिन डी की कमी

विटामिन डी की कमी भी बार-बार इंफेक्शन का कारण बन सकती है। यह विटामिन हमारे शरीर को कैल्शियम सोखने में मदद करता है और हमारी हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके अलावा, यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता है। धूप में समय बिताकर, मशरूम, एग योक और विटामिन डी के सप्लीमेंट्स लेकर इसकी कमी को पूरा किया जा सकता है।

### विटामिन सी की कमी

विटामिन सी हमारी इम्यूनिटी के लिए बहुत जरूरी है। यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट का काम करता है, जो शरीर को हानिकारक फ्री रेडिकल्स से बचाता है। अगर विटामिन सी की कमी हो जाती है, तो शरीर को इन्फेक्शन से लड़ने की ताकत कमजोर हो जाता है। विटामिन सी की कमी से आपको बार-बार सर्दी-जुकाम हो सकता है। इसे दूर करने के लिए संतरे, नींबू, आंवला, और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन करना चाहिए।

### आयरन की कमी

आयरन की कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाता है, जो ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुंचाने में मदद करता है. अगर शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, तो इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है, जिससे बार-बार इंफेक्शन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### विनीत गर्ग ने बैजनाथ में किए भोलेनाथ के दर्शन



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विनीत गर्ग, उत्तर भारत क्षेत्रीय प्रमुख सुशील शर्मा एवं पश्चिम प्रांत प्रमुख मनोज रत्न ने रविवार को बैजनाथ के शिवमंदिर में भोलेनाथ जी के शिवलिंग के दर्शन किये और पूजा अर्चना में भाग लिया। उन्होंने मंदिर की निर्माण कला एवं स्थापत्य शैली में गहन रूचि प्रदर्शित की। भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के महासचिव अनुज आचार्य ने सभी महानुभावों को मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर भारत विकास परिषद् के अतिथियों को शाखा अध्यक्ष प्रीतम भारती, सचिव अनुज आचार्य, कोषाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, प्रांत महासचिव वीरेंद्र कौल, प्रांत मीडिया प्रभारी संजय सोनी, प्रांत संयुक्त सचिव डीआर ठाकुर और डॉक्टर प्रवीण शर्मा ने अंगवस्त्र पहनाकर और शिवधाम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित भी किया। भारत विकास परिषद् के पदाधिकारियों ने अपने हिमाचल प्रांत के इस दौरे में बाबा बैजनाथ के दर्शनों को अपने लिए सुखद एवं हितकारी बताया।

### कांगड़ा में कन्या खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यू कांगड़ा में रविवार को अंडर-19 जोनल स्तरीय कन्या खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ तहसील कांगड़ा उपमंडल अधिकारी इशांत जसवाल ने किया। इसमें 26 विद्यालयों की 220 छात्राएं भाग ले रही हैं। इस जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, आदि स्पर्धाएं करवाई जाएगी। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश महाजन जी के अतिरिक्त विद्यालय के एसएमसी प्रधान और सदस्यों तथा विभिन्न विद्यालयों से आए शारीरिक शिक्षक एवं अध्यापक उपस्थित रहे स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर शिवांगी और अन्य सहयोगी भी उपस्थित रहे।

### नगरोटा बगवां में शुरू हुईं छात्राओं की खेलें

**अनंत ज्ञान, नगरोटा** बगवां। पीएम श्री राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला छात्र



नगरोटा बगवां में रविवार को तीन दिवसीय जोनल स्तरीय अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्यातिथि भूमिका बाली व शारदा शर्मा द्वारा किया गया। इस प्रतियोगीता में 25 विद्यालयों की 244 छात्राएं भाग ले रही हैं। इसमें वॉलीबॉल, बैडमिंटन, खो-खो व कबड्डी प्रतियोगिताएं होंगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री दीपक मनु जी द्वारा मुख्य अतिथियों व बाहर से आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया वह बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए हुए प्रधानाचार्य संदीप अवस्थी, कुलदीप ठाकुर, मोनिका, रविंदर कुमार, पूनम शर्मा, निखिल शमा, अरुण नागपाल, जिला खेल संघ के सदस्य, राजकीय अध्यापक संघ के खंड प्रधान व वह उसके पदाधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज तथा प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डॉ. अमित शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान व सदस्य तथा स्थानीय पाठशाला के सदस्य उपस्थित रहे।

### गोस्वामी ने सद्दूं के विकास को दिए पांच लाख



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी ने कहा है कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार हिमाचल के विकास में भरपूर मदद कर रही है। सांसद इंदू गोस्वामी कांगड़ा जिला के तहत नगरोटा बगवां हलके के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रही थीं। नगरोटा बगवां हलके के तहत सद्दू पंचायत से नंबरदार, समाजसेवी व एंटी टेरेरिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू की अगवाई में प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलने पहुंचा था। इस दौरान लोगों ने सद्दू पंचायत में विकास कार्यों के लिए बजट की मांग रखी। बलविंद्र सिंह बबलू ने बताया कि सांसद ने उनकी मांगों को मानते हुए सद्दू में विकास के लिए पांच लाख रुपए जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद ने अन्य मांगों पर भी सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही है। इस पर सद्दू पंचायत प्रधान अर्चना कुमारी व ग्रामीणों ने सांसद इंदू गोस्वामी का आभार जताया है।

### 'कृषि विवि ने धेला नी कीता' टिप्पणी अपमानजनक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश



शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सलाहकार गोकुल बुटेल की कृषि विश्वविद्यालय पर टिप्पणी 'धेला नी किता पर कड़ा आक्रोश जताया है। उन्होंने कहा कि आईटी सलाहकार ने अपमानजक बयान देकर हिमाचल के किसानों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों, गैर शिक्षक कर्मचारियों व पालमपुर का अपमान है। शिक्षा के मंदिर के प्रति ऐसी घटिया स्तर की बयानबाजी सत्ताधारी कांग्रेस की सोच को दर्शा रही है। उन्होंने कहा कि जिस संस्थान से पालमपुर का नाम देश विदेश में ऊंचा हुआ है, उसकी उपलब्धियों को न जानना बताता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय में विदेश से पढ़े हिमाचल विरोधी मित्रों का जमावड़ा है। इसी विश्विद्यालय से हजारों युवा शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेशों में रोजगार और स्वरोजगार में जुटे हैं। पालमपुर के हर घर से कोई न कोई सदस्य विश्विद्यालय से परोक्ष या प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ा है। कृषि विश्वविद्यालय का जिक्र जब भी आता है, तो आंखों के सामने कितने ही अधिकारी और वैज्ञानिक दिखते हैं। मगर जिन्हें धेला ही नहीं दिखे, तो उन्हें अपनी आंखों का निरीक्षण जरूर कराना चाहिए। मुख्यमंत्री के सलाहकार बताएं कि पालमपुर के व्यापार को नष्ट करने के लिए पहले उन्होंने अंबानी के रिलायंस स्टोर को बतौर सलाहकार ऊंची बिल्डिंग लाखों के किराए पर देकर सामान्य व्यापारी को क्यों चोट पहुंचाई। अब कृषि विश्वविद्यालय के ऊपर आरोप जड़ दिया है।

# सीएम सुक्खू के प्रयासों से पकड़े गए बच्चे के किडनैपर

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

**पठानकोट में मासूम के घर पहुंचे इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन**

पठानकोट में अगवा किए गए मासूम को पंजाब पुलिस तथा हिमाचल प्रदेश द्वारा किए गए प्रयासों से छुड़वाने के लिए विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन पठानकोट में अपहरण किए गए मासूम के घर पहुंचे, यहां उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके द्वारा किए गए प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है। पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार दोपहर बाद हुई एक सनसनीखेज घटना में एक बच्चे को किडनैप करने के लिए हिमाचल प्रदेश के डलहौजी उपमंडल के नंबर की कार का इस्तेमाल किया गया। घटना के बाद हड़कंप मच गया, लेकिन पंजाब और हिमाचल पुलिस के संयुक्त प्रयासों से महज आठ घंटे के भीतर बच्चे को नूरपुर, हिमाचल से सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इस घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

अपहरण के मुख्य आरोपी के रूप में बीएसएफ के पूर्व कांस्टेबल अमित राणा निवासी नूरपुर की पहचान की गई है, जिसने अपने एक साथी के साथ मिल कर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि अमित राणा पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है और इसके खिलाफ मामले दर्ज हैं।

ऐसा माना जा रहा है किकिडनैपिंग में इस्तेमाल की गई कार पर जाली नंबर प्लेट लगाई गई थी। जब कार के असली मालिक का पता लगाया गया तो उसने बताया कि वह कार को टांडा मेडिकल कॉलेज में पार्क करके गया था, जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया। यह घटना पठानकोट के सैली मार्ग से हुई, जहां किडनैपरों ने बच्चे को किडनैप कर उसके परिजनों से दो करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की। पंजाब पुलिस ने इस घटना की जांच के दौरान मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों में उस कार की पहचान की, जो डलहौजी उपमंडल के नंबर प्लेट की थी। इसके बाद पंजाब पुलिस ने हिमाचल पुलिस से संपर्क किया और संयुक्त प्रयासों से बच्चे को सुरक्षित बरामद किया गया।

अपहरण का मास्टरमाइंड अमित राणा ने पहले भी आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपनी मौत का ड्रामा रचा था तथा 22 दिनों के बाद ही चंबा पुलिस द्वारा इसे बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया था। ऑनलाइन गेम में लुटाए थे लाखों रुपए, जिसके चलते 50 लाख रुपए का ऋण लेने के बाद भी पैसा नहीं चुका पाया था।

**सीसीटीवी फुटेज और पुलिस की जांच**

**पंजाब** पुलिस ने हिमाचल पुलिस के साथ सीसीटीवी फुटेज, बच्चे का हुलिया और किडनैपरों द्वारा भेजे गए फिरौती पत्र को साझा किया। इस सूचना के आधार पर हिमाचल पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की और किडनैपरों का पता लगाकर बच्चे को सुरक्षित बरामद किया। इस दिल दहला देने वाली घटना का अंत करने के लिए डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा का एक अहम योगदान रहा जिन्होंने लगातार खुद इस किडनैपिंग की को लेकर मोर्चा संभाला हुआ था तथा लगातार किडनैपरों की लोकेशन का पता वह लगा रहे थे, जिसके चलते उन्होंने जब जसूर से डिफेंस रोड पर उस कार का पीछा किया तो उन्होंने रात के अंधेरे में ओट पुल पर बच्चों को छोड़कर वह रात का अंधेरा होने के चलते वहां से फरार होने में कामयाब हो गए जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है इसकी सूचना उन्होंने तुरंत अपने आला अधिकारियों दी, जिन्होंने तुरंत पंजाब पुलिस से संपर्क करके बच्चे को सुरक्षित पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी जिले के पधर के ऋग्वेद ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प : चंद्र कुमार

## कृषि मंत्री ने जवाली जोन की अंडर -19 गर्ल्स जोनल खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि व पशु पालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला,पलोहड़ा में ज्वाली जोन की अंडर –19 गर्ल्स जोनल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एक से 3 सितंबर तक चलने वाली तीन दिवसीय इन प्रतियोगिताओं में 30 स्कूलों की 259 खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इस अवसर पर चंद्र कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में उल्लेखनीय वृद्धि की है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए सरकार ने डाइट मनी को 240 से बढ़ाकर 400 रुपए, जिला स्तर के लिए 300 रुपए और खंड स्तर के लिए 240 रुपए किया है। राज्य से बाहर खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली



डाइट मनी को 500 रुपए किया गया है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली यात्रा सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की है। मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए अपनी विधायक निधि से ग्यारह हजार रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया।

### प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल खोल रही राज्य सरकार

**कृषि** मंत्री ने कहा की युवा पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है । उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जिनमें स्मार्ट क्लास रूम,ऑडियो-वीडियो विजुअल टीचिंग और खेल जैसी सुविधाएं होंगी। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में बच्चों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक गंभीर विषय है और स्कूल अध्यापकों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को इस विषय के बारे चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने शून्य विद्यार्थियों वाले स्कूलों को बंद किया है और पांच से कम संख्या वाले विद्यालयों को मर्ज किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को दाखिल करवाने पर बल दिया। कृषि मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छी प्रतिस्पर्धा हो और बच्चे अपने स्कूल,अध्यापकों व अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। प्रो. चंद्र कुमार ने स्कूल के स्टेज पर शेड बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में साइंस ब्लॉक भवन के निर्माण के लिए भी पैसों का प्रावधान सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

# तालाब में डूबने से पांच वर्ष के मासूम की मौत

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन सोलदा पंचायत में एक पांच वर्षीय बच्चे की तालाब में डूबने से मौत होने का समाचार मिला है। मृतक बच्चे की पहचान पांच वर्षीय



ऋषव पुत्र विजय कुमार निवासी सोलदा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार बच्चा रविवार सुबह ही घर से गायब हो गया था तथा परिजन बच्चे को जगह–जगह ढूंढ रहे थे, लेकिन बच्चे का कोई अता–पता नहीं चला। पुलिस चौकी कोटला को इस बाबत सूचित किया गया तथा चौकी प्रभारी मौका पर पहुंच गए। घर के थोड़ी दूर स्थित तालाब को स्थानीय लोगों की मदद से खंगाला गया तो बच्चे का शव पानी के ऊपर आ गया। डीएसपी जवाली वीरी सिंह भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने कहा कि पुलिस ने केस दर्ज कर बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

### टांडा रेंज में आज व कल अभ्यास करेगी सेना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में सेना द्वारा 2 व 3 सितंबर को प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में स्वयं न जाने तथा मवेशियों को भी न भेजने की अपील की है, जिससे किसी भी प्रकार की जान–माल की हानि से बचा जा सके।

# कांगड़ा भाजपा 25 सितंबर तक 25 हजार नए सदस्य जोड़ेगी



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

मंडल भाजपा कांगड़ा ने भाजपा के सदस्यता अभियान में 25 सितंबर तक 25 हजार नए कार्यकर्ता जोड़ने का लक्ष्य रखा है। रविवार को मटौर में विधायक पवन काजल की अध्यक्षता में मंडल के बूथ अध्यक्षों, बूथ पालकों, बूथ लेवल एजेंट व मंडल कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

जिला भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा और सदस्यता अभियान प्रभारी अनिल चौधरी बैठक में विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में फैसला लिया गया कि सोमवार से शुरू होने जा रहे भाजपा के सदस्यता अभियान में पार्टी के पदाधिकारी डट जाएं। विधायक पवन काजल ने कहा कि कांगडा विस के हर कोने से भाजपा की गूंज सुनाई दे, इसके लिए सदस्यता अभियान का नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ज्यादा समय नहीं टिक पाएगा। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस ने जनता को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी और पंद्रह सौ रुपए के फार्म भरवाकर छला है। अब तो बिजली और पानी दोनों के बिल भी जनता को मिलने वाले हैं। प्रदेश की जनता सरकार को पलटने के लिए मौका ढूंढ रही है। (अनंत ज्ञान)

### जवाली के फारियां में मकान में लगी आग

**जवाली।** उपमंडल जवाली के अधीन फारियां पंचायत में मकान में आग लगने से सारा सामान जलकर राख हो गया। जानकारी अनुसार कुलदीप सिंह पुत्र प्रीतम चंद निवासी फारियां करडियाल रविवार दोपहर के समय घर में बैठे तो एकदम से मकान में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आखिरकार अग्निशमन विभाग जवाली को सूचित किया गया तथा सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम गाड़ी सहित मौका पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। पंचायत प्रधान जीवन कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त परिवार की आर्थिक सहायता की जाए।




**कटाक्ष** | कर्मचारियों, पेंशनर्स व जनता के लिए खजाना खाली, मित्रों पर धनवर्षा

# सरकार नहीं, फ्रेंड्स कैफे चला रहे सुक्खू : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार नहीं, बल्कि फ्रेंड्स कैफे चला रहे हैं। इस सरकार में कर्मचारियों, पेंशनर्स व आम जनता के लिए खजाना खाली है लेकिन मित्रों पर धनवर्षा जारी है। इसका ताजा उदाहरण



हाल ही में मुख्यमंत्री के एक मित्र के मानदेय में 300 प्रतिशत से भी ज्यादा की बढ़ोतरी करना है। भत्ते मिलाकर यह बढ़ोतरी करीब 500 प्रतिशत बनेगी। भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने जारी एक बयान में ये शब्द कहे। कुलदीप शर्मा का कहना है कि कांग्रेस जनता को हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आई थी लेकिन अब वही सपने जनता को डरा रहे हैं। जब भी जनहित के मुद्दों की बात आती है तो आर्थिक बदहाली का रोना मुख्यमंत्री रोते हैं लेकिन जब बात मित्रों की आती है तो कहीं आर्थिक बदहाली नजर नहीं आती। प्रदेश का खजाना दिल खोल कर मित्रों पर लुटाया जा रहा है। मुख्यमंत्री बताएं कि ऐसी क्या मजबूरी है कि मंत्रिमंडल के निर्धारित पद भरने के साथ विधायकों और अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कैबिनेट रैंक के साथ विभाग सौंपे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने परम मित्रों को हर हाल में खुश करने में लगे हुए हैं और जनता को इसकी भरपाई करनी पड़ रही है। राशन डिपुओं में 15 साल बाद आटा–चावल की कीमतें बढ़ना भी मित्रों पर किये जा रहे खर्च का ही परिणाम है।

**अनंत ज्ञान**

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**बेदखली सूचना**

**मैं** जोगिंदर सिंह पठानिया (70) पुत्र बेली राम पुत्र अमीर सिंह गांव चंगराड़ा डाकघर भपू तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 176401 हर खास व आम को सूचित करता हूं कि मेरा बेटा वरिंदर सिंह पठानिया और उसकी पत्नी सपना रानी दोनों ही मेरे व मेरी पत्नी के कहने से बाहर हैं। अत: मैं दोनों को इनकी संतानों सहित अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, जो भी इनके साथ किसी तरह से कोई लेनदेन करेगा, वह खुद जिम्मेदार होगा। मैं इनके किसी भी कृत्य के लिए उत्तरदायी न होंगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ढो वासियों ने रास्ते से मिट्टी को हटा कर किया साफ



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल की कंज्याण पंचायत के ढो ग्राम सुधार सभा के सदस्यों ने मिलकर गांव को जोड़ने वाले रास्ते से भूस्खलन की मिट्टी को श्रमदान से हटा कर रास्ते को साफ किया, जिससे ग्रामीण बेहद खुश हैं। अध्यक्ष मुकेश नेगी ने कहा कि ढो गांव को जाने वाले रास्ते में वर्ष 2023 में हुए भूस्खलन के कारण मिट्टी रास्ते पर पड़ी हुई थी। इससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम सुधार सभा के सदस्यों के साथ मिलकर रविवार को रास्ते पर पड़ी मिट्टी को उठाकर श्रमदान करके साफ किया है। इस दौरान ओम प्रकाश नेगी, मदन नेगी, जगरूप सिंह, अश्वनी कुमार, राजेश कुमार, उत्तम चंद, सुशील कुमार आदि का काफी सहयोग रहा।

### आंगनबाड़ी के पदों के लिए आवेदन 11 तक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बाल विकास परियोजना भोरंज के अंतर्गत 23 आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पड़े 23 पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 11 सितंबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भोरंज में सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 5 और सहायिका के 18 पद शामिल हैं। सांख्यिकीय सहायक सुनील कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कक्कड़-1, बढ़ार लोअर, द्रौंडला, भ्याड़-2 और खुराहल-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र ठारा, मनोह, कनकरी, साहनवी, रमेहड़ा, बुठवीं अग्निहोत्री, पट्टा-2, गरसाहड़-1, हनोह-2, पपलाह-2, सधरयाण, तरक्वाड़ी-1, मुंडखर तुलसी-1, सम्मू-2, जाड़, साहरवीं, लग और जाहू बाजार में सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। आवेदक महिला की आयु 18 से 35 वर्ष तक और शैक्षणिक योग्यता कम से कम बारहवीं पास होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपना आवेदन अपने पूर्ण विवरण एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां संलग्न करके 11 सितंबर को सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भोरंज में जमा करवा सकती हैं। उम्मीदवारों के साक्षात्कार 12 सितंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय भोरंज में आरंभ होंगे।

### स्वास्थ्य शिविर में 150 लोगों ने करवाई जांच



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ग्राम पंचायत जोल में मेडिकल एसोसिएशन जिला हमीरपुर के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा के नेतृत्व में निस्वार्थ सेवा भाव संगठन के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निस्वार्थ सेवा भाव संगठन के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा ने कहा की संस्था नर सेवा नारायण सेवा भाव से समाज में कार्य कर रही है और हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग की निस्वार्थ भाव से सेवा करना है। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने जोल पंचायत में लगभग 150 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की और दवाइयां वितरित की। डॉ. डोगरा ने लोगों को बरसात में होने वाले जल जनित रोगों जिनमें पीलिया, डेंगू, टाइफाइड व चर्म रोगों से बचाव हेतु जानकारी भी दी। शिविर के सफलता पूर्वक आयोजन में स्थानीय युवाओं रणबीर, प्रधान सुरेश (काकू), अमित, राजू, रवि, सौरव, विशाल, लक्की व विक्की ने अपना योगदान दिया।

### पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों के लिए नामांकन 11 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला की पंचायतीराज संस्थाओं में रिक्त हुए 15 पदों पर उपचुनाव की सूचना जारी कर दी गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर की विभिन्न पंचायतीराज संस्थाओं के रिक्त पदों में जिला परिषद वार्ड नंबर-1 बगेहड़ा के सदस्य का पद, विकास खंड भोरंज की ग्राम पंचायत भकेड़ा में प्रधान, विकास खंड बमसन की ग्राम पंचायत स्वाहल और विकास खंड नादौन की ग्राम पंचायत भदरोल में उपप्रधान का पद शामिल हैं। इनके अलावा ग्राम पंचायत गोईस, रैल, उट्टप, कमलाह, बड़सर, घोड़ीधबीरी, नाहलवीं, भकेड़ा और लग-कढियार में पंचायत सदस्य का एक-एक पद तथा ग्राम पंचायत बड़ाग्रां में पंचायत सदस्य के दो पद रिक्त हैं।

अमरजीत सिंह ने बताया कि इन पदों के लिए नामांकन पत्र 11, 12 और 13 सितंबर को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। 16 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 18 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसी दिन शाम को उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। अगर आवश्यक हुआ तो मतदान 29 सितंबर को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान के बाद प्रधान, उपप्रधान और पंचायत सदस्यों के मतों की गिनती शुरू कर दी जाएगी और शाम तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, जिला परिषद के मतों की गिनती 30 सितंबर को संबंधित विकास खंड के मुख्यालय में होगी।

### महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत बलोह में महिला ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान लता देवी ने की। उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता, स्वास्थ्य व महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज कुमारी ने पोषाहार माह व एक पेड़ मां के नाम के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। सितंबर माह को पोषाहार माह के रूप में मनाया जाता है इसमें गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं व 6 साल तक के बच्चों के पोषण में सुधार लाकर पोषण मिशन को सफल बनाना है व एक पेड़ मां के नाम पर ग्राम पंचायत भवन के परिसर के पास पौधा भी लगवाया। इस अवसर पर कार्यकर्ता सरोज कुमारी ने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि एक-एक पेड़ अवश्य लगाएं व अपने बच्चों से भी लगवाएं। इस अवसर पर निर्मला देवी, ममता कुमारी, विद्या देवी, मीना जसवाल आदि उपस्थित रही।

## फटेहाल सीवरेज

# पेयजल योजनाओं के दूषित होने का बढ़ा खतरा

## एक दर्जन से ज्यादा चैंबर ओवरफ्लो, सारा सीवरेज मिल रहा खड्ड में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



वार्ड नंबर 2 में ओवर फ्लो हो रही सीवरेज।

शहर की सीवरेज की हालत अब लगातार खराब होती जा रही है। इसके चैंबर कई जगहों पर ओवरफ्लो हो रहे हैं। एक-दो दिनों से नहीं यह सिलसिला लंबे समय से जारी है। अब वार्ड नंबर 2 में भी इसी तरह के चेंबर पिछले कुछ दिनों से लगातार ओवरफ्लो हो रहे हैं। वहां पर सीवरेज पाइपलाइन मुकम्मल तौर पर बंद हो चुकी हैं। सारी सीवरेज नाले में बह रही है। यह सीवरेज जिस खड्ड में मिलता है, उस पर कम से कम एक दर्जन पेयजल योजनाएं इलाके के लोगों को पीने का पानी मुहैया करवा रही हैं।

एक बार सीवरेज लाइन बंद हुई, तो फिर समझ लो इसकी मरम्मत तक यहां नहीं हो पा रही है। जल शक्ति विभाग और सीवरेज की मरम्मत करने वाला अमला कितना लापरवाह है? इसका आभास इसी बात से चल जाता है, कि उन्हें ओवरफ्लो होकर नालों में बह रही सीवरेज से कोई लेना-देना नहीं है।

वार्ड नंबर 2 में 15 दिनों से सीवरेज ओवरफ्लो हो रही है। यहां इससे पहले भी 3 महीनों तक सीवरेज ओवरफ्लो होती रही है। अब एक पॉइंट को ठीक तो कर दिया गया है, लेकिन आगे चलकर उसी का दूसरा हिस्सा ब्लॉक हो चुका है।

जिस कारण सारे के सारे तीन चैंबर खुले में गंदगी बिखेर रहे हैं। उनका सारा पानी नाले में बह रहा है। यह नाला हथली खड्ड में जाकर मिलता है। वार्ड नंबर 3 में भी यही स्थिति कई जगह पर देखी जा सकती है। कई पॉइंट सीवरेज के लीक हो रहे हैं।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को जिस अलग-अलग मुख्य पाइपलाइन से जोड़ा गया है। उसके प्वॉइंट कम से कम 6 जगह पर लीक हैं और उनकी सारी गंदगी खड्ड में बह रही है। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं एसडीओ**

**जब** शक्ति विभाग के एसडीओ राकेश सोनी का कहना है कि इसकी जानकारी है। कई जगह पर इसे ठीक कर दिया गया है। बरसात के इस मौसम में लोगों के घरों का रेन वाटर भी इसमें कई लोगों ने डाल रखा है। और कपड़े या कुछ अन्य सामान भी सीवरेज पाइपलाइन में मिल रहा है। जो चिंता का विषय है। इसी वजह से ब्लॉक हो रही है।

### बाहल पटियालां स्कूल की एसएमसी ने शिक्षक पुरस्कार की चयन प्रक्रिया पर लगाया प्रश्न चिन्ह

**एसके ठाकुर, बड़सर**

▸ शिक्षक सुशील ने स्कूल के विकास के लिए किए हरसंभव प्रयास



जेबीटी शिक्षक सुशील कुमार जो कि स्कूल उत्थान कार्य में लगा रहता है। (फाइल फोटो)

हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार की चयन प्रक्रिया पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाहल पटियालां की स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान व अभिभावकों ने प्रश्न चिन्ह लगाया है। उनका मत है कि जेबीटी शिक्षक सुशील कुमार ने पाठशाला के चहुंमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयत्न किए हैं, लेकिन फिर भी राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार में शामिल नहीं हैं।

शिक्षक सुशील कुमार ने पाठशाला में बच्चों का नामांकन 10 से 40 तक पहुंचाया, बच्चों के शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया। पाठशाला में पूर्णतया अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू की। गरीब विद्यार्थियों को स्वंय स्मार्ट वर्दियां व लेखन सामग्री उपलब्ध करवाई। पाठशाला में कंप्यूटर की व्यवस्था की। छुट्टी के दिनों में पाठशाला के सौंदर्यीकरण में शिक्षक ने स्वयं ही पाठशाला की चारदीवारी, शौचालयों व बच्चों के बैठने के लिए डैस्कों पर स्वयं पेंट भी किया। इसके साथ-साथ लोगों से बच्चों को उक्त पाठशाला में पढ़ाने लिए प्रेरित किया। परिणामस्वरूप लोगों ने अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों से निकालकर इस पाठशाला में दाखिल करवाया।

शिक्षक की अपनी बेटी भी इसी पाठशाला में पढ़ती है। सभी प्रयासों के बाबजूद भी ऐसे शिक्षक का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार में नहीं होना समझ से परे है। अध्यक्ष शशिपाल शर्मा व अन्य ने सरकार से आग्रह किया है कि राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार चयन प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाए, ताकि दिन-रात बच्चों को समर्पित अध्यापकों को उनकी मेहनत का मेहनत नामा मिलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## पुतड़ियाल वासी पेयजल किल्लत से परेशान

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

**पंचायत प्रतिनिधि द्वारा समस्या बताने पर भी विभाग ने नहीं किया समाधान**



उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के गांव पुतड़ियाल के निवासी पिछले चार दिनों से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। गांव वासियों का कहना हैं कि उन्हें अपनी पेयजल समस्या के निवारण के लिए वर्तमान समय दूरदराज के प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा हैं।

जल शक्ति विभाग द्वारा गांव के लिए पानी की आपूर्ति के लिए जो पाइप डाली है उसका बॉल काफी दिनों से लीक कर रहा है, उस बॉल को ठीक करने के लिए गांव वासियों ने कई बार जलशक्ति विभाग के स्थानीय कर्मचारियों से बात की, लेकिन आज दिन तक इस पाइप लाइन को ठीक नहीं किया। गांव पुतड़ियाल के निवासी संजीव कुमार, सुशील कुमार, अरुण कुमार, सुलोचना देवी निम्मो देवी आदि ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को अतिशीघ्र पेयजल समस्या को हल करने के निर्देश दिए जाएं।

ग्राम पंचायत पुतड़ियाल के पंचायत उपप्रधान संजीव कुमार ने इस समस्या की पुष्टि करते हुए बताया कि इस समस्या के बारे में स्थानीय कर्मचारियों को बताने के बाबजूद फिर भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इस बारे में जलशक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता रजत कुमार का कहना है कि उक्त गांव के लोगों द्वारा उनसे इस विषय पर कोई शिकायत नहीं की है। ऐसी बात हैं तो अतिशीघ्र इस समस्या का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## 'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' ने जोल पंचायत में लगाया मेडिकल कैंप

### संस्था 'नर सेवा नारायण सेवा' भाव से कार्य कर रही : मोहन डोगरा

**अतुल, सुजानपुर**



मेडिकल कैंप के सफल आयोजन के बाद 'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' के पदाधिकारी।

सुजानपुर ब्लॉक की जोल पंचायत में मेडिकल एसोसिएशन जिला हमीरपुर के अध्यक्ष डाक्टर सुरिंद्र सिंह डोगरा के नेतृत्व में 'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' के सौजन्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

'निस्वार्थ भाव सेवा संगठन' के अध्यक्ष रिटायर्ड प्रिंसिपल मोहन सिंह डोगरा ने शिविर के आयोजन को लेकर कहा कि संस्था 'नर सेवा नारायण सेवा' भाव से समाज में कार्य कर रही है और हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग की निस्वार्थ भाव से सेवा करना है। शिविर में लगभग 150 लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां वितरित की गईं।

डॉ. सुरिंद्र डोगरा ने लोगों को बरसात में होने वाले जल जनित रोगों जिनमें पीलिया, डेंगू, टाइफाइड व चर्म रोगों से बचाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन में स्थानीय युवाओं रणबीर, सुरेश प्रधान (काकू), अमित, राजू, रवि, सौरव, विशाल, लकी व विकी ने अपना योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## करोड़ों की लागत से संवर रहा सम्मू ताल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कई दशकों से उपेक्षित पड़े और दलदल में तबदील हो चुके भोरंज के ऐतिहासिक सम्मू ताल के अब दिन फिरने लगे हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू की अनुकंपा और विधायक सुरेश कुमार के प्रयासों से सम्मू ताल सजने-संवरने लगा है। मुख्यमंत्री ने सम्मू ताल के संरक्षण, संवर्द्धन और सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग के माध्यम से दो करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।



बजट का प्रावधान होते ही इसका कार्य भी आरंभ कर दिया गया है और अब यह ऐतिहासिक ताल एक सुंदर आकार लेने लगा है। दलदल की जगह अब एक सुंदर एवं निर्मल सरोवर को देखकर लोग इसकी खूब तारीफ कर रहे हैं। दरअसल, कई दशकों से लगातार उपेक्षा के कारण सम्मू ताल धीरे-धीरे दलदल में तबदील हो गया और लगभग लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया था। लेकिन, प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ विधायक सुरेश कुमार बने तो उन्होंने इस ताल के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करके इसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का संकल्प लिया। विधायक के इस संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने अपना भरपूर आशीर्वाद दिया और सम्मू ताल के लिए पर्यटन विभाग के माध्यम से दो करोड़ रुपए का प्रावधान किया।

मुख्यमंत्री के इस निर्णय से अब सम्मू ताल का कायाकल्प हो रहा है और वह दिन दूर नहीं, जब यह ताल एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट एवं पर्यटक स्थल के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। सम्मू ताल के साथ ही मुख्यमंत्री ने एक अन्य विकासात्मक प्रोजेक्ट का कार्य भी आरंभ करवाया है। यहां लगभग 3 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से आधुनिक बस अड्डे का निर्माण किया जा रहा है।

**3.30 करोड़ रुपए की लागत से बस स्टैंड का भी हो रहा है निर्माण**

भोरंज में कई दशकों से एक अदद बस अड्डे की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, लेकिन यह प्रोजेक्ट कभी भी धरातल पर नहीं उतर पाया। भोरंज में इस बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने के लिए भी मुख्यमंत्री ने बजट का प्रावधान किया और आज सम्मू ताल के पास ही एक आधुनिक बस अड्डे का निर्माण कार्य भी चल रहा है। कुल-मिलाकर, सम्मू ताल में इन दोनों विकासात्मक परियोजनाओं पर लगभग 5 करोड़ 30 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं और यह स्थान अब अपनी एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर हो रहा है।

## सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर की बदबू से आम जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



बड़सर विधानसभा क्षेत्र के मुख्यालय में स्वच्छता मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। लोग सड़क किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं, जिससे बदबू फैल रही है। सड़क किनारे फेंके गए कूड़े से फैल रही बदबू से लोगों का यहां से गुजरना दूभर हो गया है।

बता दें कि बड़सर मुख्यालय से गारली से बिझड़ी की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे गंदगी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। दुकानदारों और आम लोगों द्वारा सड़क के किनारे फेंकी के गंदगी के चलते बदबू फैल गई है, जिसके कारण आम लोगों को सड़क से गुजरने में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय प्रशासन और ग्राम पंचायत द्वारा सड़क किनारे कूड़ा फैंकने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे लोगों को इस गंदगी से छुटकारा मिले। स्थानीय लोगों में सतीश कुमार, राजेश कुमार, संदीप शर्मा, सोनू कुमार, पवन कुमार, सुधीर शर्मा, नितिन शर्मा, मुकेश कुमार आदि ने बड़सर प्रशासन से मांग की है कि जो लोग सड़क किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखनी चहिए उन्हें भारी जुर्माना होना चाहिए तभी जाकर सुधार हो सकता है।

एसडीएम का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे संदीप कुमार ने कहा कि बाजार कमेटी सदस्यों के साथ बैठक करके समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी करवाई अमल में लाई जाएगी।

### नयासत फाउंडेशन ने गोद लिया बाल स्कूल नादौन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन को स्वयंसेवी संस्था नयासत फाउंडेशन ने गोद लिया। जानकारी देते हुए प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने बताया कि सरकार द्वारा स्कूलों में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह योजना नई शिक्षा नीति के तहत चलाई गई है। इसके अंतर्गत हर एक प्रशासनिक अधिकारी कोई भी एक स्कूल गोद ले सकते हैं और सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी भी स्कूल को गोद लेकर उसका उत्थान करने में अपना योगदान दे सकते हैं। छात्रों के करियर परामर्शदाता के रूप में कार्य कर सकते हैं।

### सरेड़ी में महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, नादौन।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर द्वारा नादौन उपमंडल के गांव सरेड़ी में महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के दौरान रविवार को एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में निदेशक अजय कतना ने प्रतिभागी महिलाओं को मुद्रा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डिजिटल बैंकिंग, एटीएम, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और वित्तीय साक्षरता से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल ठगी और अन्य आनलाइन फ्रॉड के प्रति भी आगाह किया। इस शिविर में महिलाओं को वस्त्र, आभूषण और अन्य उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## डुंगरी गांव के लिए होगा सड़क का निर्माण

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज विधानसभा क्षेत्र की रौंही पंचायत के डुंगरी गांव में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निपटारा किया।

उन्होंने स्थानीय संतोषी माता मंदिर परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं के उनके घर-द्वार पर दूर करने के लिए विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि लोगों को समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेजयल और ग्रामीण विकास का प्रमुखता दे रही है, लेकिन इन समस्याओं को दूर करने में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पिछले 35 वर्षों में अनदेखा किया गया है, जबकि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व भाजपा के विधायक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी हल के लिए 18 माह से कार्य किया जा रहा है। सबसे पहले मेवा-बमसन पेयजल योजना को भोरंज मंडल के अधीन किया गया है, ताकि भोरंज विस क्षेत्र की जरूरत के मुताबिक 75 लाख लीटर पानी मिल सकें। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव किया जा रहा है। भोरंज सिविल अस्पताल में आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मांग पर स्थानीय पटवारघर से डुंगरी गांव तक सड़क का प्राथमिकता से निर्माण करने व पानी की समस्या को दूर करने के लिए गांव को जोड़ने वाली पाइप लाइन बदलने की घोषणा की। इस दौरान भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, चमन लाल शर्मा, मुकेश बन्याल, डॉ. दीप चंद, प्रधान रंजना देवी, उपप्रधान राजेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सहूलियत

### आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में मरीजों की सुविधा के लिए लगाए जाएंगे 20 बेड

# पंचकर्म चिकित्सा पद्धति से असाध्य रोगों से पीड़ित मरीज हो रहे ठीक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**





जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर तथा (दाएं) आयुर्वेदिक अस्पताल में पंचकर्म करने के लिए उपयोग की जा रही मशीनें।

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में मरीजों को पंचकर्म की सुविधा प्रदान की जा रही है। पंचकर्म पद्धति से कई असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों को लाभ हुआ है। इस पद्धति को जारी रखने के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों के लिए 20 बिस्तरों की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, प्रदेश सरकार की अनुमति के बिना कोई नया कार्य या मशीनरी नहीं खरीदी जा रही है। जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में पहले 30 बिस्तरों की व्यवस्था थी, लेकिन अब 20 बैड मरीजों की सुविधा के लिए और लगाए जा रहे हैं।

इसके अलावा पंचकर्म पद्धति से उपचार करने के लिए नई मशीनें भी खरीदी जाएंगी, जिससे मरीजों को अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधा मिले। आयुर्वेदिक अस्पताल प्रशासन ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में उपायुक्त से नई पंचकर्म में प्रयोग होने वाली दो मशीन लेने का आग्रह किया था, जिसे मंजूर कर लिया गया है।

बता दें कि जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर में प्रतिदिन ओपीडी में 150 मरीज अपनी जांच करवाने के लिए आ रहे हैं। मरीजों को अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधा मिले इसके लिए अस्पताल प्रबंधन वर्ग पूरे प्रयास कर रहा है। अस्पताल में स्टाफ की बात की जाए तो 4 आयुर्वेदिक डॉक्टर और एक विशेषज्ञ है, जबकि एक शिशु विशेषज्ञ का तबादला हो गया है, जबकि लैब टेक्नीशियन भी सेवानिवृत्त होने वाला है।

अस्पताल में करवाए जाने वाले टेस्ट निशुल्क नहीं है इसे भी निशुल्क करने का प्रावधान किया जा रहा है। कोरोना काल में मेडिकल कॉलेज द्वारा जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में जिला कोविड अस्पताल बनाया था अब वहां पर 20 बेड लगाए जा रहे हैं। आयुर्वेदिक अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

हालांकि, पहले भी कैमरे लगे हुए हैं, लेकिन अब 8 नए कैमरे लगाने का प्रावधान किया है जिससे पूरे अस्पताल परिसर पर नजर रखी जाएगी। इसके अलावा आयुर्वेदिक अस्पताल में जनरेटर की सुविधा नहीं है। बिजली जाने के बाद मरीजों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इसी समस्या को देखते हुए अस्पताल में जरनेटर लगाया जाएगा, जिससे बिजली जाने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य अधीक्षक**



**इस** बारे में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए 20 बेड लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा अस्पताल में कैमरे, लाइटें, मशीनरी और जनरेटर की व्यवस्था करने के लिए प्रदेश सरकार से अनुमति ले ली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की अनुमति के बिना कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 4.39 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक दबोचे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इच्छाधारी मंदिर गगरेट के समीप पुलिस ने हमीरपुर जिला के दो युवकों से 4.39 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। मामले में पुलिस ने तरुण कुमार निवासी थहडू रैल और सुजल चौधरी निवासी दाहल नादौन को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के खिलाफ गगरेट थाना में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी चिट्टा कहां से लेकर आए इस बात का फिलहाल पुलिस पता लगा रही है। जानकारी के मुताबिक गगरेट पुलिस के मुलाजिम होशियारपुर रोड पर इच्छाधारी मंदिर के पास गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस को किसी से गुप्त सूचना मिली। जिसके आधार पर पुलिस ने बाइक सवार युवकों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से 4.39 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने तरुण कुमार और सुजल चौधरी को हिरासत में ले लिया। एसपी राकेश सिंह ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ केस रजिस्टर्ड किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद आगामी कार्रवाई अमल में जाएगी।



### शिक्षा उपनिदेशकों की कार्यप्रणाली अनुकरणीय: राजन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** वर्तमान में लेक्चरर केडर से ऊना जिला के हायर एजुकेशन के उपशिक्षा निदेशक राजेंद्र कौशल और एलिमेंट्री के उपशिक्षा निदेशक सोमलाल धीमान की अनुकरणीय कार्यप्रणाली से जिले के स्कूलों के चाहे वह स्कूलों के विकास से संबंधित हो या कर्मचारियों के कार्य से संबंधित छात्रहित से संबंधित कार्य हो बहुत सुधार आया है। कर्मचारियों के जिला उपशिक्षा अधिकारी के कार्यालय से संबंधित कार्यों का जल्द निपटारा हो रहा है जो सराहनीय है। वर्तमान में दोनों उपशिक्षा निदेशक लेक्चरर कैडर से हैं और वर्षो से अनुभव होने के कारण विभागीय कार्यो को अनुकरणीय ढंग से कर रहे हैं, किसी भी कर्मचारी का एसीपी, स्कूलों के भवन या अन्य कोई कार्य हो किसी को भी असुविधा नहीं हो रही है। लेक्चरर संघ ने इनकी अनुकरणीय कार्यप्रणाली की प्रशंसा की है। संघ के संगठन एवं प्रेस सचिव राजन शर्मा ने बताया कि हमारे अधिकारी वर्ग के पास हम जब भी किसी विभागीय कार्य के लिए जाते हैं वह तुरंत होता है।

### ढ्यूंगली में लोगों ने किया पौधरोपण



**विनोद शर्मा, लठियानी।** हिमाचल प्रदेश में मनाए जा रहे वन महोत्सव उपमंडल बंगाणा की पंचायत ढ्यूंगली के गांव नेरी के मुक्तिधाम गोविंद सागर के किनारे प्रधान कमल सिंह की देख-रेख में पौधरोपण किया किया। स्थानीय बुजुर्गों इस पौधारोपण में बहुत ही सहयोग किया। कमल सिंह ने कहा कि गर्मियों में जंगल जल रहे थे और बारिश भी नहीं हो रही थी। प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश में अधिक से अधिक पौधे लगाने पर ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत मुक्तिधाम गांव नेरी में गांव वासियों के सहयोग से पौधरोपण किया गया प्रधान कमल ने कहा कि पौधे लगाने से वातावरण साफ-सुथरा होगा और पौधों से ऑक्सीजन भी शुद्ध मिलेगी व वन संपदा में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पौधरोपण तो हर वर्ष होता है, लेकिन उनकी देखभाल करना भी जरूरी होती है अगर देखभाल नहीं होगी तो फिर जितने भी पौधरोपण कर लो इसका लाभ नहीं होगा। इसलिए हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने हैं। इस अवसर पर वार्ड पंच उर्मिला ठाकुर, नसीब सिंह राणा किशन सिंह मैहर, ज्ञान चंद, जितेंद्र सिंह, राजू बलविंद्र कानूगो, भूतपूर्व सैनिक सुरेश ठाकुर, राजेश कुमार,इशु, सुख देवी, रतनी देवी, नरेश कुमार आदि कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### संतोषगढ़ उपमंडल में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विद्युत उपमंडल संतोषगढ़ के सहायक अभियंता हरि मोहिंद्र मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 2 सितंबर को अगर मौसम ठीक रहा तो सुबह 8 बजे से शाम 2 तक या काम खत्म होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली लाइनों के उचित रख-रखाव हेतु विद्युत उपमंडल संतोषगढ़ के अंतर्गत पड़ते गांवों संतोषगढ़, नंगड़ा, फतेहपुर, खानपुर, सनोली, मजारा, मलूकपुर, पूना, बीनेवाल, अजौली, छतरपुर ढाडा इत्यादि सभी गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बारिश सहायक अभियंता ने जनता से सहयोग की अपील की है।

# श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है डेरा बाबा रुद्रानंद का अखंड धूना

## मुबारिकपुर स्थित डेरा बाबा रुद्रु अमलैहड़ में शुरू हुआ धार्मिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

देवताओं एवं ऋषि मुनियों की तपस्थलियों के लिए हिमाचल प्रसिद्ध है तथा देवभूमि के नाम से विख्यात है। इन्हीं देव स्थलों में से एक गगरेट क्षेत्र में मुबारिकपुर से 6 किलोमीटर दूरी पर डेरा बाबा रुद्रानंद अमलैहड़ तपस्थली महात्मा अच्युतानंद के नाम से जाना जाता है। इस आश्रम में रविवार से आठ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई है। यह स्थल ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

इस पावन तपस्थली के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि आज से करीब 300 वर्ष से अधिक पूर्व महाराजा रणजीत सिंह के समय में दक्षिण बंगाल से आए एक महान तपस्वी स्वामी अच्युतानंद ने यहां तपस्या की थी। डेरा के प्राचीन इतिहास से जुड़ी चमत्कारिक दंतकथा के अनुसार महाराजा रणजीत सिंह अपने शासन से जुड़े ठाकुरदास नामक व्यक्ति से किसी बात पर क्रोधित होकर उसे दंड देने के लिए तैयार थे। मगर ठाकुर दास ने अपनी चालाकी से भागकर पावन डेरा क्षेत्र में पहुंचकर महात्मा अच्युतानंद जी की शरण ले ली। उस समय इस क्षेत्र में डेरे की अद्भुत दिव्य शक्ति के प्रभाव से सेना सहित डेरा पर आक्रमण करने की नीयत से पहुंचे महाराजा रणजीत सिंह तथा उनके सैनिक अंधे हो गए। कई दिनों तक कुछ भी न दिखाई देने



पर महाराजा रणजीत सिंह को इस डेरे की दैविक शक्ति का आभास हुआ तो उन्होंने महात्मा अच्युतानंद जी से क्षमा याचना की।

राजा द्वारा क्षमादान देने के बाद ठाकुर दास डेरे में ही सेवा करने लगे। एक अन्य प्रचलित कथा के अनुसार जब पठानों द्वारा महाराजा रणजीत सिंह के साथ हुए युद्ध में उनके कई सैनिकों को मार डाला तथा उनके राज्य पर कब्जा कर लिया। महाराज रणजीत सिंह ने युद्ध छोड़ डेरा अमलैहड़ में महात्मा अच्युतानंद जी की शरण में आकर अपनी विजय के लिए वरदान की प्रार्थना की। महात्मा अच्युतानंद जी ने राजा रणजीत सिंह के समक्ष प्रस्ताव रख कर विजयश्री का आशीर्वाद दिया। इसी बात को पूरा करने के लिए पठानों पर आक्रमण कर उनको हराकर डेरे के लिए युद्ध में जीती धन दौलत तथा 108 नरमुंड चढ़ाए तथा डेरे के लिए भूमि दान दी।

राजा के ऐसा करने पर उसकी सेना के सेनापति क्रोधित हो उठे ऐसा होने पर महात्मा अच्युतानंद जी ने उन नर मुंडों पर जलधाराएं छोड़ीं, जिससे नरमुंड पुनर्जीवित हो उठे। इस बार कुशोत्पाटिनी अमावस्या डंगास पर्व सोमवार एक सितंबर को धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन भजन-कीर्तन व जयकारों से डेरा का आसपास के क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय रंग में डूब जाता है। इस अवसर पर लंगर में लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### क्या है कुशोत्पाटिनी अमावस्या का महत्व

**इस** दिन 'कुशा' का विशेष महत्व है कुशोत्पाटिनी से अभिप्राय है कि इस दिन पवित्र बूटी कुशा नामक दैविक अनुष्ठानों में प्रयोग की जाने वाली बूटी ब्राह्मणों द्वारा उखाड़ी जाती है। जिसको धार्मिक कार्यों के लिए उपयोग में लाया जाता है, वहीं ब्राह्मणों द्वारा अपने जजमानों को वितरित की जाती है, ताकि उसका उपयोग किए जाने वाले धार्मिक कार्यों में किया जा सके तथा अनुष्ठान की पवित्रता बनी रहे।

### डेरा अमलैहड़ से निकली विशाल शोभायात्रा



**डेरा** बाबा रुद्रानंद आश्रम अमलेहड़ ठाकुरद्वारा में 8 सितंबर को सप्तऋषि मूर्ति स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रविार को विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो अमलेहड़ डेरा से मुबारिकपुर, भरवाई, ढलियारा, नैहरनपुखर, प्रागपुर गरली से कालेश्वर महादेव पहुंची। रविवार को भव्य शोभायात्रा डेरा अमलैहड़ से पूजा-अर्चना के साथ सुबह महाराज श्री हेमानंद जी की अगुवाई में आरंभ हुई। इस अवसर पर धार्मिक भजन कीर्तन व जयकारों के साथ क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान हजारों लोगों ने महाराज जी का आशीर्वाद भी लिया। बता दें कि सोमवार 2 से 7 सितंबर तक भजन संध्या के रूप में आयोजित की जाएगी। इस शोभायात्रा में मुख्य सेवक सतपाल शास्त्री, गगरेट के विधायक राकेश कालिया, विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन बबलू, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, राजेश ठाकुर व अन्य भी पहुंचे।

## हटली पंचायत में दो लोगों की मौत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत हटली में रविवार को दो लोगों की मौत का समाचार मिला हैं। बंगाणा पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर उना अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है और मामले की जांच की जा रही है।

डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत हटली के हटली सुलतानू में सड़क पर बनी पुली के पैराफिट पर बैठे विनोद कुमार धीमान पुत्र उधम सिंह गांव हटली अचानक चक्र आने से पुली के नीचे गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं, हटली पंचायत के गांव रिवाड़ के पास खड्ड में एक प्रवासी मछली पकड़ने गया था, लेकिन खुद मौत का ग्रास बन गया। एक गहरी बनी झील के पास खड़ा होकर उक्त प्रवासी मछली पकड़ने का प्रयास कर रहा था, लेकिन उक्त स्थल पर पानी गहरा होने के कारण खुद भी पानी में गिर गया और डूब गया। जब घास लेने गए लोगों ने देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उना अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ज्ञात रहे पुलिस हटली पंचायत में हुई दो मौत की जांच में जुटी हुई है।

**एक पैराफिट से गिरने और दूसरे ने खड्ड के पानी में डूबने से गंवाई जान**

## संगठन को मजबूत करना प्रत्येक कार्यकर्ता का मुख्य लक्ष्य होना जरूरी: देवेंद्र भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व विधायक एवम भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो की अध्यक्षता के संपन्न हुई। इस बैठक का उद्देश्य भाजपा सदस्यता अभियान जो आज से शुरू हो रहा है, उस पर विशेष चर्चा हुई।

भुट्टो ने कहा कि रविवार से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है। यह अभियान हर घर, हर परिवार तक दस्तक देना चाहिए और हर बूथ स्तर पर 300 से ज्यादा भाजपा के सदस्य बनाने होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा आज देश ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। इसका श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है, जो दिन-रात मेहनत करके पार्टी को बुलंदियों तक लेकर जा रहे है। इस मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा, कुटलैहड़ भाजपा महामंत्री राजेंद्र मलांगड़, अशोक कुमार भाटिया, किशन चंद शर्मा, तिलकराज बांटा के अलावा अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भुट्टो ने बैठक में कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में हर बूथ पर भाजपा सदस्यता अभियान हर कार्यकर्ता सक्रिय होकर करेगा और अपने बूथ के हर परिवार तक सदस्यता अभियान लेकर जाएगी। और कुटलैहड़ के हर परिवार तक भाजपा का सदस्यता अभियान पहुंच कर हर व्यक्ति को भाजपा का सदस्य बनाने पर बल होगा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा के पास कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जो हर समय पार्टी सेवा के लिए समर्पित रहते हैं।



भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा करते हुए भाजपा नेता देवेंद्र भुट्टो।

## भंजाल स्कूल ने विधायक का किया आभार व्यक्त

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के लिए छात्रों को बैठने हेतु शिक्षा विभाग ने 40 डेस्क दिए हैं। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, डीपी विनोद ठाकुर, अधीक्षक रजनी शर्मा व सभी स्टाफ सदस्यों मुकेश कुमार, सुशील कुमार, राजन कुमार आदि ने विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने पिछले दिनों पाठशाला में एक कार्यक्रम के दौरान पाठशाला को दो लाख मंजूर किए थे, इसके लिए भी पाठशाला स्टाफ, एसएमसी प्रधान, पंचायत उपप्रधान राजेश ठाकुर ने विधायक का धन्यवाद किया है।

## हर पंचायत में लगाए जाएंगे 100 पौधे: विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर कुटलैहड के विधायक विवेक शर्मा ने लुढ़ेर में पौधरोपण किया और कहा कि कुटलैहड़ की 62 पंचायतों को 6200 पौधे दिए जाएंगे। जिसमें से हर पंचायत को 100 पौधे प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा पहला दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर धरती को हरा भरा करें।

पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी पहली जिम्मेदारी है। ऐसा कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन की जटिलताओं को कम कर सकते हैं। हम सभी को समय देकर प्रकृति के लिए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। हमारे बेहतर कल के लिए आज प्रकृति का संरक्षण करना बहुत हीं अनिवार्य है। विधायक ने कहा कि हर पंचायत में जो सौ पौधे दिए गए है। उन्हे पंचायत प्रतिनिधि रोपण भी करेंगे और तीन वर्षों तक उनकी देखभाल का संकल्प भी लेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने क्लीन हिमाचल और ग्रीन हिमाचल का नारा दिया है और यह नारा तभी सार्थक हो सकता है, जब हम सभी मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। विधायक ने कुटलैहड़ की प्रत्येक पंचायत में 100 पौधे लगाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारा पहला दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा करें। वर्तमान में पर्यावरण की अवहेलना के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। जिससे पशु पक्षियों और मनुष्य के जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि हम कुटलैहड़ विस क्षेत्र की हर पंचायत स्तर से विकास को गति प्रदान करने के पंचायतीराज विभाग को आदेश दिए हैं। 15 सितंबर तक कुटलैहड़ की सभी पंचायतों से हमने विकास की रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कुछ पंचायत ऐसी हैं, जहां पर विकास पर स्वीकृत धनराशि विभाग के पास वैसे ही पड़ी है।



विधायक विवेक शर्मा लुढ़ेर में पौधे वितरित करते हुए।

## 'फ्रॉम वेयर इट बेगिंस' के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जहां महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय से पूरा भारत देश अवगत है और बीते दिनों कोलकाता में डॉक्टर बेटी के साथ हुए दुष्कर्म ने एक बार फिर पूरे भारत को हिला दिया है। आज देखा जाए तो भारत की स्थिति दो अहम चेहरों में दिख रही है, जहां पहले चेहरे में 1947 से 2012 तक आजाद हुए भारत से निर्भया केस तक और 2012 से 2024 में डॉक्टर बेटी के साथ हुई खौफनाक घटना साफ जाहिर करती है कि भारत में महिलाएं आजादी के 78 साल बाद भी पूर्ण रूप से सुरक्षित नहीं हैं।

वहीं हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना के हिमकैपेस इंस्टिट्यूट आफ प्रोफेशनल स्ट्डीज बढेड़ा में लॉ और नर्सिंग के स्टूडेंट्स द्वारा महिलाओं के खिलाफ हो रहे अन्याय, जुर्म को रोकने के लिए एक दिवसीय जागरूकता अभियान 'फ्रॉम वेयर इट बेगिंस' आयोजित करवाया गया। जागरूकता अभियान में स्टूडेंट्स द्वारा समाज में महिलाओं की स्थिति के बारे में बताया गया। इस अभियान में बच्चों ने सबसे पहले महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय और जुर्म के बारे में बताया, साथ ही दूसरे भाग में बच्चों ने महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार के बारे में अपने नाटक में बताया गया। तीसरे भाग में बच्चों द्वारा सबसे अहम मुद्दे दुष्कर्म के बारे में अपने एक्ट के जरिये यह बताने की कोशिश की हमारा समाज एक रेप विक्टिम को किस नजर से देखता है और कार्यक्रम के अंतिम मोड़ पर बच्चों ने छोटी बच्ची से लेकर एक बुजुर्ग महिला की स्थिति के बारे में बताया।



हिमकैपस में कार्यक्रम के दौरान अध्यापक और प्रतिभागी।

**सूडोकु 0044** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0043 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 सितंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण **तिथि** अमावस्या पूर्ण रात्रि : **नक्षत्र** मघा (12:21), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** शिव (6:19) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55 - 12:45 तक, **राहुकाल** (7:34 - 9:10)।

### विशेष दिन

- 2 सितंबर 2024 : सोमवती अमावस्या आज।
- 3 सितंबर : भाद्रपद अमावस्या कल।

**मेष:** अनजान लोगों से संबंध स्थापित होंगे। जीवनशैली में परिवर्तन से लोग अचंभित होंगे। आय के नए स्रोत सामने आएंगे।

**वृषभ:** अपनी समझदारी से रुके कार्य पूरे करेंगे। यश प्राप्ति के योग हैं। व्यवसायिक कार्यप्रणाली सुधरेगी। नई योजना बनेगी।

**मिथुन:** कई दिनों से रुके कार्य पूरे होंगे। अपने व्यवहार को नम्र रखें। पिता की चिंता रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**कर्क:** अपने वाक् चातुर्य से कार्यस्थल पर सभी का मन जीत लेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। निवेश में हानि संभव है।

**सिंह:** अपमानित होने से बेहतर है कि अपनी आदत को सुधार लें। व्यवसाय में लाभ हो सकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** व्यवसाय में प्रयास सफल रहेंगे। उत्साह वृद्धि होगी। सुख के साधन मिलेंगे। शत्रु परास्त होंगे। यात्रा सुखद रहेगी।

**तुला:** किसी के बारे में ज्यादा सोचना ठीक नहीं है। जल्दबाजी न करें, काम बिगड़ सकते हैं। अस्वस्थता रह सकती है।

**वृश्चिक:** क्रोध की अधिकता से बने काम बिगड़ जाएंगे। राजकोप का सामना करना पड़ सकता है। अस्वस्थता रहेगी।

**धनु :** कारोबार में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सबको साथ में लेकर चलें। आर्थिक संकट संभव है। कुसंगति हानिकारक रहेगी।

**मकर:** संतान के किये कार्य मन को सुख देंगे। गृहस्थ सुख मिलेगा और प्रसन्नता रहेगी। बकाया वसूली होगी।

**कुंभ:** साझेदारी में किये कारोबार में तरक्की होगी। धनलाभ होता रहेगा। नया मकान व दुकान खरीदने के योग हैं।

**मीन:** सुख-सुविधा के सामानों पर खर्च होगा। पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। जिद न करें, परिजनों की बात मानें।

**श्रद्धा** | हिमाचल की पावन धरा, जहां कण-कण में भक्ति और आस्था की रची-बसी गूंज

# पर्यटन को नई दिशा देगा 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल की पावन धरा, जहां कण-कण में भक्ति और आस्था की गूंज रची-बसी है, अब एक नई परंपरा की साक्षी बनने जा रही है। इस देवभूमि की पवित्रता और आध्यात्मिकता का अनुभव जन-जन तक पहुंचाने और प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाई पर ले जाने के उद्देश्य से हिमाचल सरकार ने 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव' का आयोजन करने का निर्णय लिया है। 14 से 16 सितंबर तक ऊना जिले के अंब में आयोजित होने जा रहा यह महोत्सव केवल एक उत्सव मात्र नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति, और समृद्धि का एक महाकुंभ होगा।

माता श्री चिंतपूर्णी, जिन्होंने अनादि काल से अपने भक्तों की चिंताओं का निवारण किया है, अब इस महोत्सव के माध्यम से एक नया और अद्वितीय अनुभव प्रदान करने वाली हैं। इस तीन दिवसीय महोत्सव में धर्म, संस्कृति और मनोरंजन का ऐसा अद्वितीय



संगम देखने को मिलेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए एक यादगार अनुभव बनेगा। यह आयोजन हिमाचल की धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को वैश्विक मंच पर लाने का एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और साथ ही यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गति देने में सहायक सिद्ध होगा।

महोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर को माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा के साथ होगी, जो एसडीएम कार्यालय अंब तक जाएगी। यह शोभायात्रा एक अलौकिक अनुभव होगा, जहां हर कोई धर्म और श्रद्धा के भावों से सराबोर होकर माता की कृपा का अनुभव करेगा

इस महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक संध्याएं, खेल प्रतियोगिताएं, और अन्य गतिविधियां हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत करेंगी। सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 2 से 4 सितंबर तक अंब कॉलेज में कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे, जिससे प्रदेश के प्रतिभाशाली कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा मेला मैदान अंब में सजने वाला बाजार और बच्चों के मनोरंजन के लिए लगने वाले झूले आदि आकर्षण को चार चांद लगाएंगे। इस महोत्सव की यादों को अमर बनाने के लिए एक विशेष स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। इसमें माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के इतिहास के साथ-साथ ऊना जिले की समृद्ध परंपराओं, धरोहरों, और साहित्यिक विरासत पर आधारित लेख प्रकाशित किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति अपने लेख 7 सितंबर तक ईमेल पर भेज सकते हैं।

### सीएम और डिप्टी सीएम का विजन

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 'माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव' की परिकल्पना को साकार करने का बीड़ा उठाया है। उनका यह विजन न केवल राज्य में धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा, बल्कि हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर को भी एक नई पहचान दिलाएगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए करीब 250 करोड़ रुपए का महत्वपूर्ण निवेश कर रही है, जिससे इस पवित्र स्थल की भव्यता और भी निखरेगी।

### पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर होगा साबित

**जिला** प्रशासन ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया है। उपायुक्त जतिन लाल की अगुवाई में पूरा प्रशासनिक अमला इस महोत्सव के सफलतम आयोजन के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटा हुआ है, ताकि यह महोत्सव प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित हो सके।

**अनुशासित** मन सुख की ओर ले जाता है और अनुशासनहीन मन दुख की ओर ले जाता है। -दलाई लामा

## संपादकीय

# कर्ज का मर्ज

हिमाचल प्रदेश का आर्थिक संकट दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। वर्तमान में सुक्खू सरकार 86,600 करोड़ के कर्ज के बोझ तले दबी हुई है। अगर यही हाल रहा, तो सरकार को स्थिति संभालनी मुश्किल हो जाएगी। आखिर इस कर्ज का मर्ज कैसे निकाला जाए? इस मसले पर सरकार की परेशानी बढ़ती ही जा रही है। सरकार दिन-रात इस सोच में डूबी है कि आखिर कर्ज के इस भंवरजाल से बाहर निकला कैसे जाए? आर्थिक तंगी इस कदर हो गई है कि कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार का सारा खजाना खाली हो गया है। सरकार को हर महीने सैलरी और पेंशन देने के लिए 2000 करोड़ की जरूरत होती है। इसमें से 1200 करोड़ सैलरी, जबकि शेष बचे 800 करोड़ पेंशन पर खर्च हो जाते हैं। हिमाचल पर प्रति व्यक्ति कर्ज एक लाख 17 हजार रुपए तक पहुंच गया है, लेकिन सरकार अपनी बल्ले-बल्ले करवाने के चक्कर में महिलाओं को 1500 रुपए देना भी बंद नहीं कर पा रही है। करे भी कैसे, क्योंकि कांग्रेस ने खुद ही सत्ता में आने के लिए चुनावी वादा जो किया था। अभी भी सरकार आर्थिक तंगी का हवाला देकर नारी शक्ति से माफी मांग ले, तो शायद सरकार की स्थिति सुधर भी जाए।

अगर सरकार ऐसा करने में कामयाब रहती है, तो उसे 1500 रुपए महीना महिलाओं को न देने की एवज में 800 करोड़ का फायदा हो सकता है। यानी यह 800 करोड़ सीधे-सीधे सरकार के खजाने में महफूज रह सकते हैं। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की संस्कृति वैसे तो पूरे देश में ही है, लेकिन हिमाचल में शायद कुछ ज्यादा ही मुफ्त की रेवड़ियां बांट दी गई हैं। सरकार को अपनी भूल का अब अहसास तो हो गया है, लेकिन वह अपने वादों से मुकरने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए एक तरफ मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य संसदीय, बोर्ड व निगमों के चेयरमैन के दो महीने के वेतन और भत्तों पर रोक लगा रही है तो वहीं, कामगार बोर्ड के चेयरमैन की सैलरी एक लाख रुपए बढ़ा दी गई है। आखिर ये हो क्या रहा है? एक तरफ सरकार आर्थिक संकट का रोना रोती है, तो दूसरी ओर अपने चहेतों को खुश करने से बाज नहीं आती। सरकार के ये बेतुके फैसले उसी पर भारी पड़ रहे हैं। निश्चित रूप से इससे विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। आजकल वैसे भी विधानसभा का मानसून सत्र चला हुआ है और अब विपक्षी भाजपा सदन में इस मसले पर फिर हो-हल्ला करेगी।

कर्ज के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष में फिर जमकर वार-पलटवार होगा। विपक्ष में बैठी भाजपा कर्ज के बहाने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर निशाना साधने से नहीं चूकेगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू राज्य की आर्थिक बदहाली के लिए पूर्ववर्ती भाजपा सरकार को दोषी करार देने में लगे हैं तो वहीं भाजपा सरकार को अल्पमत में लाने की जी तोड़ कोशिश अभी भी जारी रखे हुए है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान कर्ज का आधिकारिक आंकड़ा सामने आया है। सरकार ने सदन में जानकारी दी है कि उसने जीपीएफ के अगेंस्ट पहली जनवरी 2023 से 31 जुलाई 2024 तक 2 हजार 810 करोड़ का लोन लिया है। सीएम सुक्खू ने बताया कि हिमाचल सरकार ने 15 दिसंबर, 2022 से लेकर 31 जुलाई, 2024 तक कुल 21 हजार 366 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। इस दौरान सरकार ने 5 हजार 864 करोड़ कर्ज की वापसी भी की है। सदन को बताया गया कि कुल शुद्ध कर्ज का आंकड़ा 15 हजार 502 करोड़ बनता है। इस अवधि में कुल 21 हजार 366 करोड़ रुपए का कर्ज लिया गया। लोन पर सरकार के आंकड़े निश्चित रूप से डराने वाले हैं। वित्त वर्ष 2022-2023 में आखिरी तिमाही यानी 15 दिसंबर 2022 से लेकर 31 मार्च 2023 तक सुक्खू सरकार ने 6 हजार 897 करोड़ का कर्ज लिया। इस अवधि में 1 हजार 97 करोड़ कर्ज वापस भी किया।

वित्त वर्ष 2023-24 में पहली अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक कुल 10 हजार 521 करोड़ का सरकार ने लोन लिया। इस दौरान 3 हजार 481 का लोन वापस भी किया गया। वित्त वर्ष 2024-25 में पहली अप्रैल 2024 से लेकर 31 जुलाई 2024 तक 3 हजार 948 करोड़ का कर्ज लिया गया और 1 हजार 286 करोड़ रुपए के कर्ज की वापसी भी हुई। सरकार को अब चाहिए कि वह अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अपने ही संसाधन जुटाने के बारे में सोचे, क्योंकि केंद्र की तरफ से अब तक सिर्फ लॉलीपॉप ही मिले हैं। केंद्र हिमाचल की कोई सहायता नहीं करने वाला है। जाहिर है स्थिति विकट हो गई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार अपने प्रयासों से इस गंभीर समस्या का हल निकाल लेगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिमाचल के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री

**शांता** कुमार भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। हिमाचल के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री बनने का खिताब इनके नाम है। सूबे में वह भारतीय जनता पार्टी के खासे कद्दावर नेता के तौर पर जाने जाते हैं। उन्होंने सियासत को भले ही अलविदा कह दिया हो, लेकिन हिमाचल प्रदेश की राजनीति में अभी भी उनका दबदबा कायम है। उन्हें सूबे की जनता को बेहतरीन तरीके से समझने वाले नेता के तौर पर माना जाता है। वे दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। सियासत के इतिहास में अपने खुद के वोट से ही सीएम बनने वाले नेता और पानी वाले मुख्यमंत्री की अनोखी पहचान हमेशा कायम रहेगी। वे एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक लेखक व साहित्यकार के रूप में भी जाने जाते हैं। पेयजल को लेकर जो लोगों की दिक्कत थी इन्होंने इसे बखूबी समझा और उसके निवारण के लिए कदम उठाए व हर घर को शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया।


शांता कुमार
जन्म : 2 सितंबर, 1934

शांता कुमार ने गढ़जमूला से पंच निर्वाचित होकर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। वह 1977 से 1980 तक पहली बार जनता दल से मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 1990 से 1992 तक दोबारा प्रदेश की कमान संभाली। इसके अलावा 1989 में पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए। इसके बाद 1998 व 1999 से 2004 तक तीसरी बार और 2014 से 2019 तक चौथी बार लोकसभा सदस्य के रूप में चुने गए। वर्ष 2019 के बाद सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। ■

## अपनी बात

**'बाल** सुधार गृह में कब होगा सुधार' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय पढ़ा। बड़े ही अचरज की बात है कि हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में जहां राज्य सरकार और शासन-प्रशासन की नाक के तले बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार चल रहा था। यह दरिंदगी मालूम नहीं कब से चल रही थी। अगर दायर की गई जनहित याचिका को लेकर माननीय उच्च न्यायालय संज्ञान न लेता तो कथित लंबे समय से की जा रही दरिंदगी जानलेवा साबित भी हो सकती थी।

टार्चर करने वालों पर आला अधिकारियों का हाथ था या किसी और का, सरकार और कानून जांच-पड़ताल करे और दोषियों को मृत्यु दंड की तर्ज पर सजा देने सहित बाल न्याय अधिनियम को अधिक कड़ा बनाएं। वहीं, नई शिक्षा नीति के तहत बाल सुधार गृह के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने सहित व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक व अन्य तमाम योग एवं खेलकूद संबंधी शिक्षकों की तैनाती हो, ताकि ये सभी दोबारा सामान्य जिंदगी जी सकें।

**रमना घणा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भूस्खलन आपदा: भारत के पर्वतीय क्षेत्रों के लिए एक चुनौती


लेखक :राजन कुमार शर्मा
नाहन, सिमौर

जैसा कि भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन होना एक आम बात है, क्योंकि पर्वतीय क्षेत्रों की बनावट, ढाल, संरचना, निर्माण, मिट्टी का प्रकार तथा मानवीय हस्तक्षेप इसके लिए कई हद तक मुख्यत: जिम्मेदार होते हैं, परंतु हम हाल ही के कुछ वर्षों की बात करें, तो भारत के इन पर्वतीय क्षेत्रों में विकास जो कि आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक आधार पर है।

उसमें अत्यधिक वृद्धि व परिवर्तन देखने को मिला है। इन विनाशकारी भूस्खलनों के आने के कई मानवीय व प्राकृतिक कारण उत्तरदाई हैं। जैसे की पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, राष्ट्रीय राजमार्गों का अवैज्ञानिक निर्माण एवं शहरीकरण, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, पर्यटन गतिविधियां, धार्मिक नगरों में वृद्धि, तटबंध एवं बांधों का निर्माण, अवैध खनन, अत्यधिक वर्षा, जनसंख्या वृद्धि, बादल फटना व अन्य इसके लिए वर्तमान समय में पूर्णत: जिम्मेदार हैं। इस तरह के विनाशकारी भूस्खलनों के लिए पर्वतीय ढलान, इसकी मिट्टी, व पेड़ों की कमी के कारण, अत्यधिक वर्षा वाले महीनों, जिसमें कि जुलाई से लेकर सितंबर-अक्तूबर तक दक्षिण पश्चिम मानसून के अत्यधिक सक्रिय होने से इस तरह की घटनाएं सामने आती रही हैं। इन घटनाओं का एकाएक हो जाने से क्षेत्र विशेष को जान एवं माल का अत्यधिक नुकसान पहुंचता है, इसके अतिरिक्त पर्यावरण व जीव जंतुओं को भी भारी क्षति होती है। भूस्खलन की दृष्टि से देखा जाए, तो भारत में सन 1900 से 2011 तक कुल 6 प्रतिशत क्षेत्र इसके लिए संवेदनशील व प्रभावित था। भारत में यदि हम 1947 से 2015 तक के समय में देखें, तो इसमें मुख्यत: छह बड़े पर्वतीय भूस्खलन सूचीबद्ध किए गए हैं। जिनमें कि असम राज्य के गुवाहाटी में 18 सितंबर 1948 को हुए भयंकर भूस्खलन से लगभग 500 व्यक्तियों की मौत हुई थी, उत्तर प्रदेश के माप्ला गांव में अगस्त 1998 को लगभग 380 के करीब लोग भूस्खलन की चपेट में मारे गए थे, मेघालय के शिलांग क्षेत्र में वर्ष 2011 में आए विनाशकारी भूस्खलन से 20 लोगों की मृत्यु हुई।

उत्तराखंड के केदारनाथ क्षेत्र में जून 2013 को बाढ़, बादल फटने व भूस्खलन से लगभग 2000 से अधिक व्यक्तियों की मृत्यु दर्ज हुई, महाराष्ट्र राज्य के मालिन क्षेत्र में 30 जुलाई 2014 को आए विनाशकारी भूकंप से 151 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई थी और हाल ही में 30 जुलाई 2024 को केरल राज्य के वायनाड में लगभग 230 लोगों की मृत्यु विनाशकारी भूस्खलन के कारण दर्ज की गई है। यदि हम हिमाचल प्रदेश जो कि एक पर्वतीय राज्य है की बात करें तो यह भी भूस्खलन के प्रभाव से अछूता नहीं रहा है और इसमें आए दिन वर्षा ऋतु में कई तरह के बड़े-बड़े भूस्खलन अलग-अलग जिलों में रिपोर्ट किए जाते हैं। जिसमें कि वर्ष 2023 की वर्षा ऋतु के दौरान जिला किन्नौर, शिमला, मंडी, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर व सोलन जिलों में भारी नुकसान देखने को मिला था। यदि हम हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े भूस्खलन की बात करें, तो वह 13 अगस्त 2017 को मंडी जिला के कोटरूपी में देखा गया था।

जिसमें कि लगभग 46 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इतने विशालकारी भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-154 जो कि मंडी को पठानकोट से जोड़ता है, काफी दिन तक अवरोध रहा था। इस तरह से हम कह सकते हैं कि भूस्खलन जैसी आपदाएं जो कि प्रतिवर्ष मुख्यत: पर्वतीय क्षेत्रों में ही घटित होती हैं। जिससे कि जान एवं माल के नुकसान के साथ-साथ ही पर्यावरण को भी भारी नुकसान झेलना पड़ता है तथा राज्य विशेष की आर्थिक स्थिति को भी कमजोर करता है। भूस्खलन की बढ़ती हुई इन संख्याओं का आंकड़ा दिन-प्रतिदिन व प्रतिवर्ष अधिक देखने को मिल रहा है, जिसका मुख्य कारण मानव का अधिक हस्तक्षेप है। यदि हमें इन भूस्खलन की घटनाओं की आवृत्ति को कम करना है तो हमें अत्यधिक मात्रा में पेड़ पौधे प्रतिवर्ष लगाने चाहिए, पर्वतीय क्षेत्रों में विकास की दृष्टि से राजमार्गों एवं सड़कों का बनना सही है, परंतु वह एक सही अभियांत्रिकी, कंटूअर आधारित व वैज्ञानिक रूप से बनाया जाए, तो अत्यधिक लाभ होगा।

पर्वतीय क्षेत्रों में भवनों के निर्माण के संबंध में राष्ट्रीय भवन नीति -2016 एवं सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस व कानून का सही पालन करते हुए ही निर्माण करना चाहिए, इसके अतिरिक्त हमें अपने समुदाय व आसपास के लोगों को भी इस बारे जागरूक करना अति आवश्यक है, ताकि आने वाले वर्षा ऋतु में या आगामी वर्षों में भूस्खलन जैसी आपदाओं को कम किया जा सके। जिससे कि क्षेत्र अधिक खुशहाल व समृद्ध बनने की ओर अग्रसर हो सके। ऐसे पर्वतीय क्षेत्रों में इस तरह की आपदाओं से बचने हेतु उपाय, विस्तृत योजना, उचित संसाधन व सही रणनीति का प्रयोग कर के हम भारत के इन पर्वतीय क्षेत्रों की सुंदरता को व आपदाओं से समय रहते बचा पाएंगे।

इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार एवं पर्वतीय राज्य सरकारों को भी इस विषय में विशेषज्ञों की टीम द्वारा भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का सर्वेक्षण, आंकलन एवं समाधान हेतु उचित कदम उठाने चाहिए, जिसमें कि विशेष एजेंसियों व विषय विशेषज्ञों की टीम जैसे कि भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान से विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों की टीम द्वारा इन विशेष भूस्खलन संभावित क्षेत्रों व स्थलों का निरीक्षण कर उसका उचित समाधान व योजना तैयार करनी चाहिए। अत: जिससे कि इन क्षेत्रों में रहने वाली जीव प्रजातियां, पर्यावरण, पेड़ पौधे, जल एवं अन्य तरह के पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित रख पाने में अपना सक्रिय योगदान दे पाने में सक्षम हो पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# बरेली से उठी 'पैगंबर ए इस्लाम बिल' की मांग


लेखक : संजय सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में कभी बांस के फर्नीचर के लिए मशहूर बरेली आजकल कुछ मुस्लिम धर्मगुरु के बेतुके बयानों और सांप्रदायिक सोच के चलते काफी शोहरत बटोर रहा है। कभी कावड़ियों का रास्ता रोक कर उनके साथ मारपीट की जाती है, तो कभी धर्म परिवर्तन कराने के लिए कार्यक्रम रखे जाने की बात कही जाती है। अब यहां से एक 'पैगंबर ए इस्लाम बिल' की मांग के रूप में नया विवाद निकला है।

आला हजरत के 106वें उर्स रजवी के पहले दिन ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के मुख्यालय पर एक बैठक हुई है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए उलमा और बुद्धिजीवियों ने मुसलमानों के मुद्दों पर चर्चा की और एक मुस्लिम एजेंडा तैयार किया। इसके साथ ही सरकार से पैगंबर ए इस्लाम बिल लागू की मांग की गई है। इस मौके पर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बैठक में आए सभी मौलानाओं का पक्ष और विचार समाज के सामने रखते हुए, सरकार और राजनीतिक पार्टियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अक्सर कोई न कोई व्यक्ति पैगंबरे इस्लाम की शान में गुस्ताखी करता है, मगर सभी लोग खामोश होकर तमाशाई बने रहते हैं, कोई कार्रवाई नहीं होती। इसलिए संसद या विधानसभाओं में है 'पैगंबर ए इस्लाम बिल' लाया जाए, ताकि फिर कोई व्यक्ति उनकी शान में गुस्ताखी न कर सके। मुस्लिम धर्म लंबियां का कहना था कि इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ ईशनिंदा करने वाले लोगों को कठोर सजा देने के लिए पैगंबर मोहम्मद बिल नाम से कानून बनाया जाए। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि इस कानून से अन्य सभी धर्मों के प्रमुखों एवं हस्तियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों पर रोक लगेगी। मौलाना ने आगे कहा कि सरकार चाहे तो इस मसौदा विधेयक को कोई और नाम दे सकती है। हमारी मांग है कि पवित्र पैगंबर साहब का अपमान और ईशनिंदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक कठोर कानून मौजूद हो। यह कानून किसी भी धर्म के प्रमुखों एवं देवी-देवताओं के अपमान पर कार्रवाई करने वाला हो।

इस तरह का अपराध करने वालों के खिलाफ जो मौजूदा कानून हैं वे अपर्याप्त एवं कमजोर हैं, इसलिए सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं होती हैं। इसके साथ ही इस मीटिंग में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने एक मुस्लिम एजेंडा भी जारी किया, जिसमें मुसलमानों को शिक्षा, बिजनेस और परिवार पर ध्यान देने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को समाज में फैल रही बुराइयों पर रोकथाम करनी चाहिए और लड़कियों के लिए अलग से स्कूल और कॉलेज खोलने चाहिए। मौलाना ने केंद्र और राज्य सरकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए मुसलमान हर कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन हिंदू और मुसलमानों के बीच नफरत फैलाने वाली राजनीति बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**कविता**

## प्यारी बिटिया


डॉ कौमार्या मनोज

*मत मार मुझे मां कोख में अपने,*
*मुझको भी जी लेने दे।*
*बनूंगी तेरा साथी सच्चा,*
*मत खुद को खुद से छीन मुझे।।*
*राम कृष्ण की धरती है यह,*
*मैं भी जीना चाहूं यहां।*
*घर में तेरी मैं हाथ बटायूं,*
*थोड़ा तो मुझको बढ़ने दे।।*
*पापा की बनूं मैं रानी बेटी,*
*मुझको तो सहारा बनने दे।*
*पढ़ लिख कर तेरा मान बढ़ाऊं।*
*बस थोड़ा मुझको पढ़ने दे।।*
*जब भी तुम थक हार गई जो,*
*अपनी सेवा में लगने दे।*
*पापा की बनूंगी मैं संबल,*
*मुझे अपना सहारा बनने दे।।*

# कड़े कठोर कानून महिला सुरक्षा नहीं कर सकते


लेखक : संजय आर्या
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब भी महिला उत्पीड़न मामला सामने आता हैं तो कैंडल मार्च होते हैं। काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ आक्रोश रेलियां निकाली जाती हैं, हड़तालें होती है। इन सब बातों का क्या असर होता है बस सरकार कानून व्यवस्था का नाम लेकर एक या दो कमेटी का गठन किया जाता है और कमेटियों में फिर कोई नया कानून बनाने की बात को सहमति दी जाती है और समाज को इस बात की झूठी तसल्ली दे दी जाती है कि अब और भी कड़े कानून बनाए गए है अब बलात्कार या रेप जैसे कोई जुर्म नहीं होंगे।

मगर इस बात को सोचने के लिए आपको मजबूर होना ही पड़ेगा कि हमारे देश में अपराधियों के लिए जो कानून बने थे वह क्या खोखले थे या फिर कानून अपराधियों के आगे छोटे हो गए। अब तक कितने ऐसे कानून बने है, जिनके द्वारा समाज में अपराध कम हुए क्या? हमारे देश भारत में रेप या बलात्कार को फांसी की सजा का प्रावधान है मगर चौबीस या पच्चीस वर्षों में अब तक केवल पांच ही दुष्कर्म के अपराधियों को फांसी हो पाई हैं, जबकि मेरे ज्ञातानुसार 2004 में धनंजय चटर्जी को फांसी की सजा दी गई थी, जबकि धनज्य चटर्जी 1990 में हुए बलात्कार के मामले में दोषी पाए गए थे। उसके बाद 2020 में निर्भया कांड में दोषी पाए जाने वाले मुकेश, विनय, पवन और अक्षय को तिहाड़ जेल में फांसी दे दी गई थी और फिर 2012 में हुए निर्भया कांड के उपरांत कानून में बदलाव किए गए। अपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 2013 में बलात्कार की परिभाषा को विस्तृत किया गया और कानून पारित किया गया कि बलात्कार करने की धमकी देने वाला भी अपराधी की श्रेणी में आता है और उसके लिए भी सजा होगी और इसी तरह बढ़ते अपराध को देखते हुए अपराधी की सजा में बढ़ोतरी करते हुए, सात वर्ष की सजा को दस वर्ष कर दिया गया।

साथ में संशोधन यह भी किया गया कि अगर बलात्कार की शिकार महिला की इस दौरान मृत्यु हो जाती है या उसका शरीर निष्क्रिय हो जाता है, तो अपराधी के लिए फांसी की सजा का भी प्रावधान है संशोधन में यह भी कानून पारित हुआ कि अगर 16 वर्ष का किशोर रेप कांड में संलिप्तता पाई जाती है, तो जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड के द्वारा मानसिक और शारीरिक आंकलन के आधार पर दंड संहिता का प्रावधान है। पूरे भारत में ही हर रोज लगभग 88 मामले महिला उत्पीड़न के थाने में दर्ज करवाए जाते हैं, जिनमें अधिकतर रेप व बलात्कार के होते हैं, जबकि हर एक घंटे में तीन महिलाओं के साथ बलात्कार होता है। यानी कि बीस मिनट के बाद एक बलात्कार और दिल्ली थाने में ही हर रोज पांच से छह बलात्कार के मामले दर्ज होते हैं।

एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक पिछले पांच वर्षों में 13.25 प्रतिशत रेप और बलात्कार के मामलों में वृद्धि हुई हैं, जबकि राजस्थान में 6342 मध्य प्रदेश में 2947 उत्तर प्रदेश में 2845 और दिल्ली में 1252 रेप मामलों की वृद्धि देखी गई है। यहां सोचने की बात यह है कि लोग अपराध करने के मामले में जरा सा भी नहीं सोचते हैं और अपराधियों के दिल और दिमाग में फांसी जैसी सजा का जरा भी खौफ नहीं हैं जो चार वर्ष पहले 2020 में निर्भया कांड में चार अपराधियों को सजा फांसी दी गई, मगर इस फांसी को देखते अपराधियों के मन जरा भी नहीं घबराए और 2021 से अब तक लगभग काफी रेप बलात्कार के मामलों में 14.4। प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस प्रतिशत को देखते तो पता चलता है कि रेप के मामलों में और जायदा वृद्धि हुई हैं, लेकिन भारत में कुछ बलात्कार के मामले ऐसे भी है जो सामने आए ही नहीं जैसे जा भारत में दो वर्षों तक कोविड यानी कोरोना का प्रभाव रहा।

उस समय भी तो बलात्कार हुए, लेकिन पूरे भारत के किसी भी थाने में रेप और बलात्कार का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ। यानी कि सामने नहीं आया और ब्लात्कारियों की जीत और जो महिला कोरोना काल में बलात्कार उत्पीड़न की शिकार हुई, उसकी आवाज चार दीवारी में दब कर रह गई, क्योंकि लॉकडाउन जो लगा कर रखा था, तो बेचारी महिला कहां जाती, ऐसे में लॉक डाउन जो लगा रखा था और जो महिला बर्बाद हो गई, उसकी इज्जत कड़े कानून कैसे लोटा पाएंगे,क्योंकि केवल कड़े और कठोर कानून बनाकर देश को अपराध मुक्त नहीं किया जा सकता है। हमारे भारत देश से जघन्य अपराध और महिला उत्पीड़न जैसे अपराध तभी समाप्त होंगे, जब हम सब अपनी सोच को बदलेंगे, क्योंकि भारत में बढ़ते अपराधों के पीछे कहीं न कहीं हमारा हाथ है,क्योंकि हम अपनी संस्कृति को भूल रहे हैं। आज आधुनिक समय है इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने आप को भूल कर विदेशी सस्कृति को अपना ले।

जिन विदेशियों को हमने भगा दिया था, उन्हीं को फिर अपनाकर उनके लक्ष्य कदमों पर चलेंगे, तो निश्चित ही अपराध बढ़ेंगे और महिलाएं प्रभावित होंगी। आज महिलाएं अपनी मर्यादा और संस्कृति को भूल कर विदेशी पहनावे अपना रही है। अर्धनग्न कपड़े पहन कर अपने परिवार और बुजुर्गों के सामने नाच रही है। ऐसे कपड़े पहन रही हैं, जिनके द्वारा पूरा तन भी ढका नहीं जाता। ऐसी अश्लीलता फैलाकर मर्दों को उत्तेजित करना क्या सही है। इन सब हरकतों में क्या अपराध नजर नहीं आता। ऐसे में कठोर और कड़े कानून क्या करेंगे ,जब तक हम अपनी सोच और गंदी आदतों को नहीं बदलेंगे तब तक अपराध खत्म नहीं होंगे। अच्छी सोच और मर्यादा और सादगी अपने देश के प्रति प्रेम अगर सबका हो तो अपराध को भागते देर नहीं लगेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# युवाओं में संस्कार जागृत करना समय की मांग


लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

सोशल मीडिया प्रचलन के चलते हमारी युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट की ओर अग्रसर है। फेसबुक दोस्ती से जीवन भर जन्म जन्मांतर तक साथ निभाने की कसमें खाना युवाओं की आदत बन चुकी है। कहने को हमारा समाज सिर्फ लड़कों को इसका अधिक दोषी मानता है। अगर सच कहा जाए तो आजकल के दौर में लड़कियां भी कुछ कम नहीं आंकी जा सकती हैं। कुल मिलाकर युवाओं में सार्थक सोच लाने की आजकल अधिक जरूरत है। युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्य अपनाने की सीख अभिभावक और अध्यापक देते हैं। बदलते सामाजिक परिवेश में अभिभावकों, अध्यापकों के पास इस सरोकार को निभाने का समय नहीं है। अभिभावकों की बच्चों के प्रति क्या जिम्मेदारियां अधिकतर भूल चुके हैं।

अध्यापक भी छात्रों को सिर्फ किताबी कीड़ा बनाने पर अधिक फोकस करते हैं। युवा पीढ़ी का आज संपूर्ण व्यक्तित्व विकास किए जाने की अधिक जरूरत है। फेसबुक दोस्ती के चलते शादीशुदा महिलाएं हस्ते खेलते परिवार को छोड़कर अपने प्रेमी संग भाग रही हैं। सोशल मीडिया में परवान चढ़ी दोस्ती आखिरकार दिन-प्रतिदिन शादी में बदलती जा रही है। इसकी आड़ में युवाओं को ब्लैकमेल किए जाने के नित नए दिन फंडे इजाद किए जा रहे हैं। अपनी खराब होती साख के डर से लोग अब आत्महत्याएं तक करने को मजबूर हैं। फेसबुक प्रेम युगल बंदी में प्रेमिकाएं सात समुंदर पार करके भी प्रेमी पास पहुंच रही हैं। ऐसे प्रेमी जोड़ों के मिलन में धर्म, जाति और देश भी आड़े नहीं आ रहे हैं। युवा पीढ़ी सिर्फ किताबी कीड़े और सोशल मीडिया दीवानी बनती जा रही है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक स्मार्ट मोबाइल फोन को अपनी कमजोरी बना बैठे हैं। सेल्फी लिए जाना आजकल एक मनोरोग बनता जा रहा है। फेसबुक पर रोजाना अपनी फोटो, वीडियो रील वायरल करना लोगों की पहली पसंद है। ठीक यही कारण कि सोशल मीडिया के जरिए लोगों में आपसी नजदीकियां बढ़ती जा रही, जिसके गंभीर परिणाम भी निकलकर सामने आ रहे हैं।

अभिभावक अपने बच्चों को महंगें स्मार्ट मोबाइल फोन से नवाज रहे हैं। बच्चे स्मार्ट मोबाइल फोन पर किन लोगों के संपर्क में अधिकतर अभिभावक इससे अंजान रहते हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन पर बच्चे कौन सा कंटेंट देख रहे, इससे जानना भी अब जरूरी समझा है। आजकल युवा पीढ़ी खेतों में काम करने में शर्म महसूस करती हैं। नतीजतन अधिकतर समय स्मार्ट मोबाइल फोन पर बिताना उनकी रोजमर्रा की आदत है। स्कूलों में शारीरिक अध्यापकों के पद खाली, गांवों में खेलकूद से कोसों दूर हैं। युवा पीढ़ी खेलकूद भी स्मार्ट मोबाइल फोन, टेबलेट और कंप्यूटर पर ही करके स्वयं को हष्ट पुष्ट मानती है।

शिक्षण संस्थानों में छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए पूर्व वर्षों में कई तरह के सांस्कृतिक, भाषण, वाद, विवाद, कविता पाठ और खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किए जाते थे। राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी आदि कई सफल कार्यक्रम सरकारों द्वारा स्कूल, कॉलेजों में चलाए जा रहे हैं। मगर दु:खद पहलू यह छात्रों की ऐसे कार्यक्रमों में रुचि कम होती जा रही है। छात्रों में पढ़ाई सहित ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी निभाने की होड़ रहती थी। दूर संचार कंपनियों ने ऐसे आफर लांच कर दिए कि लोग दिन रात सोशल मीडिया चला रहे हैं। अनलिमिटेड काल की सुविधा मिलने से लोग अकारण ही एक दूसरे के साथ फोन पर बात करने में मशगूल रहते हैं। फेसबुक में अपने मित्रों की संख्या में इजाफा किया जाना युवाओं की पहली पसंद बन चुका है। ठीक इसी क्रम को कुछेक युवा आकर्षण की वजह से गलत मायने समझकर गुमराह होकर रह जाते हैं। सोशल मीडिया पर दोस्तों की कतार लंबी तो की जा सकती, मगर परिवारजनों और समाज की सहमति बिना किसी को जीवन साथी बनाना इतना आसान नहीं, यह बात युवा पीढ़ी को स्मरण रखनी चाहिए।

स्मार्ट मोबाइल फोन पर पवजी खेलना भी युवाओं को पसंद है। पवजी में युवा इस कदर समा जाते है कि खान, पान और नींद पूरी करना तक भूल चुके हैं। क्या ऐसे हालात में युवा पीढ़ी का मानसिक संतुलन ठीक रह सकता, बड़ा सवाल है? सोशल मीडिया का कुछेक लोग सही लाभ भी उठा रहे यह बात भी स्वीकार करनी होगी। रक्तदान, जरूरतमंद और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने का काम करना भी इसके नाम है। कोरोना वायरस काल दौरान छात्रों की पढ़ाई आनलाइन जारी रखने के कई विपरीत परिणाम सामने आ रहे हैं। छात्र स्मार्ट मोबाइल फोन को गले का हार बनाकर दिन-रात उसमें लीन हैं। स्मार्ट मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग किए जाने से शरीर पर क्या दुष्प्रभाव पड़ता अधिकांश जनता अंजान जानती है। देर रात तक मोबाइल फोन चलाने से चेहरे पर झुरियां आ जाती और तनाव बढ़ता है। स्मार्ट मोबाइल फोन का स्क्रीन टच इतना घातक कि लोगों में तनाव की समस्याएं बढ़ी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गागल धाम में सत्संग संकीर्तन आयोजित



**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु महाराज के अनुयायियों द्वारा रविवार को गागल धाम आश्रम में विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल के बैनर तले सत्संग का आयोजन किया। मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि सत्संग में भारी संख्या में मिशन से जुड़े श्रद्धालुओं ने शिरकत कर सत्संग का आनंद उठाया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कपिला ने ओम नमः शिवाय ओम नमः शिवाय, हमें अपनी शरण में ले लो हम जैसे है बस तेरे है, मुझे आपने बुलाया ये कर्म नहीं तो क्या है। दलीप सैनी ने उस प्रभु की है कृपा बड़ी याद कर ले घड़ी दो घड़ी आदि भजनों की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

### माता त्रिपुर भैरवा सात दिवसीय मेला 7 से शुरू

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह का सबसे बड़ा सात दिवसीय पारंपरिक माता त्रिपुर भैरवा मेला इस वर्ष 7 से 14 सितम्बर को आयोजित किया जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां जोरों पर है। मेला कमेटी अध्यक्षा एवं प्रधान ग्राम पंचायत सियोग वीना महन्त ने मेले की औपचारिक घोषणा कर दी है और आज से मेला ग्राउंड की प्लाट आबंटन की प्रकिया भी शुरू हो चुकी हैं। मेला कमेटी अध्यक्षा एवं ग्राम पंचायत सियोग की प्रधान वीना महन्त ने बताया क़ी पिछली बार यह सात दिवसीय मेला प्राकीर्तिक आपदा में हुए नुकसान के कारण स्थगित कर दिया गया था उस समय सिर्फ पूजा अर्चना के साथ हीं मेला संपन्न हुआ था। सियोग पंचायत के उप प्रधान फतेह राम ने बताया की मेले में प्लाट आबंटन की प्रक्रिया आज से शुरू हो चुकी हैं।

### ग्राम पंचायत तुन्ना में पोषण माह का किया शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, गोहर।** पोषण माह का उपमंडल गोहर के तुन्ना में एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट द्वारा 'एक पौधा मां के नाम' पर देवदार के पौधे का पौधारोपण कर शुभारंभ किया गया। एसडीएम गोहर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा गांव स्तर पर गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा छोटे बच्चों में पौष्टिक आहार से संबंधित जानकारी व पौष्टिक भोजन से उनके शरीर में पड़ने वाले लाभकारी गुणों से अवगत करवाया जाएगा।

### एफपीओ धर्मपुर से जुड़े 400 से अधिक सदस्य



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफपीओ ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर दी और हिमाचल का नंबर व एक बन गया। एफपीओ द्वारा 31 अगस्त तक एक हजार शेयर होल्डर भर्ती करके ये उपलब्धि हासिल की। अध्यक्ष सत्तपाल चौहान और सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 25 से 31 तक सदस्यता अभियान चलाया जिसमें 422 व्यक्तियों ने 611 शेयर खरीदें जिसमें एक शेयर की कीमत पांच सौ रुपए थी। इसके बाद हिमाचल में एनसीडीसी के माध्यम से बने दो दर्जन समूहों में प्रथम स्थान पर आ गया। अब एक सप्ताह में ही 422 व्यक्तियों ने जुड़ कर विश्वास व्यक्त किया है ।

### बंटी गुलेरिया को यूथ इंटक मंडी में मिली अहम जिम्मेदारी



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी जिला के धर्मपुर क्षेत्र से संबंध रखने वाले बंटी गुलेरिया को कांग्रेस हाईकमान द्वारा पार्टी के हित में किए गए अब तक के कार्य को लेकर सम्मान दिया गया है उन्हे एक साथ यूथ इंटक मंडी का सचिव और सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया है जिससे समूचे धर्मपुर के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ी है, अपनी इस नियुक्ति पर गुलेरिया ने प्रदेश इंटक के अध्यक्ष बावा हरदीप सिंह, महासचिव उमेश शर्मा, युवा इंटक के प्रदेश अध्यक्ष जसविंदर चौहान, जिला युवा इंटक के अध्यक्ष अंकुश मोहन और समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

### शील्हाकीपड़ महिला मंडल ने रोपे पौधे



**अनंत ज्ञान, मंडी।** महिला मंडल शिल्हा किपड़ की महिलाओं ने नेला से घुघता मंदिर तक मझवाड़ सड़क के किनारे फूलों के पौधे लगाए। नगर निगम के नेला वार्ड में अभियान के अंतर्गत अपने अपने आंगन के पास ये महिलाएं नींबू, जायफा के पौधे रोप चुकी हैं। ये 300 पौधे नेला वार्ड के इंडस्ट्रियल एरिया के बैहल मोटर्स, कांट्रेक्टर विजय कपूर व आरडी गैस इंडस्ट्रीज की ओर से इस अभियान के लिए भेंट किए गए हैं।

### बाहरी लोगों की बढ़ती संख्या पर जताई चिंता



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सनातन धर्म सभा मंदिर में रविवार को ब्राह्मण सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान हेमराज शास्त्री ने की, जिसमें बाहरी लोगों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंता जताई गई। प्रधान हेमराज शास्त्री ने कहा कि बाहरी लोग घर-घर फेरी लगाकर सामान बेचते हैं और पूरे इलाके की जानकारी रखते हैं, जिससे शरारती तत्वों के घुसपैठ का खतरा बढ़ सकता है। बैठक के अंत में बताया गया कि ब्राह्मण सभा की अगली बैठक 15 सितंबर को खजूरी गांव में आयोजित की जाएगी।

### आरती और शिवानी ठाकुर का मेडिकल कॉलेज में चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की दो छात्राएं आरती और शिवानी ठाकुर का चयन नीट के आधार पर इस वर्ष मेडिकल कॉलेज के लिए हुआ है। आरती गांव पंजालतर की रहने वाली है। इनके पिता राजूराम सेवानिवृत्ति सैनिक है, जबकि माता अंजू देवी गृहणी है। इसी तरह शिवानी ठाकुर गांव दरकोटी की रहने वाली है।

# जोगिंद्रनगर–सरकाघाट सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों की कमी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले जोगिंद्रनगर–सरकाघाट सड़क मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों की अनुपस्थिति ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। यह सड़क मार्ग, जो कई महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ता है, रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है, जिससे यहां हादसों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले से ही कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, और अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो और भी गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

#### झलवाण गांव के पास बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें

इस सड़क मार्ग के झलवाण गांव के पास स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं, लेकिन स्थानीय निवासियों के अनुसार, ये लाइटें पिछले कई दशकों से बंद पड़ी हैं। यह स्थिति केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क के अन्य हिस्सों में भी स्ट्रीट लाइटों की कमी है, जिससे रात के समय यहां से गुजरना खतरनाक हो जाता है।

#### हादसों का बढ़ता खतरा और प्रशासन की अनदेखी



#### खतरनाक मोड़ और बढ़ता हादसों का खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर कई खतरनाक मोड़ (डेंजर प्वाइंट) हैं, जहां पर अंधेरे में रास्ता समझ में नहीं आता और वाहन चालकों के लिए यह बेहद जोखिमपूर्ण हो जाता है। कई वाहन चालक अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद, प्रशासन और सरकार की ओर से इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

#### भट्ठा गांव के पास ऊलह विद्युत परियोजना का कार्यालय

**इस** सड़क मार्ग पर भट्ठा गांव के पास ऊलह विद्युत परियोजना का कार्यालय, कर्मचारियों के क्वार्टर और राजस्व विभाग का ट्रेनिंग सेंटर स्थित है। ऊलह विद्युत परियोजना द्वारा सड़क के किनारे कुछ स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन वे भी वर्षों से बंद पड़ी हैं। कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने कई बार इन लाइटों को ठीक करने की मांग की है, लेकिन उनकी बातों को अब तक अनसुना किया गया है।

#### समस्या का हो समाधान

**स्थानीय** निवासियों का कहना है कि वे कई बार सरकार और प्रशासन से इस मुद्दे को हल करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लोग मांग कर रहे हैं कि सड़क पर जल्द से जल्द नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं और बंद पड़ी पुरानी लाइटों को ठीक किया जाए। उनका कहना है कि अगर यह समस्या जल्दी हल नहीं हुई, तो यहां बड़े हादसों का खतरा लगातार बना रहेगा।

#### सरकार और प्रशासन कर रहा अनदेखी

इस गंभीर समस्या के बावजूद, स्थानीय निवासियों को लगता है कि सरकार और प्रशासन इस मुद्दे को लेकर गहरी नींद में सो रहे हैं। उनकी अनदेखी के कारण यहां की सड़कें दुर्घटनाओं का स्थल बनती जा रही हैं।

लोगों का कहना है कि जब तक इस मुद्दे पर प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक यहां की स्थिति में सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# कमलाह गढ़ को हिमाचल पर्यटन के मानचित्र पर लाने के प्रयास शुरू



कमलाह किले के सौंदर्यीकरण को लेकर अधिकारी व विधायक।

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन और जिला पर्यटन अधिकारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कमलाह फोर्ट में जाकर बाबा कमलाहिया मंदिर परिसर व कमलाह गढ़ को पर्यटन की दृष्टि से उभारने बारे रूपरेखा तैयार की। विधायक चंद्रशेखर ने बताया कि यहां इस किले में दर्जनों बावड़ी और भी अन्य कई ऐसी वस्तुएं और जानकारियां है जिनसे यहां आने वाले श्रद्धालु अनजान है।

विधायक ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में बाबा कमलाहिया मंदिर परिसर में 35 सोलर लाइट और 19 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके है, प्रत्येक रविवार व मंगलवार को कमेटी की तरफ से लंगर का प्रबंध किया जा रहा है। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि आज पूरे जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग और वन विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करने मकसद है कि आने वाले समय में मंदिर परिसर और समूचे किले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा सके ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु यहां पर अधिक समय गुजार सके। मंदिर परिसर किले के सौंदर्यीकरण चार करोड़ रुपए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने स्वीकृत किए है।

#### विधायक, डीसी और अन्य अधिकारियों ने किया दौरा

#### विश्व का आठवां आश्चर्य

**अभेद** दुर्गा रहा है कमलाह किला मंडी जिला के धर्मपुर में 1625 में बने इस किले को विश्व के आठवें आश्चर्य के रूप में जाना जाता है। मंडी रियासत के गौरव यह किला दुश्मनों के लिए हमेशा अभेध रहा है। राजा सूर्य सेन द्वारा निर्मित इस किले पर पहुंचना काफी मुश्किल है।

#### प्रसिद्ध है बाबा कमलाहिया मंदिर

**किले** के दूसरे भाग पर बाबा कमलाहिया मंदिर अब भव्य रूप से बनाया गया है। जनश्रुति के आधार पर बाबा बालकनाथ और बाबा कमलाहिया को सगा भाई बताया गया है।

## सदर खंड हिमाचल किसान यूनियन की कार्यकारिणी का हुआ गठन



नई कार्यकारिणी में चयनित पदाधिकारी सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

रविवार को हिमाचल किसान सभा मंडी की बैठक विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। जिसमें करीब 90 किसानों ने भाग लिया। बैठक के दौरान किसानों के हित में कार्य करने के विषय पर चर्चा की गई और संगठन को मजबूत करने पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान हिमाचल किसान यूनियन के आर्गनाइजर सचिव कर्मू राम ने बताया कि बैठक के दौरान सदर खंड की कार्यकारिणी का गठन किया गया और पहली बार ही सदर खंड हिमाचल किसान यूनियन से जुड़ा है।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में करीब 34 पंचायतों के लोगों द्वारा सदस्यता ग्रहण की जानी थी लेकिन मौसम खराब होने के चलते किसानों की संख्या में थोड़ी कमी रहीं।

## कांग्रेस ने पूर्व सांसद की मृत्यु पर जांच की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

#### डॉक्टर राकेश धरवाल ने उठाए गंभीर सवाल

जोगिंद्रनगर में रविवार को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉक्टर राकेश धरवाल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से पूर्व सांसद स्वर्गीय रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शर्मा की मृत्यु की जांच अब तक सही तरीके से नहीं की गई है और भाजपा सरकार ने मामले को दबा दिया।

उनका आरोप है कि उस समय की भाजपा सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस मामले की गंभीरता को नजरअंदाज किया और केवल लीपापोती की गई। डॉक्टर राकेश ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अनुरोध किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाए।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि चिट्टा व्यापार से संबंधित मुद्दे की जांच भी की जानी चाहिए, क्योंकि उनके अनुसार यह व्यापार लंबे समय से जोगिंद्रनगर क्षेत्र में फैल चुका है और शायद इस मृत्यु के कारणों से संबंधित हो सकता है।

## निजी होटल में 69 ग्राम चरस बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुख्य बाजार स्थित एक निजी होटल में एएसआई पवन कुमार, हरदेव सिंह और एससीसी चमन लाल की अगुवाई में छापा मारकर चरस बरामद करने की सफलता हासिल की है पुलिस को सूचना मिली थी कि निजी होटल का कर्मचारी लोगों को चरस वेचने का धंधा करता है पुलिस ने नगर परिषद अध्यक्ष कश्मीर सिंह और दो अन्य गवाहों को साथ लेकर होटल में छापा मारा।

इसी दौरान वहां सीढ़ियों के नीचे फटों के ऊपर रखे गद्दों के नीचे एक प्लास्टिक का लिफाफा पाया गया। लिफाफे को खोलने पर उसमें 69 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने होटल के कर्मचारी राजवीर उर्फ संजय पुत्र ज्ञान चन्द गांव चौक ब्राडता सरकाघाट के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। सएचओ सरकाघाट रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

वहीं एएसआई राजेंद्र कुमार अंजना देवी दिनेश कुमार अनिल कुमार के नेतृत्व ने सरकाघाट मेन बाजार में छापा मारकर एक व्यक्ति के घर से 36 बोतल अवैध देशी शराब की बरामद की है। आरोपी की पहचान जय कुमार उर्फ त्यागी पुत्र दिलीप सिंह कुणालग के रूप में हुई है।

## लोनिवि के अधिशाषी अभियंता ने मांगी सुरक्षा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने मंडी–पठानकोट हाईवे पर दो वाहनों में सवार कुछ अज्ञात लोगों पर उनकी गाड़ी का घेराव करने और उन्हें डराने का आरोप लगाया है।

सरकारी वाहन को भी नुकसान पहुंचाने की बात कही गई है। यह घटना वीरवार देर रात करीब 8:45 बजे की है जब जेपी नायक मंडी से जोगिंद्रनगर लौट रहे थे। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि ये लोग उनके सरकारी वाहन का पीछा कर रहे थे और एक सुनसान स्थान पर उन्होंने वाहन को रोककर उन्हें डराने का प्रयास किया। जेपी नायक ने पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में शिकायत दर्ज करवाई, जिसमें उन्होंने इस घटना का विस्तार से वर्णन किया। इस घटना के बाद से जेपी नायक और उनके परिवार में भय का माहौल है, और उन्होंने तुरंत सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है।

पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के प्रभारी सकीनी कपूर ने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। सकीनी कपूर ने कहा कि आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

यह घटना राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति सुरक्षा की स्थिति पर सवाल खड़े करती है। जेपी नायक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का इस प्रकार से डराया जाना न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि यह सरकारी तंत्र को भी प्रभावित कर सकता है। इस मामले की त्वरित और प्रभावी जांच से ही यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कानून का पालन हो और दोषियों को सजा मिले।(अनंत ज्ञान)

## पांच शिक्षकों को रोटरी अवार्ड से सम्मानित करेगा क्लब

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच और शिक्षकों को रोटरी क्लब सम्मानित करेगा। आठ सितंबर को यह कार्यक्रम रोटरी क्लब के तत्वावधान से आयोजित होगा जिसमें शिक्षा जगत की ऐसी विभूतियां जिन्होंने अपने सेवाभाव, ईमानदारी और निष्ठा से विद्यार्थियों का भविष्य संवारने के अलावा उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी अहम भूमिका निभाई है। इन्हें रोटरी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने बताया कि उपमंडल के पांच शिक्षकों को रोटरी अवार्ड से नवाजा जाएगा।

पूर्वाध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि ऐहजू और भराड़पट्ट के शैक्षणिक संस्थानों में स्मार्ट क्लाशरूम स्थापित करने के बाद उपमंडल के तीन अन्य स्कूलों में भी ई लर्निंग प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट क्लाशरूम स्थापित किए जाएंगे। सचिव सुशील कुमार पठानिया, स्वास्थ्य सचिव राम लाल वालिया ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में शारीरिक स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रोजेक्टों के तहत स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और भी अधिक बढ़ाई जाएगी।

## पनारसा में विद्यार्थियों ने रोपे देवदार के पौधे

**अनंत ज्ञान, मंडी।** रविवार को राजकीय महाविद्यालय पनारसा की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर-रेंजर इकाईयों द्वारा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बनाला शनि मंदिर (अठारह पेड़े मंदिर) के साथ लगते जंगल में वृक्षारोपण किया।

यह वृक्षारोपण युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत किया गया। इस अभियान के तहत सभी स्वयंसेवियों द्वारा देवदार व बान के पौधे रोपे गए।

## 84 पेटी अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, करसोग**

थाना करसोग की पुलिस ने एक तस्कर को अवैध शराब के साथ काबू किया है। आरोपी तेजेंद्र कुमार निवासी कुल्लू का है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस कर्मियों के मुताबिक वह पुलिस पार्टी के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। तब गुप्ता सूत्रों ने उन्हे बताया कि तेजेंद्र कुमार शराब की तस्करी करता है, जोकि अपने दुकान में शराब बेच रहा है।

पुलिस पार्टी ने तुरंत उसके दुकान पर छापेमारी की तो उसके पास से 84 पेटियां अवैध शराब देसी ऊना की बरामद हुई व 5 पेटी अंग्रेजी रोयल स्टेग शराब बरामद हुए हैं।



अवैध शराब के साथ आरोपी।

करसोग पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी से पूछताछ चल रही है। खबर की पुष्टि थाना प्रभारी करसोग मोहन जोशी ने की है।

## नागर–खोला गांव में दिनदहाड़े चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नागर–खोला गांव में रविवार को दिनदहाड़े चोरी का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता सुरेश कुमार ने बताया कि जब उनका बेटा अंशुल कुमार घर पर मौजूद था, तो पुराने घर गया हुआ था। जब वह वापस लौटा, तो उसने पाया कि घर के ताले तोड़कर चोरों ने अंदर रखा सामान उथल–पुथल कर दिया था। चोर अलमारी से 5000 रुपए नकद और एक मोबाइल फोन सहित अन्य सामान चुरा ले गए। लडभड़ोल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए।

## चंडीगढ़, मोहाली के डॉक्टरों ने जांचे 300 मरीज

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मेडिकल टीम स्थानीय लोगों व आयोजकों के साथ।

नरोला गांव के राजकीय प्राइमरी पाठशाला नरोला के प्रांगण में मोहाली, चंडीगढ़ से डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने एक चिकित्सा शिविर लगाया। शिविर का आयोजन स्थानीय गांव नरोला की लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्यों ने किया था। शिविर में लगभग 300 से भी अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप ठाकुर ने मेडिकल टीम का धन्यवाद किया। लखदाता मंदिर कमेटी नरोला के सचिव कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त ने बताया कि शिविर में मोहाली, चंडीगढ़ से अमर हॉस्पिटल के डॉक्टर उमंग वर्मा, हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषभ कपूर, डॉक्टर श्वेता तथा उनके साथ आए पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य राकेश, तान्या, राजित, नेहा, राजीव वर्मा, रमेश शर्मा तथा नसीब डोगरा आदि ने नरोला गांव में अपनी निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

इन चिकित्सा सेवाओं में ब्लड शुगर टेस्ट, बीपी का चेक करना तथा ईसीजी आदि करना भी शामिल था। इस शिविर में सुबह से ही भीड़ देखी गई तथा स्थानीय लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्य इंद्रदेव, बालकराम, हंसराज, सुंदर सिंह आदि शिविर में मौजूद रहे।

**सफलता** — मनरेगा में सबसे अधिक अर्जित दिवसों की सूची में मंडी शीर्ष पर

# आपदा प्रबंधन में धर्मपुर की सरसकान पंचायत ने बाजी मारी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे ज्यादा अर्जित दिवस देकर जिला मंडी ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि चंबा जिला को दूसरा और शिमला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं जिला मंडी के धर्मपुर ब्लॉक की सरसकान पंचायत ने आपदा प्रबंधन के तहत सबसे ज्यादा प्रभावित परिवारों को सुरक्षा दीवारें लगाने और सार्वजनिक रास्तों को बहाल करने में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। यह पंचायत अब तक 186 परिवारों को सीधा लाभ पहुंचा चुकी है। मनरेगा के तहत ग्रामीण इलाकों में रोजगार की गारंटी दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष कम से कम 100 दिनों का काम मिलता है।

इस योजना का मकसद ग्रामीण इलाकों में लोगों की आजीविका सुरक्षा बढ़ाते हुए आवेदक के घर से पांच किलोमीटर के दायरे में रोज़गार दिया जाता है। वर्ष 2024 में अब तक राज्य में कुल अर्जित दिवसों 17205511 में से जिला मंडी ने 5182801 मैन डेज लेकर परचम लहराया है जबकि चंबा जिला 2768195 और शिमला जिला 2167658 अर्जित दिवसों के साथ क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे हैं। मंडी जिला का जिक्र करें तो गोहर ब्लॉक 607231 अर्जित दिवसों के साथ शीर्ष पर है जबकि प्रदेश में सबसे ज्यादा मैन डेज सूची में रहा धर्मपुर ब्लॉक इस बार दूसरे नंबर पर है।

मंडी जिला के धर्मपुर ब्लॉक के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सरसकान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तय समय सीमा में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर बाजी मारी है। इस पंचायत ने आपदा प्रभावित परिवारों को करीब डेढ़ करोड़ की सुरक्षा दीवारें लगाकर उनकी सारी पेमेंट कराकर कीर्तिमान स्थापित किया है। कुल 158 सुरक्षा दीवारें और 28 कम्युनिटी वर्कर करवाने में सफलता पाई है।(अनंत ज्ञान)

#### गत वर्ष बरसात ने बरपाई थी भारी तबाही : उमेश

सरसकान पंचायत के प्रधान उमेश ठाकुर का कहना है कि गत वर्ष बरसात ने भारी तबाही बरपाई थी और बहु चर्चित मलौन नरेढ़ा लैंड स्लाइड, आईटीआई की दीवारें खिसकने, बरोटी, रौह, लुनग्राम, रखेड़ा, भलयार, सपड़ी, हरिजन बस्ती अप्पर रौह, कुसरी, रड़ा, सरोहली, हवानी, धार आदि 21 उप गांवों में जमीन धंसने से सैंकड़ों मकानों को खतरा बना हुआ था। इनमें से अधिकतर स्थानों पर प्रदेश सरकार की ओर से कैबिनेट मंत्री हर्षवर्धन चौहान और स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने तत्कालीन उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी, राज्य आपदा प्रबंधन बोर्ड के निदेशक डीसी राठौर ने पहुंच कर हालात जाने थे। तीसरी बार बादल फटने की घटनाओं से चिंतित प्रशासन ने कारणों का पता लगाने के लिए भू विज्ञानियों की टीम भी भेजी। उमेश ठाकुर का कहना है कि सरसकान पंचायत की भौगोलिक स्थिति विकट है तथा इसे करीब 11 बरसाती नाले प्रभावित करते हैं। रडा, कुसरी, हरिजन बस्ती गंत्रैलु, रौह, सपड़ी, रोपा नाला, रखेड़ा, थप्पेलहड़ा, हरिजन बस्ती हवानी, हरिजन बस्ती नरेड़ा, बनूही, निचली हवानी और सर, सरसकान नालों में चैनेलाइजेशन की आवश्यकता है ताकि मृदा अपरदन रोकने के साथ साथ रिहायशी घरों की भी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। प्रधान उमेश ठाकुर ने आपदा के कार्य तय समय सीमा में पूरे होने के लिए विकास खंड कार्यालय, पंचायत स्टॉफ और सहयोगी पंचायत पदाधिकारियों का आभार जताया है।

## हिमरी गंगा का भादो 20 का शाही स्नान चार को

**कविता, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर के हिमरी गंगा का भादो 20 का शाही स्नान चार सितंबर को होने जा रहा है। पंचायत समिति सदस्य लेख राम ठाकुर ने कहा कि इस दौरान एक दिवसीय मेला का आयोजन भी किया जाता है और भारी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे।

मेला से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। व्यापारियों के लिए भूमि का आबंटन 2 व 3 सितंबर को किया जाएगा। व्यापारियों से आग्रह किया है कि वे मेला कमेटी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चार सितंबर को सुबह चार बजे से शाही स्नान शुरू हो जाएगा जो दिनभर चलता रहता है। इस बार यातायात व्यवस्था को दोनों तरफ आवाजाही के लिए खुला रखा गया है।

## कुन्नू में हुई फोरलेन प्रभावितों की बैठक, मदद का मिला भरोसा

**अनंत ज्ञान, पधर**



कुन्नू में फोरलेन प्रभावित बैठक करते हुए।

फोरलेन समन्वय समिति की फोरलेन प्रभावितों के साथ कुन्नू में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता फोरलेन समन्वय समिति के अध्यक्ष चिंत राम ठाकुर ने की।

बैठक में 29 अगस्त को उपमंडलाधिकारी पधर एनएचएआई, कंस्ट्रक्शन कंपनी, तहसील स्टाफ, उद्यान विभाग, साइट इंजीनियर व अन्य के साथ हुई बैठक में रखे गए मुददों पर जो निर्णय हुआ व अन्य जो बातें हुई के बारे प्रभावितों को जानकारी दी। समिति के सचिव महेंद्र गुलेरिया ने कहा कि सभी प्रभावितों ने समिति के समक्ष बात रखते हुए कहा कि आज से पहले हमारे साथ न तो कोई अपना विभागीय अधिकारी और न ही एनएचएआई ने हमें देने वाले मुआवजे के बारे बताया।

समिति के प्रधान चिंत राम ठाकुर ने सबको आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी की समस्याओं के साथ हम एक बार फिर से उप मंडलाधिकारी पधर से बैठक के लिए समय की मांग करेंगे और सभी की समस्याओं को प्रशासन के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करेंगे।



# मणिमहेश यात्रा












## स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में 24 घंटे शिव भक्तों के लिए इलाज की सेवा शुरू

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में 24 घंटे शिव भक्तों व स्थानीय लोगों के लिए इलाज की सेवा शुरू कर दी गई है। इस दौरान यहां पर पांच डॉक्टर सहित तकरीबन एक दर्जन पैरामेडिकल स्टाफ दिन रात ड्यूटी देने के लिए तैनात कर दिया गए है।

मणिमहेश यात्रा के दौरान भारी संख्या में शिव भक्तों ने भरमौर की ओर रुख किया है। जिसके चलते काफी संख्या में दूसरे राज्यों से शिव भक्त पैदल भी मणिमहेश की ओर रवाना हो रहे हैं। लिहाजा शिव भक्तों वह मणिमहेश यात्रियों के इलाज में किसी भी तरह की कमी ना रहे इसके लिए प्रशासन ने हर जगह पुख्ता प्रबंध किए हैं। गौरतलब है धरवाला से लेकर भरमौर तक 40 किलोमीटर एरिया में मात्र यही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। लिहाजा प्रशासन ने यहां पर पहली बार यात्रियों व शिव भक्तों के सहूलियत के मध्य नजर यहां पर 24 घंटे इलाज की सेवा शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक चंबा से लेकर भरमौर तक 60 किलोमीटर के क्षेत्र में एकमात्र बीच रास्ते में सीएससी है। भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी एरिया होने के चलते यहां पर दुर्घटनाओं का अंदेशा भी लगातार बना रहता है। लिहाजा आपातकालीन स्थिति में असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन ने इस तरह के प्रबंध कर दिए हैं। हालांकि यहां पर भी स्टाफ का अभाव होने के चलते एक दूसरी जगह से यहां पर डॉक्टर और दूसरे स्टाफ को नियुक्त किया गया है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवदीप ठाकुर ने कहा है कि प्रशासन के आदेश के बाद यहां पर सीएचसी चूड़ी में 24 घंटे इलाज की सुविधा शुरू कर दी गई है। स्टाफ के अभाव होने के चलते भी लोगों को यात्रा के दौरान इलाज में किसी तरह की कमी ना रहे इसके लिए अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी पुख्ता प्रबंध कर लिए गए हैं। हालांकि इस दौरान यहां पर दूसरे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर को डिपयूट किया गया है। अगर यहां पर स्टाफ की नियुक्ति हो जाती है तो लोगों के हितों को देखते हुए 24 घंटे इलाज की सर्विस भी शुरू हो सकती है।






पौराणिक कथाओं के अनुसार माता पार्वती जी शिव घराट में आटा पीसती थीं जिसकी आवाज आज भी सुनाई देती है।







## न्यूज ब्रीफ

### भरमानी माता मार्ग पर खोला सेब संग्रह केंद्र

**चंबा।** पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरकार मंडी माध्यस्था योजना के तहत सेब की खरीद 12 रुपए प्रति किलो ग्राम के हिसाब से करेगी। भरमौर ब्लॉक में इस योजना के तहत हिमफेड के द्वारा भरमानी माता मार्ग पर सेब संग्रह केंद्र खोल दिया है। जानकारी देते हुए उद्यान विभाग भरमौर के उद्यान विकास अधिकारी डाक्टर मनोहर लाल ने बताया कि बागवान अपना सेब 35 किलोग्राम जुट की बोरियों में या प्लास्टिक क्रेट मे लाकर इस केंद्र में बेच सकते हैं। बागवान एक बोरी मे सिर्फ एक ही किस्म का सेव भर जो न ही कच्चे हों और न ही अधिक पके हुए हों। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में निम्नलिखित तरह के सेब नहीं लिए जाएंगे। पेड़ से गिरे हुए या क्षतिग्रस्त फल, स्केव ग्रस्त फल, इथरल स्प्रे किए हुए फल, 51 मिलिमीटर से कम डाइया मीटर बाले फल, गला सडा या पक्षी द्वारा खाया हुआ फल नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सेब का प्रापन केवल उन्ही बागवानों से किया जाएगा जिनके पास उद्यान कार्ड उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

### बचत भवन चंबा में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाषा एवं संस्कृति विभाग चंबा द्वारा राजभाषा पखवाड़ा के तहत 1 सितंबर, को बचत भवन चम्बा में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिला के विभिन्न विद्यालयों के 9वीं से 12वीं तक के 117 विद्यार्थीयों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी चंबा तुकेश कुमार ने दी है। तुकेश कुमार ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में 39, निबंध लेखन प्रतियोगिता में 43, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 35 विद्यार्थी ने हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगी की आंचल शर्मा ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किहार की प्राची ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोह टिकरी के राहुल ने तीसरा स्थान हासिल किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गागला की सुहानी ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरेही की मोनिका ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधी की शिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा की हेमलता ने प्रथम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंडोह की अवंतिका कुमारी ने दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किहार के आयुष राणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## ढलोग पंचायत के लोग मोबाइल सिग्नल से लोग परेशान

### कहा-समस्या का हल नहीं हुआ तो जाएंगे कंज्यूमर कोर्ट

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चंबा में दो कंपनियां अपनी सेवा के लिए एक दूसरे को पीछे छोड़ने में लगी हुई है, लेकिन विकासखंड भटीयत के तहत ग्राम पंचायत ढलोग के कई गांव इन दिनों कमजोर मोबाइल सिग्नल से परेशान हैं।

बताते चलें कि ढलोग पंचायत के गांव बासा, धारद, ढलोग, बन्नी, बधाटू एवं थम्म गांव के सैकड़ों ग्रामवासी सिग्नल तो दूर की बात है सेवा से भी वंचित दिख रहे हैं। गौर हो क्षेत्र के ज्यादातर स्कूल विंटर सेशन के हैं जहां सर्दी आते ही बच्चों को छुट्टियां दे दी जाती हैं और आज के इस हाईटेक जमाने में अगली कक्षा की पढ़ाई के लिए बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई का ही सहारा लेना पड़ता है जिसके लिए इन गांवों के बच्चे पढ़ाई के लिए पीछे रहे हैं। जिसको लेकर अभिभावकों ने एयरटेल एवं जिओ पर ठगी के आरोप लगाते हुए बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के आरोप जड़ दिए हैं।

बताते चलें कि किसी आपातकालीन स्थिति में 108 को या किसी भी नंबर पर भी कॉल करना अत्यंत मुश्किल हो जाता है क्योंकि बिना सिग्नल के कॉलिंग सुविधा भी उपलब्ध नहीं रहती या जिन जगहों पर कॉलिंग होती है तो वहां आवाज कट कट कर जाती है जहां सुनने और करने वाले दोनों को एक दूसरे की आवाज समझ तक नहीं आती। ग्राम पंचायत ढलोग के वार्ड पंच मानसिंह ने बताया कि उन्होंने इस विषय को लेकर कई बार जिओ ऑफिस संपर्क किया जहां उन्होंने लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत भी दर्ज करवाई और ऑफिस द्वारा उन्हें आश्वस्त भी किया गया की बहुत जल्द उनकी इस समस्या का हल कर दिया जाएगा, किंतु आज तक यह समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है।

मानसिंह ने मोबाइल कंपनियों को चेताया है कि अगर भविष्य में इन दोनों कंपनियों द्वारा इन इलाका वासियों की शिकायत का निवारण नहीं किया गया तो कोई बहुत जल्द कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## लंगर सेवा समिति की चेयरपर्सन ने लंगर का पानी बंद करने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, चंबा**

श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर में लंगर लगाने बाली एक आरना नाम की महिला जो अपने आप को लंगर समिति की चेयरपर्सन बताती हैं ने एक वायरल वीडियो में आरोप लगाते हुए कहा है कि भरमौर के पट्टी में उनके लंगर को पानी की सप्लाई बंद कर दी गई है, जिस कारण वे न तो अपने लंगर के झूठे बर्तन साफ कर पा रहे हैं और न ही खाना बना पा रहे हैं।



जानकारी देती महिला

उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले कई वर्षों से अमृतसर से आकर यहां लंगर लगाते रहे हैं। मगर इस बार पहली बार ऐसी समस्या का सामना उन्हें करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भरमौर के ढावों में चालीस रुपए चाय तथा साठ रुपए में एक प्रांठा मिल रहा है जो कि बहुत ही महंगा है। गरीब परिवार जो श्री मणिमहेश यात्रा पर आते हैं उनके लिए खर्च कर पाना अति मुश्किल है। जो लोग लंगरों के सहारे ही अपनी यात्रा करते हैं। यही नहीं उन्होंने ये आरोप भी लगाए हैं कि इन अधिकतर ढा वो में मीट, शराब आदि भी परोसी जा रही है, ऐसे में शिव भक्त वहां कैसे भोजन कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल भरमौर के दबाव के चलते भरमौर प्रशासन भी उनकी कोई मदद नहीं कर पा रहा है।

### समिति को अन्य जगह लगाना चाहिए लंगर : आजाद जरयाल

**आरोपों** को निराधार बताते हुए व्यापार मंडल भरमौर के वरिष्ठ उप प्रधान आजाद जरयाल ने बताया कि वर्ष में यहां के बेरोजगार युवाओं, दुकानदारों के लिए कमाने का यही दो महीनों का समिति समय होता है, सर्दियों में बर्फ गिर जाने के बाद यहां कोई भी कमाने का साधन नही होता। लंगर समिति को उनकी मदद करते हुए अन्य स्थान पर लंगर लगा लेना चाहिए। प्रशासन के साथ हुई बैठकों में ये बात उठाई गई थी की ददमा से लेकर पट्टी तक लंगर न लगाया जाए, यहां लंगर लगने से भरमौर के ढावा संचालक कुछ नही कमा पाते। जहां तक पानी बंद करने का प्रश्न है,तो वो जल शक्ति विभाग का कार्य क्षेत्र है न कि व्यापार मंडल का।

## घास काटते समय पैर फिसले से गिरी महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत पूलन के सिरडी गांव की महिला 45 वर्षीय महिला मीना कुमारी की घास करते समय पैर फिसलने से मौत हो गई है। मृतक महिला मीना कुमारी पत्नी शशिपाल की रविवार घास काटने के दौरान फिसलने से मृत्यु हुई है। जानकारी के मुताबिक मृतक महिला के साथ घास काटने उनके पति शशिपाल भी गया था। आचनक पैर फिसलने से महिला लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई। घायल अवस्था में महिला को भरमौर अस्तपताल लाया गया लेकिन महिला ने रास्ते में में ही दम तोड दिया। वहीं पुलिस थाना भरमौर ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है और सिविल अस्पताल भरमौर में मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



## चुराह के 13 पटवार वृतों में नहीं लग पाई राजस्व लोक अदालत

**आजम डार, तीसा/चुराह**

हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेशानुसार राजस्व विभाग द्वारा 30 एवं 31 अगस्त को राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें की उपमंडल चुराह के अंतर्गत कुल 4 कानूनगो वृत्त एवं 25 पटवार वृत में से मात्र 2 कानूनगो वृतों के 12 पटवार वृत जो कि तहसीलदार के अधीन है को ही इस सुविधा का लाभ उठा पाए, जबकि शेष 2 कानूनगो वृत्तों टल्ली और टिकरी के 13 पटवार वृत्तों को सरकार द्वारा दी जा रही इस सुविधा के लाभ से वंचित रहना पड़ा।

ऐसे में जुंगरा, लेस्विन, थल्ली बनांतर, कलोग पंजेई, टिकरी जसोरगढ़, कोहाल, दुगली ,चांजु चरडा, कलेहल की ग्रामीण भोली भाली जनता को राजस्व लोक अदालतों के लाभ से वंचित रहना पड़ा।

इन समस्त गांवों के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है इस सारे मामले पर जब तहसीलदार चुराह

### लोगों में भारी आक्रोश, प्रशासन करे समाधान

राकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील में कुल 25 में से 12 पटवार व्रत में ही 30 एवं 31 अगस्त को लगभग 70 मामले निपटाए गए हैं। किंतु नायब तहसीलदार का पद रिक्त होने के कारण 13 पटवार वृतों के इंतकाल आदि के मामले नहीं निपटाए जा सके इसके लिए उन्होंने आगे आलहा अधिकारियों को लिखित रूप में भी सूचित कर दिया है।

अब प्रश्न यह उठता है कि जब सरकार द्वारा उचित दिशा-निर्देश जारी किए गए थे तो ये दर्जन से ज्यादा पटवार व्रत इस लाभ से कैसे वंचित रह गए। अब इन ग्राम वासियों को इस सुविधा का लाभ कब और कैसे मिल पाएगा यह तो वक्त ही बताएगा लेकिन मौजूदा समय में तमाम क्षेत्र वासियों में भारी रोष व्याप्त है।

## मणिमहेश यात्री खस्ताहालत सड़क के कारण हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश यात्रा 2024 के दौरान जहां एक तरफ रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं का मणिमहेश यात्रा पर आने का सिलसिला जारी है। वहीं दूसरी तरफ बग्गा से लेकर भरमौर तक लगभग 40 किलोमीटर इस सफर के दौरान जगह-जगह सड़क कच्ची होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सड़क की दुर्दशा होने के कारण यात्रियों को मणिमहेश पहुंचने से पहले ही काफी थकान का एहसास होता हुआ दिखा। हालांकि इस पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे का काम पिछले तकरीबन 12 वर्षों से अधिक समय से चला हुआ है। लेकिन विभाग अभी तक भी इस



40 किलोमीटर के सड़क हिस्से को दुरुस्त नहीं कर पाया है। लिहाजा इस यात्रा के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा जहां एक तरफ रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं की भीड दिखाई दी तो वहीं पर दूसरी ओर यह सड़क का हिस्सा काफी चर्चाओं में रहा। लोगों ने इस शक की दुर्दशा को लेकर यहां के नेताओं पर भी कई तरह के सवालियां निशान खड़े किए हैं। वहीं पर दूसरी ओर विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली भी इस दौरान खुलकर जग जाहिर हुई।

## ब्रह्म ज्ञान सतगुरु की कृपा से प्राप्त होता है : रतन चंद

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज स्थानीय निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया जिसमें प्रवचन करते हुए महात्मा रत्तन चंद ने फरमाया कि ब्रह्म ज्ञान सतगुरु की कृपा से प्राप्त होता है लेकिन उस पर विश्वास महापुरुषों की संगत में आने से ही दृढ़ होता है। जैसे-जैसे हम सत्संग करते हैं वैसे वैसे हमारा मन स्थिर होता जाता है शान्त होता चला जाता है मन को शक्ति मिलती है क्योंकि उसको पता लग जाता है कि सर्व शक्तिमान परमात्मा, जो निराकार है अंग संग है।

सत्संग में आने से ही उसे विश्वास होता है कि सब सुखों को देने वाला निरंकार प्रभु ही है। उन्होंने कहा कि मनुष्य योनि अति दुर्लभ है और इसी दुर्लभ योनि में परमात्मा का



सत्संग में मौजूद संगत।

बोध हो सकता है। अगर मनुष्य योनि में आकर भी हमने कण-कण में व्याप्त इस निराकार सत्ता अर्थात परमात्मा का बोध नहीं किया तो यह मान लेना चाहिए कि मनुष्य योनि का उद्देश्य पूरा नहीं हुआ है।

महात्मा ने कहा कि निरंकारी मिशन के उपदेशों का अनुसरण ही मिशन की शिक्षा है। हमारा व्यवहार सौहार्दपूर्ण और मेल-मिलाप वाला होना चाहिए। व्यवहार से निरंकारी होना चाहिए न कि हम बोल कर बताएं कि हम निरंकारी हैं। रतन चंद जी फरमाया कि सत्संग से जीवन में प्रेम, मेलजोल, भाईचारे की भावना का संचार होता है और मनुष्य में व्यापत सभी प्रकार के नकारात्मक भाव जैसे वैर, नफरत, ईर्ष्या, लोभ लालच इत्यादि दूर हो जाते हैं।

## सिविल हॉस्पिटल तक शुरू की जाए वाहन सेवा : सोनू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सीएचसी डलहौजी को विशेषज्ञ डॉक्टर से तो नवाज़ दिया है ऐसा करना सरकार के लिए काबिले तारीफ है और क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि ऐसा होने से जहां डलहौजी में बाहरी लोगों का इलाज हेतु आवागमन बढ़ गया तो वहीं बाहरी लोगों के लिए कुछ समस्याएं भी सामने आ गई है जिससे हर खासो आम परेशान सा दिख रहा है।



बता दें कि डलहौजी बस अड्डा से सिविल अस्पताल तक का 3 किलोमीटर का सफर एक मरीज को लेकर पैदल ही तय करना अत्याधिक कठिन हो जाता है यदि वह स्पेशल टैक्सी करते हैं तो बता दे कि टैक्सी भाड़ा सुनते ही हर आदमी का बजट हिल जाता है। इसके मद्देनजर आम आदमी पार्टी के नेता एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोनू ठाकुर ने बताया कि जिस हिसाब से नागरिक अस्पताल में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देखने को मिल रही हैं ये प्रदेश सरकार का क्षेत्रवासियों के लिए बड़ा तोहफा है। किंतु इसके विपरीत भारी क्षेत्र से आने वाले लोगों के लिए डलहौजी बस अड्डा से लेकर हस्पताल तक का 3 किलोमीटर का सफर मरीज अथवा उसके साथ आए लोगों के अच्छी खासी पसीने छुडा देता है।

इस संबंध में स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वह बस अड्डा डलहौजी से अस्पताल तक एक विशेष वाहन चलाया जाए जो हर किसी के बजट में हो जिसका किराया मुनासिब हो। और यह एक बहुत अच्छा विकल्प है क्योंकि स्थानीय जो टैक्सी वाले हैं वह अस्पताल या एसडीएम कोर्ट तक का किराया लगभग 3सौ से 400 रुपए ले लेते हैं जिसका भुगतान करना गरीब परिवार के लिए मुश्किल हो जाता है। सोनू ठाकुर ने सरकार एवं प्रशासन से गुहार लगाई है कि गरीबों के समक्ष आ रही इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि जो लोग आज इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं वह औरों को भी डलहौजी आने के लिए प्रेरित करें। सोनू ठाकुर ने इस संदर्भ में स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन एवं प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस समस्या को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अटल टनल के समीप धुंधी मोड़ में सब्जियों से भरा ट्रक पलटा



**मनाली।** अटल टनल रोहतांग के समीप धुंधी में सब्जी से भरा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। इस घटना में ट्रक की चपेट में एक पर्यटक वाहन भी आया है। जानकारी के अनुसार लाहौल की तरफ से सब्जी की खेप लेकर आए जीप अटल टनल के समीप धुंधी मोड़ पर अचानक पर्यटक वाहन के आने से गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और ऐसे में दोनों वाहन मौके पर क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों ही गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि दोनों ही वाहनों में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ। सब्जी से भरे वाहन के पलटने से गाड़ी में रखी सारी सब्जी सड़क में बिखर गई। सनद रहे कि इन दिनों लाहौल में सब्जी का सीजन जोरों पर हैं और ऐसे में समस्त लाहौल घाटी में सब्जियों की खरीद फरोख्त के लिए आने वाले व्यापारियों का तांता लगा हुआ है।

### सेल्स ऑफिसर के पदों की भर्ती के लिए आज साक्षात्कार

**कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने बताया कि मैसर्ज आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड, बी-98, फेज बी, इंडस्ट्रियल एरिया मोहाली द्वारा उम्मीदवारों के लिए सेल्स ऑफिसर के कुल 20 रिक्त पदों की भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में 2 सितंबर को आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता स्नातक तथा आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 19,500 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल एक्सिस बैंक कुल्लू है। योग्य उम्मीदवार अपने प्रमाणपत्रों (रिज्यूमे सीवी) सहित 2 सितंबर को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू हिप्र में पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं है, तो ऑनलाइन अपना पंजीकरण करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन पंजीकरण के लिए पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर लॉगइन कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902222522 पर संपर्क करें।

### देउठा और टिंडा में तेंदुए के आतंक से सहमे लोग

**बंजार।** बंजार उपमंडल की पंचायत देउठा और टिंडा में तेंदुए के आतंक से लोग परेशान हैं। लामी थुआरी और जवाली में तेंदुए ने कई जानवरों को शिकार बनाया है। लोगों को अब अपनी जान का डर सताने लगा है। समस्या को लेकर ग्रामीण वन मंडल अधिकारी से मिले और समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। ग्रामीण चरणदास ने बताया कि पिछले दिनों उनकी बहू ने तेंदुआ देखा। डीएफओ बंजार मनोज कुमार ने कहा कि लोग अपने पशुओं को सुरक्षित स्थान में बांध कर रखें। स्वयं भी रात के अंधेरे में अकेले बाहर न निकलें। इस संबंध में फील्ड स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं।

### लंबीकूद में खराहल स्कूल की तृषा पहले स्थान पर

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय ढालपुर में अंडर-19 छात्र एवं छात्रा वर्ग की एथलेटिक्स मीट शुरू हुई है। तीन दिवसीय इस मीट में सरकारी और निजी विद्यालयों के 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता एक से तीन सितंबर तक ढालपुर में खेली जाएगी। रविवार को छात्र एवं छात्रा वर्ग की डिस्कस-थ्रो और लंबीकूद प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। लंबीकूद में खराहल स्कूल की तृषा ने पहला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फोजल की ललिता ने दूसरा और एसवीएम बजौरा की स्नेहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, छात्रा वर्ग की डिस्कस थ्रो में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल (किंजा) की डिंपल ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुट्टी की रायना देवी ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खलोगी की तोवंती ने तृतीय स्थान हासिल किया। छात्र वर्ग की लंबीकूद प्रतियोगिता में एसवीएम बजौरा के आर्यन ने पहला, इसी विद्यालय के सोजल ने दूसरा और साईं स्टार विद्यालय के शैलेश ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, डिस्कस-थ्रो स्पर्धा में बीपीएस पतलीकूहल के भरतगिर ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खराहल के अमन ठाकुर ने द्वितीय और बीपीएस पतलीकूहल के शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### देवता वीरनाथ का थान जागरण समारोह आयोजित



**पतलीकूहल।** जिले के कटराईं क्षेत्र के आराध्य देवता वीरनाथ के नए बनाए गए थान की प्रतिष्ठा समारोह रविवार को पूरे विधि-विधान और देव रीति के साथ आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में कटराईं तथा आसपास के गांव के लोगों ने भाग लिया। देवता वीरनाथ के कठियाला राजेंद्र महंत तथा पुजारी रविंद्र गीर ने बताया कि थान जागरण का आयोजन हर 10-15 वर्ष में देव आज्ञा से किया जाता है। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य इलाके की सुख-शांति व समृद्धि है। थान की जगह पर किसी तरह के निर्माण आदि के पश्चात भी थान जागरे का आयोजन किया जाता है। देवता वीरनाथ की कारदार चंद्रकला कटोच ने बताया कि देवता के इस स्थान पर अभी हाल ही में कुछ नव निर्माण कार्य संपन्न किया गया है, उसी के चलते थान जागरे का आयोजन देव आज्ञानुसार किया गया है। थान जागरण हमेशा शनिवार रात को ही आयोजित किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए शनिवार रात को जागरण का आयोजन किया गया तथा रविवार को ब्रह्मभोज के साथ ही कार्यक्रम का सुखद समापन हुआ।

# 'तेरा चूड़ा भी लाल' भजन से गूंजा भुंतर

## शोभायात्रा व भंडारे के साथ 28वां भगवती जागरण संपन्न, शहर का माहौल रहा भक्तिमय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के भुंतर में शनिवार रात को भगवती जागरण कमेटी की ओर से 28वां भगवती जागरण आयोजित किया गया। शोभायात्रा के साथ पावन ज्योति कुल्लू से भुंतर लाई गई।

इस दौरान भुंतर शहर का माहौल भक्तिमय रहा। महिला मंडलों की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने कुल्लू का पारंपरिक लालड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। गणपति पूजन, ज्योति पूजन और कलश पूजन से जागरण शुरू किया, जिसमें कलाकारों ने एक से बढ़कर एक माता के भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बनाया। इस मौके पर भजन गायक करनैल सिंह राणा, जॉनी ठाकुर और सिमरन भारद्वाज व अन्य कलाकारों ने बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने माता का गुणगान किया। इसमें करनैल राणा ने आज भक्ता दे मेले, तेरा चूड़ा भी लाल, बोल वैष्णो माता, सुतिया के जगदी अंबे रानिये...और सिमरन भारद्वाज ने मेरी मां दे लंबे बाल, परांदा लंबा लायो, चल मेरी ज्वाला मैया आदि भजन पेश किए। नम्रता शर्मा ने मैया जी दा टेलीफोन, जी करदा मेरा दातिये की प्रस्तुति दी।

इसके बाद जॉनी ठाकुर ने दर तेरे आवेंगे सालों-साल नी माये, मन मेरा मंदिर, रंग चढ़ गया माता दा, भोले की बारात, सांवरिया बीच बाजार, अमरू वाला डमरू वाला और मेरा भोला है भंडारी से श्रद्धालुओं को खूब नचाया। टिंकू बिहान बज्रेश्वरी आर्ट ग्रुप कांगड़ा ने झांकियां निकालीं। रातभर जहां माता का जागरण आयोजित हुआ। वहीं, रविवार को शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। उधर, शिव मंदिर भुंतर में विशेष पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाया गया। इस दौरान भगवती जागरण के चेयरमैन रवि कुमार, प्रधान हीरालाल शर्मा, उपप्रधान सुरेंद्र, विकास, अरुण, चरणजीत आदि मौजूद रहे।





भुंतर में भगवती जागरण कमेटी की ओर से आयोजित 28वें भगवती जागरण के अवसर पर स्थानीय लोग।

### माता दशमी वारदा ने कुष्टू काहिका कर शुद्धिकरण के दिए आदेश

**कुल्लू।** कुल्लू के काईस क्षेत्र की अधिष्ठात्री माता दशमी वारदा ने देववाणी के माध्यम से कुष्टू काहिका के आदेश दिए हैं। माता ने इसके लिए आठ व नौ सितंबर का समय दिया है। माता के आदेशानुसार अब लोगों ने नौ सितंबर को काईस में कुष्टू काहिका का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान सभी देव परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा।

कारकूनों ने कुष्टू काहिका की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वर्ष-2023 में काइस में बादल फटने के बाद मंदिर के साथ लगते नाले में अचानक बाढ़ आ गई थी। बाढ़ की चपेट में एक युवक आ गया था। इसके बाद माता दशमी वारदा ने इस जगह की शुद्धि करने के आदेश दिए थे, अब जगह का शुद्धिकरण कुष्टू काहिका के माध्यम से किया जाएगा। कुष्टू काहिका शुद्धिकरण की एक प्रक्रिया है। कुल्लू में कुष्टू काहिका का प्रचलन सदियों से है। किसी तरह भी तरह की शुद्धि के लिए देवी-देवताओं की ओर से कुष्टू काहिका किया जाता है। उधर, माता दशमी वारदा के कारदार एवं जिला देवी-देवता कारदार संघ के जिलाध्यक्ष दोत राम ने कहा कि माता दशमी वारदा के आदेश के अनुसार काईस में कुष्टू काहिका का आयोजन किया जा रहा है।

## कुल्लू फूड कोर्ट में स्थित शौचालय की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित कलाकेंद्र के साथ लगते फूड कोर्ट में स्थित एक मात्र शौचालय गंदगी का ढेर बन चुका है। कलाकेंद्र के साथ लगते इस फूड कोर्ट में रोजाना हजारों लोग ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के लिए आते रहते हैं।

ऐसे में फूड कोर्ट में शौचालय की सुविधा का होना ओर शौचालय का साफ-सुथरा होना बहुत जरूरी है। कुल्लू फूड कोर्ट में स्थित शौचालय गंदगी और बदबू का ढेर बन चुका है, ऐसे में इस शौचालय का इस्तेमाल लोगों के द्वारा नाक मुंह ढक कर किया जा रहा है। शौचालय में स्थित वाशबेसिन में भी गंदगी की परत जम चुकी है। वर्तमान में इस शौचालय की देख-रेख और रखरखाव के लिए कोई भी तैनात नहीं है, जिस कारण शौचालय के बाहर भी गंदगी की मोटी परत जम चुकी है, जो शौचालय की गंदगी में और इजाफा कर रही है। फूड कोर्ट में आने वाले साहिल, सुनील कुमार, विजय ठाकुर, रिंकू, अनिल और कुलदीप का कहना है कि इस शौचालय की गंदगी को देखते हुए इसका इस्तेमाल करने का मन नहीं करता, लेकिन कभी-कभी मजबूरी में इस्तेमाल करना पड़ जाता है। हांलाकि फूड कोर्ट में दुकान चलाने वाले दुकानदारों की भी इस शौचालय को साफ करने की जिम्मेदारी बनती है, मगर शायद शौचालय के प्रति कोई भी अपनी जिम्मेदारी तय नहीं कर पा रहा है।

## ज्येष्ठा में अवैध खनन के खिलाफ लामबंद हुए लोग

### अवैध खनन करने वालों ने पहाड़ खोद कर बनाई हैं सुरंगें, ब्लास्ट कर हिला दिए पहाड़, गांव को खतरा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



अवैध खनन को लेकर लामबंद हुए लोग और साथ पुलिस की टीम।

कुल्लू में कई जगहों पर अवैध खनन का कारोबार खूब फल फूल रहा है। जेष्ठा पंचायत के नीनू में भी ऐसे ही हालात हैं, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। रविवार को गुस्साए लोग अवैध खनन के खिलाफ लामबंद हुए और मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस भी मौके पर पहुंची।

मामला रविवार सुबह का है, जब जेष्ठा सहित कई गांव को जोड़ने वाले पीडब्ल्यूडी के रोड निमार्ण कार्य को एक व्यक्ति ने रोकने की कोशिश की, जैसे ही लोगों को पता चला की रोड के काम को कोई रोक रहा है, तो जेष्ठा सहित कई गांव के लोग व महिला मंडल मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने सड़क निमार्ण को रोक रहे खनन माफिया को वहां से खदेड़ दिया। लोगों ने माफिया का सामान भी जब्त किया। वन विभाग की टीम को ग्रामीणों ने मौके पर बुलाया और अवैध खनन सहित माफिया की पूरी जानकारी दी कि किस तरह पहाड़ ब्लॉस्ट कर खोखले कर दिए हैं। वहीं, काम पर लगे ठेकेदार ने भुंतर थाना को सूचित किया। भुंतर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी के बयान कलमबंद किए। हालांकि खनन माफियों के औजार भी वहीं पर पड़े मिले। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई सालों से जोगराज नाम का एक व्यक्ति यहां पर अवैध खनन कर गड़सा स्टोन बेच कर करोड़ों रुपए कमा रहा है। सरकार को लाखों रुपए की रॉयल्टी का चूना लग रहा है, लेकिन वन विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, खनन विभाग भी खामोश है। ग्रामीणों ने कहा कि अवैध खननकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि जो सड़क कई गांव की सुविधा के लिए निकल रही है, उसको रोकने की कोशिश की जा रही है, ताकि इन लोगों का अवैध धंधा खुब फल फूल सके । ग्रामीणों का कहना है कि खनन करने वालों ने पहाड़ खोद कर कई सुरंगे बना दी हैं। पहाड़ में ब्लास्ट कर अंदर कमरे बनाए हैं, वहां से आसानी से स्लेट निकाला जा रहा है, जो मार्किट में गड़सा स्टोन के नाम से मशहूर है और काफी कीमती है। इस गोरख धंधे में कौन-कौन सम्मिलित है, यह जांच का विषय बन गया है। वहीं, डीएफओ पार्वती प्रवीन ठाकुर ने कहा कि मौके पर वन विभाग की टीम भेजी गई है। खनन करने वालों पर कानूनी कर्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## डोभी व मनाली में 13 ग्राम चिट्टे के साथ युवक व महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल मनाली**



कुल्लू में दो अलग-अलग स्थानों में पुलिस ने 13 ग्राम चिट्टा के साथ एक युवक व महिला को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में डोभी में एक व्यक्ति को 4 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार पतलीकूहल पुलिस टीम, जब डोभी में गश्त पर थी, तो उस समय एक व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से 4 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान विशांत (29 वर्ष) पुत्र शांति स्वरुप निवासी गांव कमारडा डाकघर शिरढ़ तहसील व जिला कुल्लू के रूप में हुई है। वहीं, दूसरे मामले में पुलिस थाना मनाली की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला के कब्जे से नौ ग्राम चिट्टा बरामद किया है। रिहायशी कमरा तिब्बतियन स्कूल के पीछे रांगडी में परमार पुत्र सुंदर गांव कोठी रोपा त. सरकाघाट जिला मंडी के मकान के कमरे में एक महिला किरायेदार, जिसका नाम अमनदीप है, वह रिहायशी कमरे में चिट्टा बेचने का धंधा कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर जब छापेमारी की, तो महिला के कमरे से 9 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने चिट्टे के साथ महिला को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की पहचान अमनदीप( 28) पत्नी राकेश कुमार निवासी बरोह तहसील व जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. गोकुलचंद्रन कार्तिकेयन ने दोनों मामलों की पुष्टि करते हुए कहा कि उपरोक्त मामलों में जांच जारी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### 150 देवदार के पौधों का किया रोपण

**भुंतर।** पनारसा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रोवर-रेंजर इकाई की ओर से वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बनाला अठारह पेड़े शनि मंदिर के साथ लगते जंगल में पौधरोपण अभियान चलाया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर कृष्ण लाल ने बताया कि यह पौधरोपण युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया, जिसमें कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 82 स्वयंसेवियों ने तथा रोवर-रेंजर इकाई के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अभियान के तहत सभी स्वयंसेवियों द्वारा 150 देवदार के पौधों का पौधरोपण किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. उरसेम लता ने सभी स्वयंसेवियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने न केवल पौधे रोपे हैं, बल्कि जीवन रोपा है।

### पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी संस्थाओं को मिलकर काम करने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान भुंतर**



वन विभाग व टीम सहभागिता के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम वन परिक्षेत्र हुरला के अंतर्गत आने वाले शियाह वीट व गड़सा में विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर चलाया गया।

इस कार्यक्रम में महिला मंडल अप्पर हवाई, युवक मंडल हवाई और टीम सहभागिता के सदस्यों ने भाग लिया। देवदार और वान के 700 पौधे रोपित किए। वन रक्षक सलीम ने टीम सहभागिता द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान व अन्य कार्यक्रमों की सराहना की। कार्यक्रम में टीम सहभागिता के राज्य परियोजना अधिकारी पूर्ण चंद ने टीम सहभागिता द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी व टीम सहभागिता से जुड़ने की भी अपील की। कार्यक्रम में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी संस्थाओं को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। पौधरोपण तभी सफल है, जब पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल को सबसे ज्यादा आग से बचाने के लिए लोगों की अधिक सहभागिता की जरूरत है तभी इस तरह के पौधरोपण के कार्यक्रम सफल हो पाएंगे। पूर्ण ने बताया कि टीम सहभागिता पूरे प्रदेश में महिला मंडल, युवक मंडल व अन्य सामाजिक क्षेत्र में संस्थाओं के साथ मिलकर काम कर रही है। इस कार्यक्रम में महिला मंडल, युवक मंडल और टीम सहभागिता से अमित कुमार, मोहित और अनू विशेष तौर पर उपस्थित रहे ।

**प्रेस वार्ता**

### सीपीएस सुंदर ठाकुर करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ, छह से मनाया जाएगा त्योहार

# हरितालिका तीज पर कुल्लू के कलाकेंद्र में दिखेगी नेपाल और हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक झलक

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

आगामी 6 सितंबर को कुल्लू के जिला मुख्यालय में स्थित लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में महिलाओं को समर्पित त्योहार हरितालिका तीज उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।




प्रवासी साझा मंच द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में उपस्थित नेपाली मूल की महिलाएं पत्रकारों को संबोधित करती हुईं।

जिला मुख्यालय में स्थित रस्टिक वुड रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रवासी साझा मंच महिला विंग की अध्यक्ष राधिका लामा ने बताया कि आगामी 6 सितंबर को प्रवासी साझा मंच के बैनर तले भारत और नेपाल मैत्री को मजबूती देने के लिए और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए महिलाओं को समर्पित त्योहार हरितालिका तीज मनाया जा रहा है। इस त्योहार को नेपाली समुदाय के लोग बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाते हैं। इस प्रवासी साझा मंच की सदस्य कविता रेग्मी ने बताया कि ये त्योहार नेपाली मूल की महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर व्रत का पालन करते हुए मनाती हैं। कविता रेग्मी हरतालिका तीज को सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहती हैं कि इस त्योहार के माध्यम से भारत और नेपाल के सांस्कृतिक आदान-प्रदान का ओर एक-दूसरे की संस्कृति को समझने का मौका मिलता है और इसके साथ ही दोनों देशों के बीच की सांस्कृतिक समानता को और फिर करीब से जानने का मौका मिलता है।

हरितालिका तीज के अवसर पर कुल्लू के लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में नेपाल के सांस्कृतिक दलों और विख्यात कलाकार अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे और इसी दौरान कुल्लू की लोकप्रिय नाटी और कुल्लू के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति से हरितालिका तीज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाएंगे। हरितालिका तीज के अवसर पर सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे, जबकि समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पूर्व सांसद मंडी संसदीय क्षेत्र व पूर्व विधायक महेश्वर सिंह उपस्थित रहेंगे।

### सरकारी अस्पताल में मुहैया करवाई जाएं मूलभूत सुविधाएं

**मनाली।** व्यापार मंडल मनाली ने प्रदेश सरकार से मनाली अस्पताल में बुनियादी व जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाने की मांग की है। मनाली अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके लिए रोगियों को कुल्लू का रुख करना पड़ता है। मनाली व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कुल्लू अस्पताल में कीमोथेरेपी की सुविधा देने के लिए सरकार व प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कैंसर एक भयानक महामारी है। इस बीमारी के इलाज का विकल्प अगर घर के पास ही मिल जाता है, तो इस बीमारी से लड़ने में बहुत मदद मिलेगी। इस बीमारी से पीड़ित लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इलाज की सुविधा दूर होने से लोग परेशान हो जाते हैं। सरकारी अस्पताल में ही इस बीमारी के इलाज की सुविधा मिल जाती है, तो लोगों का इस बीमारी से लड़ने के लिए मनोबल बढ़ेगा और जेब पर भी बोझ कम होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि मनाली के सरकारी अस्पताल में बुनियादी व जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बड़े शहरों में धक्के न खाने पड़े। उन्होंने प्रदेश सरकार सहित जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि कुल्लू अस्पताल में कीमोथेरपी की सुविधा मिलने से लोगों को बड़ी राहत मिली है।



## न्यूज ब्रीफ

### आज से भाजपा की सदस्यता कर सकते हैं ग्रहण

**पांवटा साहिब।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व ऊर्जा मंत्री वर्तमान विधायक सुखराम चौधरी और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज भी उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान के प्रभारी रामेश्वर शर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी संजीव बसटा, पूर्व विधायक सुखराम चौधरी ने सबसे पहले शहीद आशीष चौहान के नाम पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और आशीष चौहान अमर रह के नारे लगाए। दो सितंबर से कार्यकर्ता को 8800002024 पर कॉल करने के बाद, एक लिंक आएगा उस पर जाकर आप अपना पूरा पता डालने के बाद अपनी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं और कुछ लोग फार्म के माध्यम से भी सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। इस दौरान तिलक ने कहा कि सबने मिलकर इस महापर्व को देश भर में चलाना है और सभी भाजपा के कार्यकर्ताओ को और बूथ पर सभी महिलाओं को भी इस पर्व में शामिल करना है। हर बूथ पर 200 से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण समारोह में शामिल करना है।

### सदस्यता अभियान को लेकर बनाई रणनीति

**राजगढ़।** भाजपा द्वारा राजगढ़ के सनातन धर्म मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा विधायक रीना कश्यप विशेष रुप से उपस्थित रहीं। इस बैठक में सदस्यता अभियान पर विशेष रुप से मंथन किया गया। रीना कश्यप ने कहा कि पच्छाद में भाजपा का सदस्यता अभियान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और इस अभियान को पूरे देश व प्रदेश के साथ पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में भी महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है और हर पोलिंग बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### 30 तक होगा पोषाहार मास : डॉ. अजय पाठक

**नाहन।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया कि सिरमौर में एक से 30 सितंबर तक सातवां राष्ट्रीय पोषण मास आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पोषाहार अभियान में बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के साथ ही शिक्षा विभाग मिलजुल कर कार्य करेंगे और पोषाहार के प्रति ग्रामीण स्तर तक जागरूकता लाएंगे। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय कैंट स्कूल नाहन परिसर में स्थित आंगनबाड़ी प्रांगण में सातवें राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत के अवसर पर प्रदान की। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में मनाए जाने वाले 7वें पोषण माह में एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत के साथ ही सितंबर माह के दौरान सिरमौर में करवाए जाने वाले कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लिए जागरूकता रैली का आयोजन करना है, ताकि जिले मे पोषण माह कार्यक्रमों का विधिवत आयोजन किया जा सके। कार्यक्रम में 300 बच्चों और लगभग 45 अभिभावकों ने भाग लिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सिरमौर सुनील शर्मा ने पोषण संबंधी और खान-पान संबंधी विषयों पर बच्चों को संबोधित किया। आयुर्वेद विभाग की डॉ. इंदु भारद्वाज एवं प्रतिनिधि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. मोनिशा अग्रवाल की ओर से पोषण विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। मिशन शक्ति हब की तरफ से कृतिका , सोनम और प्रियंका ने महिलाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। बाल विकास परियोजना अधिकारी ईशाक मुहम्मद, उच्च शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा राजकीय उच्च विद्यालय कैंट स्कूल नाहन की प्रधानाचार्य के अलावा नाहन वृत्त पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 5 को नई कार्यकारिणी का किया जाएगा गठन

**अर्की।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ अर्की इकाई की बैठक प्रधान देवी रूप शर्मा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विश्राम गृह अर्की में 5 को 11 बजे होनी निश्चित हुई है। बैठक में प्रदेश महामंत्री इंद्रपाल शर्मा, सोलन जिले के अध्यक्ष बाबूराम ठाकुर व महामंत्री केसी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस बैठक में बहुत से मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा व अगले 2 वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा। देवी रूप शर्मा ने कहा कि अभी हाल ही में सचिवालय कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा जो आंदोलन 12 प्रतिशत डीए व नए वेतनमान के बकाया एरियर के लिए किया जा रहा है उस पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। अर्की इकाई अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आह्वान किया कि सभी सदस्य ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस बैठक में भाग लें, ताकि आगे की व्यवस्था बनाई जा सके।

### प्रौद्योगिकी के प्रयोग के बारे किया जाएगा जागरूक

**अर्की।** महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत कार्यक्रम 1 से 30 सितंबर तक होंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदु शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्की 291 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम करेगी। इस मौके पर किशोरियों व बच्चों में कुपोषण, महिलाओं में एनीमिया, विकास निगरानी पूरक पोषाहार, पोषण की पढ़ाई व बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी का प्रयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्की ने राष्ट्रीय पोषाहार माह को सफल बनाने के लिए सभी विभागों व स्थानीय लोगों से सहयोग करने का आग्रह किया है।

### भूपेंद्र चंदेल ने नदी में मरी हुई गाय को दबाया



**बीबीएन।** बद्दी-नालागढ़ नेशनल हाईवे पर भुड्ड बैरियर पुल के नीचे नदी में एक मरी हुई गाय को खेड़ा के समाजसेवी युवक भूपेंद्र चंदेल ने पोकलेन की मदद से नदी में दबाया। ये गाय पिछले दो दिन से नदी में मरी हुई थी, जिसे आवारा कुत्तों के द्वारा खाया जा रहा था। हैरानी इस बातकी की है कि यह गाय नदी में श्री कृष्णा गोशाला से 50 मीटर की दूरी पर मरी हुई थी, लेकिन गोशाला के प्रधान व मेंबरों ने किसी ने गाय को दबाने का प्रयास नहीं किया, जबकि ये लोग खुद को गोशाला के हितैषी मानते हैं, लेकिन इंसानियत आज भी समाजसेवी व युवकों में जिंदा है। उसे खेड़ा के निवासी भूपेंद्र चंदेल ने साबित कर दिया है, जैसे ही उन्हें पता लगा तुरंत मौके पर फोरलेन कंपनी के पदाधिकारियोंको को फोन कर पोकलेन मशीन मंगवाई और मरी हुई गाय को नदी में 10 फुट गड्डा खोदकर दबा दिया। भूपेंद्र चंदेल ने कहा कि जब मुझे पता लगा कि गाय मरी हुई है, जिसे आवारा कुत्ते नोचकर खा रहे हैं, तो मुझसे देखा नहीं गया और तुरंत मशीनी को बुलाकर गाय को दबाया।

# लंबित ट्रॉमा सेंटर और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए 15 करोड़ मंजूर

## सोलन शहर को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का इंतजार, अस्पताल के साथ हेलिपैड बनाने का भी प्रस्ताव

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के कथेड़ में लंबित पड़े मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। इसके लिए सरकार ने 15 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है।

इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने निर्माणाधीन अस्पताल ब्लॉक का निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को काम शुरू करने के निर्देश दिए। बता दें कि प्रदेश सरकार से बजट नहीं मिलने के चलते ठेकेदार ने कार्य रोक दिया था। बताया जा रहा है कि ठेकेदार सरकार से मिले बजट के अलावा निर्माण कार्य पर 20 करोड़ खर्च कर चुका है। ऐसे में बजट आने तक ठेकेदार ने निर्माण कार्य ठप किया है। अब उम्मीद है कि निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। आरटीआई के मुताबिक प्रदेश सरकार से अभी तक अस्पताल के निर्माण कार्य को मात्र 3.07 करोड़ ही मिल पाया है, जबकि पूर्व की भाजपा सरकार ने 28.97 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए थे। (अनंत ज्ञान)

### 60 करोड़ बजट आना बाकी

आरटीआई के मुताबिक अभी तक सरकार इस प्रोजेक्ट के लिए बजट उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। जानकारी के मुताबिक 31280 स्क्वॉयर मीटर भूमि पर बन रही इस बिल्डिंग की अनुमानित लागत करीब 90 करोड़ तय की गई है और लागत बढ़ने की भी संभावना है। इस प्रोजेक्ट के लिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 28.97 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए थे। वर्तमान कांग्रेस सरकार केवल 3.07 करोड़ उपलब्ध करवा पाई है। अभी तक अस्पताल की बिल्डिंग पर 32 करोड़ के अलावा ठेकेदार की लगभग 20 करोड़ राशि भी खर्च हो चुकी है। ऐसे में सरकार से करीब 60 करोड़ रुपए जारी होना बाकी है।



सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल।

> अस्पताल में तीन ब्लॉक के अलावा एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण होना है। रुके हुए कार्य के लिए 15 करोड़ मंजूर हैं। जल्द काम शुरू हो जाएगा।
> **डॉ. गोपाल बेरी, स्वास्थ्य निदेशक, हिमाचल प्रदेश।**

### हर रोज 15000 ओपीडी

**सोलन** अस्पताल में आईजीएमसी के बाद सबसे अधिक ओपीडी दर्ज की गई है। यहां पर हर रोज करीब 1500 रोगी उपचार के लिए पहुंचते हैं। इसी तरह चाइल्ड व गायनी संबंधि मामले भी काफी संख्या में आते हैं। सोलन अस्पताल में महीने में औसतन 300 डिलीवरी केस होते हैं। इस दृष्टि से अस्पताल में काफी रश रहता है। ओपीडी में सबसे मेडिसिन स्पेशलिस्ट के मामले उपचार के लिए आते हैं। अस्पताल में इस समय दो ही मेडिसिन स्पेशलिस्ट हैं, लेकिन रोगियों की संख्या के हिसाब से यहां पर चार स्पेशलिस्ट की मांग है। हालांकि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनने से इसकी जरूरत नहीं रहेगी। वर्तमान में शहर की आबादी 60 हजार से अधिक हो चुकी है, जो कि शिमला के बाद सबसे अधिक है। अस्पताल पर सोलन के उप-नगरों समेत शिमला व सिरमौर के सैकड़ों गांव के लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भर हैं।

### गंभीर बीमारियों का उपचार करवाना होगा आसान

**शहर** के नजदीक हाईवे पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनने से जहां क्षेत्रीय अस्पताल से रोगियों का रश कम होगा। वहीं, क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार के दौरान गंभीर बीमारी का पता चलते ही उसे स्थानीय सुपर स्पेशलिस्ट के पास रेफर किया जा सकेगा। इससे सोलन व साथ लगते उप-नगरों व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी गंभीर बीमारियों का उपचार करवाना आसान होगा। वहीं, शिमला व सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को घर नजदीक ही गंभीर बीमारियों का उपचार मिल सकेगा। आमतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया जाता है। उपचार लंबा चलने की स्थिति में इस वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ जाता है।

### सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का इंतजार

**तेजी** से विकसित होते सोलन शहर में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की सेवाएं नहीं मिल पाई, ऐसे में लोगों को बीमारियों का उपचार करवाने के लिए आईजीएमसी शिमला और पीजीआई चंडीगढ़ का रुख करना पड़ता है। तीन जिलों का केंद्र बिंदु होने के चलते यहां सोलन समेत शिमला व सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को बीमारियों का उपचार करवाना आसान रहता है। स्थानीय लोगों की मांग पर सरकार शहर के नजदीक नेशनल हाईवे से सटे न्यू कथेड़ में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण तो करवा रही है पर धन की कमी के कारण इस कार्य में तेजी नहीं आ रही है। ऐसी लोगों को शहर में बेहतर सुविधाएं मिलने का इंतजार करना पड़ेगा।

## सामाजिक समरसता मंच ने चार विभूतियों का किया नागरिक अभिनंदन

# युवा नशे से दूरी बनाकर रखें: जगत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

समाजिक समरसता मंच राजगढ़ ने बरशानटा वाटिका में राजगढ़ क्षेत्र की चार महान विभूतियों, जिसमें विश्व प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ पद्मश्री डॉक्टर जगत राम, प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शोधकर्ता व लेखक पद्मश्री विद्यानंद सरैक, महान संगीतकार पंडित डॉक्टर कृष्ण लाल सहगल एवं प्रसिद्ध लोक कलाकार डॉक्टर जोगेंद्र हाब्बी का नागरिक अभिनंदन किया गया।



सामाजिक समरसता मंच की तरफ से सम्मानित विभूतियों का अभिनंदन करते लोग।

चारों महान विभूतियां राजगढ़ उपमंडल के अलग-अलग क्षेत्रों से संबंध रखती हैं। इन चारों महान विभूतियों को शॉल टोपी व मफलर के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यहां पहुंचने पर इनका पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित विभूतियों ने सम्मान के बाद अपने विचार व अपने अनुभव साझा किए। पद्मश्री डॉक्टर जगत राम ने अपने जीवन के कठिन समय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने भारी आर्थिक तंगी के बाद किस तरह अपनी प्रारंभिक शिक्षा व पीजीआई चड़ीगढ तक का सफर तय किया। उन्होंने सभी युवाओं से कहा कि वह अपने जीवन में अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसे पाने के लिए लगातार मेहनत व कठिन परिश्रम करें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह नशे से दूरी बना कर रखें क्योंकि नशा आज समाज की सबसे बड़ी बुराई बन गई है। पद्मश्री विद्यानंद सरैक ने अपने संबोधन में सिरमौर जिले की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। पंडित डॉक्टर कृष्ण लाल सहगल ने अपने जीवन के प्रारंभिक दिनों में कठिन समय व आर्थिक तंगी के बावजूद इस मुकाम तक पहुंचने पर प्रकाश डाला और अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों को दिया। डॉक्टर जोगेंद्र सिह हाब्बी ने चूड़ेश्वर सांस्कृतिक दल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### स्टूडेंट्स को डेंगू बारे किया जागरूक

**नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रों ने कोलावालाभूड, सिरमौर के वरिष्ठ माध्यमिक सरकारी स्कूल के छात्रों को डेंगू की रोकथाम पर स्वास्थ्य जागरूकता दी। छात्रों को डेंगू, बुखार की रोकथाम, इसके कारणों और लक्षणों के बारे में एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। नर्सिंग छात्रों ने डेंगू के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिसमें डेंगू के मच्छर (एडीज एजिप्टी) के कारण होने वाले संक्रमण, इसके मुख्य लक्षण जैसे तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द के बारे में बताया। उन्होंने इस घातक बीमारी से बचाव के लिए साफ-सफाई और जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वास्थ्य वार्ता के दौरान, नर्सिंग छात्रों ने यह भी बताया कि डेंगू से बचाव के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी जमा होने से रोकना, मच्छरों के काटने से बचने के उपाय करना और नियमित रूप से घर के आसपास के क्षेत्रों को साफ रखना।

# हिमाचल में 16 लाख से अधिक लोग पुन: बनेंगे भाजपा के सदस्य : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारत में आज से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है और सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सदस्यता फॉर्म भरे और भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

यह जानकारी देते हुए सिरमौर भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, भाजपा जिला मिडिया सहप्रभारी प्रताप सिंह रावत और जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने बताया कि भाजपा के संविधान के मुताबिक 31 अगस्त को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की सदस्यता समाप्त हो गई है और इसलिए पूरे देश में नए सिरे से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि इसी कड़ी में दो सितंबर को प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू होगा, जबकि तीन को जिला स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा



और 4 से 25 सितंबर तक प्रत्येक बूथ में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस सदस्यता अभियान के दौरान पूरे हिमाचल में 16 लाख से अधिक लोग पुन: भाजपा के सदस्य बनेंगे और सिरमौर में भी लगभग डेढ़ लाख लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

इसी कड़ी में रेणुका चुनाव क्षेत्र में भी 25000 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भाजपा नेताओं ने सभी बूथ अध्यक्षों, बूथ पालकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं से आग्रह कि वे अपने-अपने बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाएं और भाजपा को फिर से विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाने में अपना सक्रिय सहयोग दें।

# सवा दो किलोग्राम गांजे के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

जिला पुलिस ने नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसना शुरू किया है।

इसी मुहीम के तहत पुलिस की टीम ने सलीम, पुत्र स्व. घसीटु निवासी आठन बाग डा. हरबर्टपुर, तहसील विकासनगर उत्तराखंड व मोहम्मद जहांगीर



अंसारी पुत्र मोहम्मद जउद्दीन अंसारी निवासी गांव जौंदी डा. बाखे बाजार जिला गया बिहार के कब्जे से 2.118 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिस पर पुलिस थाना माजरा में उपरोक्त दोनों आरोपीगण के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने बताया कि पुलिस ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## नशा बेचना छोड़ दें तस्कर, नहीं तो जल्द जेल की हवा खानी पड़ेगी

# मादक पदार्थों के नेटवर्क पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी पुलिस की लगातार नशे के खिलाफ अभियान में कार्रवाई जारी है। नशे के विरूद्ध इस कार्रवाई से पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। बद्दी पुलिस ने एक युवक को चिट्टे व दूसरे को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है, जो कि एरिया में नशा तस्करी का काम करते थे। जानकारी के अनुसार बरोटीवाला पुलिस ने हरियाणा के मढावाला में दवाइयों की आड़ में चिट्टा बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो मेडिकल स्टोर चलाता था, जिसके पास से 5.80 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

आरोपी की पहचान नवीन पुत्र राजिंद्र सिंह जिला जिंद हरियाणा से हुई। अब पुलिस आरोपी से चिट्टे से जुड़ी जानकारी जुटा रही है, ताकि मामले की गहनता से जांच हो सके, जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने अभिषेक कुमार पुत्र भजन लाल निवासी दसोरा माजरा को पकड़ा, जिसके पास से 828 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जो दसोरा माजरा में कपड़े की दुकान चलाता है। बता दें कि एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने नशे के खात्मे के लिए विशेष एक्स सैल का गठन किया है, जो कि नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ रहा है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि दो एनडीपीएस के मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### माइनिंग के बाद अब नशे के खिलाफ पुलिस

**अवैध** माइनिंग को काफी हद तक बंद करवाने में बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने अहम भूमिका निभाई है। एसपी ने भारी संख्या में अवैध माइनिंग के चालान काटने के साथ-साथ एनजीटी के तहत भी कड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मचा है और माफिया काफी समय से शांत होकर बैठे है। ऐसा ही कार्रवाई अब बद्दी पुलिस एसपी ने नशे को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से शुरू की है और अब तक कई तस्करों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### पेंशनर महासंघ की बैठक 3 को

**दाड़लाघाट।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई दाड़लाघाट की आम सभा की बैठक 3 सितंबर को शिव मंदिर दाड़लाघाट में सुबह 11 बजे होना निश्चित हुई है। बैठक में महासचिव भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इंद्रपाल शर्मा, जिला सोलन के अध्यक्ष बाबूराम कौंडल व सचिव केसी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित होंगे। इस बैठक में 23 अगस्त को 7 संगठनों की समन्वय समिति की बैठक बिलासपुर में हुई थी, उसके बारे में इंद्रपाल विस्तृत रूप सदस्यों को अवगत करवाएंगे तथा पेंशनरों के अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सचिव भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ ने आह्वान किया कि उपरोक्त स्थान व समय पर अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# डॉ. किरण सेठ की बातों ने छोड़ी गहरी छाप

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शूलिनी यूनिवर्सिटी के छात्रों, कर्मचारियों और कई शैक्षणिक संस्थानों के मेहमानों ने अपनी गुरु सीरीज के हिस्से के रूप में सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिकमैके) के संस्थापक डॉ. किरण सेठ के एक सत्र में हिस्सा लिया।



शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित गुरु सीरीज में हिस्सा लेते छात्र व अन्य।

सत्र में एमएमयू के कुलपति, सोलन ड्रिगी कॉलेज की फैकल्टी और बीएल सेंट्रल पब्लिक स्कूल, पाइन ग्रोव स्कूल और चिन्मय स्कूल के प्रिंसिपल और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शूलिनी यूनिवर्सिटी के चांसलर पीके खोसला और इनोवेशन एंड मार्केटिंग के अध्यक्ष आशीष खोसला भी इस सत्र में शामिल हुए। डॉ. सेठ ने स्वतंत्रता और अनुशासन के विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राचीन ज्ञान और आधुनिक शैक्षिक प्रथाओं के बीच संबंध बताते हुए एक प्रेरणादायक भाषण दिया। उन्होंने उन कारणों पर विचार प्रस्तुत किए कि आखिर क्यों लोग स्वतंत्रता पाने के लिए विदेश जाना चाहते थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यही स्वतंत्रता अब भारत में वर्तमान पीढ़ी के लिए उपलब्ध है। डॉ. सेठ ने कहा, संगीत और सांस्कृतिक आंदोलनों के अध्ययन के माध्यम से, छात्र जीवन के अमूल्य सबक सीख सकते हैं।

# नालागढ़ के कार्यालय परिसर में 50 औषधीय पौधों को किया रोपण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बाल विकास परियोजना नालागढ़ के कार्यालय परिसर में मिशन पोषण 2.0 के तहत सुपोषित भारत के वांछित लक्ष्य के उद्देश्य को लेकर पोषण माह का विधिवत शुभारंभ किया गया।

यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी नालागढ़ एनआर नेगी ने दी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय परिसर में विभिन्न औषधीय गुणों से युक्त पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर अशोक, बेल पत्र, आंवला, जामुन, अर्जुन के कुल 50 औषधीय पौधे रोपित किए गए। एनआर नेगी ने कहा कि पोषण माह



के दौरान विकास खंड नालागढ़ के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत अपने अधिकार क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने नालागढ़ के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं तथा वृत्त परिवेक्षिकाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान में भाग लें।

## आयोजन | कोठी-चंयावल मार्ग पर व्यय होंगे 7.56 करोड़ रुपए, क्रिकेट प्रतियोगिता में अमित इलेवन विजेता तथा कोलका इलेवन उपविजेता

# सोलन में सड़कों एवं पुलों के निर्माण पर खर्च किए जा रहे 130 करोड़ रुपए : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी गांवों को बेहतर सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।

इस वित्त वर्ष में सोलन में सड़कों एवं पुलों आदि के निर्माण पर 130 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी अर्की की पंचायत कोटली के कोलका में कोठी-कोलका-दसल-चंयावल मार्ग के भूमि पूजन के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। 11.960 किलोमीटर लंबे



विजेता टीम को सम्मानित करते सीपीएस संजय अवस्थी।

इस मार्ग के निर्माण पर लगभग 7.56 करोड़ रुपए खर्च होंगे और यह मार्ग क्षेत्र के चार हजार लोगों के लिए वरदान बनेगा। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित बनाने के लिए प्रयासरत है कि बेहतर सड़कों के माध्यम से किसानों एवं बागवानों के उत्पाद समय पर मंडियों में पहुंचे, ताकि उन्हें फसल का उचित मूल्य मिले। अच्छी सड़कें युवाओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि हिम उन्नति, हिम गंगा जैसी योजनाओं का लाभ उठाएं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि लोकतंत्र में जनमत के माध्यम से ही सही दिशा में विकास सुनिश्चित होता है।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि विकास में भागीदार बनें और अपने क्षेत्र में हो रहे विकास का नियमित अनुश्रवण करें। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि बच्चों को संस्कार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। संजय अवस्थी ने नेहरू युवा क्लब कोलका द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की और कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाला खिलाड़ी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में विश्वास रखता है। क्रिकेट प्रतियोगिता में 23 टीमों ने भाग लिया। अमित इलेवन शिमला की टीम विजेता तथा कोलका इलेवन उप-विजेता रही। कोटली पंचायत की पूर्व प्रधान सरिता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

### अर्की का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा

**सोलन।** संजय अवस्थी ने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का संतुलित विकास करना उनकी प्राथमिकता है। संजय अवस्थी ने अर्की की पंचायत चाइयां स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के प्रांगण में बेलपत्र और नीम का पौधा रोपित करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अर्की का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। अर्की विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए नागरिक अस्पताल अर्की में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी गई है। क्षेत्र में विकास की गति में तेजी लाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है।

# खेलों से नाता जोड़ें युवा : संजय

## भूमति में तीन दिवसीय खंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के युग में युवाओं को अपना लक्ष्य स्पष्ट निर्धारित करना चाहिए।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के भूमति स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 19 वर्ष से कम आयुवर्ग की तीन दिवसीय खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस प्रतियोगिता में अर्की खंड के 28 विद्यालयों के 415 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन एवं कुश्ती



प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक है और खेल हमें लक्ष्य प्राप्ति की ओर समर्पण एवं अनुशासन के साथ बढ़ना सीखाते हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि में रिकॉर्ड वृद्धि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के राज्यपाल ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यहां स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका एवं अरदास की। उन्होंने दुर्गियाना मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने राज्य के लोगों के कल्याण के लिए अपने-अपने कर्तव्यों का सही से निर्वहन के लिए सर्वशक्तिमान से आशीर्वाद मांगा तथा प्रार्थना की कि पंजाब में सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे एवं सौहार्द की भावना और मजबूत हो।
दोनों नेताओं ने जलियांवाला बाग स्मारक पर महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि यह स्थल हमेशा युवा पीढ़ी को राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। हाल में पंजाब के राज्यपाल बने कटारिया ने पत्रकारों से कहा कि वह इस पवित्र भूमि पर शीश झुकाने का अवसर पाकर धन्य हैं। उन्होंने कहा कि महान सिख गुरुओं के जीवन और दर्शन ने सदियों से मानवता को निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित किया है।

### मामून छावनी में संयुक्त खुफिया, सुरक्षा बैठक

**पठानकोट।** सुरक्षा को पुख्ता करने और अंतर-एजेंसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां मामून छावनी में एक संयुक्त खुफिया और सुरक्षा बैठक आयोजित की गई। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई।
विज्ञप्ति के मुताबिक, शुक्रवार को हुई बैठक में सेना, पुलिस, सीमा सुरक्षा बल और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी शामिल हुए। इसमें कहा गया कि करीब दो घंटे तक चली बैठक की अध्यक्षता 9वीं कोर के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राजन शरावत ने की। बैठक में गुर्ज डिवीजन के जीओसी मेजर जनरल विक्रम शर्मा भी मौजूद रहे। बयान में कहा गया है कि बैठक का उद्देश्य वर्तमान सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा करना, हाल की चुनौतियों का आकलन करना तथा क्षेत्र की प्रभावी सुरक्षा के लिए भविष्य की रणनीति तैयार करना था। बैठक सत्र के दौरान इसमें हिस्सा लेने वाले अधिकारियों ने अंतर-एजेंसी समन्वय और संचार सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की।

### सुनीता केजरीवाल ने 'आप' के लिए मांगे वोट

**चंडीगढ़।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रविवार को हरियाणा की भाजपा सरकार पर 10 साल में कुछ नहीं करने का आरोप



लगाया और लोगों से 'नया हरियाणा' बनाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को वोट देने का आग्रह किया।
हरियाणा में विधानसभा चुनाव पांच अक्तूबर को होंगे और नतीजे आठ अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। हरियाणा के चरखी दादरी में सभा को संबोधित करते हुए सुनीता केजरीवाल ने लोगों से पूछा कि क्या उन्होंने भाजपा के 10 साल के कार्यकाल के दौरान स्कूली शिक्षा व सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई सुधार देखा है। उन्होंने पूछा, 'क्या आपको चौबीस घंटे मुफ्त बिजली मिल रही है?'
सुनीता केजरीवाल ने दावा किया कि 10 साल में भाजपा ने कुछ नहीं किया। अरविंद केजरीवाल को 'हरियाणा का लाल' बताते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, 'बीस साल पहले कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि हरियाणा का लाल दिल्ली का मुख्यमंत्री बनेगा।' सुनीता केजरीवाल ने लोगों से आग्रह किया कि मतदान के दौरान एक भी वोट भाजपा को नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'आप सभी को 'झाड़ू' (आप का चुनाव चिह्न) अवश्य दबाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि यह केजरीवाल नहीं बल्कि हरियाणा के सम्मान का सवाल है।

### त्रिपुरा में बांग्लादेश के सात घुसपैठिए गिरफ्तार

**अगरतला।** बिना वैध दस्तावेजों के त्रिपुरा में घुसे पांच बांग्लादेशियों और रोहिंग्या समुदाय के दो लोगों को इस पूर्वोत्तर राज्य के दो अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) कर्मियों ने शुक्रवार को अगरतला स्टेशन से दो लोगों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे बांग्लादेश में कॉक्स बाजार रोहिंग्या शिविर में रह रहे थे। अगरतला जीआरपी पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी तपस दास ने कहा कि रमजान अली और आजिदा बेगम ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की। दोनों की ट्रेन से कोलकाता जाने की योजना थी।

### ब्राजील में भीषण सड़क हादसा, छह की मौत

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील में दो ट्रकों और एक कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। ब्राजील पुलिस ने बताया कि यह सड़क हादसा क्यूरीटिबा-पराना संघीय राजमार्ग पर हुआ। संघीय राजमार्ग पर कुछ गाड़ियों की टक्कर हो गई थी। यह हादसा क्यूरीटिबा के साओ जोस डॉस पिन्हास के पास हुआ। हादसे के वक्त गाड़ियों की रफ्तार धीमी थी। इसी दौरान पीछे आ रहा ट्रक एक कार से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि हादसे के दौरान ट्रक की रफ्तार ज्यादा थी और जैसे ही पीछे से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मारी तो गाड़ी आगे चल रहे एक और ट्रक से जा टकराई।

### कांग्रेस नेता ने परिवार के साथ आत्महत्या की

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर- चांपा जिले में एक कांग्रेस नेता ने अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ जहर खा लिया। बड़े बेटे की तत्काल मौत हो गई। कांग्रेस नेता, पत्नी और छोटे बेटे को गंभीर हालत में बिलासपुर के सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां तीनों ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। कर्ज से परेशान होकर कांग्रेस नेता ने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांजगीर के बोंगापार निवासी कांग्रेस नेता पंचराम यादव (66) उसकी पत्नी दिनेश नंदनी यादव (55) पुत्र नीरज यादव (बंटी) (28) और सूरज यादव (25) ने 30 अगस्त को एक साथ जहर खा लिया। किसी को पता न चले, इसलिए उन्होंने सामने दरवाजे पर ताला लगा दिया था और पीछे के दरवाजे से वापस जाकर वहां का दरवाजा भी अंदर से बंद कर दिया था।

### भाजपा विधायक को हत्या की धमकी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले की मांट सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक राजेश चौधरी ने जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। चौधरी ने 23 अगस्त को एक टेलीविजन परिचर्चा के दौरान उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को सबसे भ्रष्ट नेता बताया था। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उनकी टिप्पणी की कड़ी आलोचना की थी। चौधरी ने शनिवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 25 अगस्त की रात को किसी ने फोन करके उन्हें और उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी।

### पीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी धरा

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार साव ने बताया कि सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में विशाल नामक व्यक्ति को शनिवार शाम पुरकाजी थाना क्षेत्र के खैखेरी गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि विशाल ने सार्वजनिक हुए एक वीडियो को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के थूथुकुडी में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई। विस्फोट में सेल्वम, प्रशांत, सेंधुरकानी, मुथुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनका सथानकुलम सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने थूथुकुडी पटाखा फैक्टरी विस्फोट में मरने वालों को 3-3 लाख रुपए देने की घोषणा की। घायलों को 1-1 लाख देने की भी घोषणा की है।

### अरुणाचल के पूर्व मंत्री मेदी राम दोदुम का निधन



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मंत्री मेदी राम दोदुम का लंबी बीमारी के कारण रविवार सुबह निधन हो गया। वह 69 वर्ष के थे। उनके परिजनों ने यह जानकारी दी। कांग्रेस नेता को मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान बागवानी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए जाना जाता था। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दोदुम के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# अपराध और बढ़ते कर्ज का मुद्दा छाया रह सकता है पंजाब विधानसभा के सत्र में

**एजेंसी, चंडीगढ़**



फाइल फोटो।

पंजाब विधानसभा के सोमवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय सत्र के हंगामेदार रहने की संभावना है, क्योंकि कानून-व्यवस्था और बढ़ते कर्ज के मुद्दे पर विपक्षी दल आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार से जवाबदेही की मांग करेंगे।

विधानसभा का सत्र सोमवार से शुरू होगा और चार सितंबर को समाप्त होगा। कांग्रेस नेता और विधायक अरुणा चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाएगी।

दीनानगर विधायक ने आरोप लगाया, ''बिगड़ती कानून-व्यवस्था सबसे बड़े मुद्दों में से एक है। राज्य में हर रोज झपटमारी, चोरी और जबरन वसूली की घटनाएं हो रही हैं।'' चौधरी ने सरकार पर हर महिला को 1,000 रुपए प्रति माह देने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''आप सरकार ने पंजाब में महिलाओं को धोखा दिया है।'' कांग्रेस विधायक सुखविंदर सिंह कोटली ने कहा, ''आप सरकार ने राज्य में 18 कॉलेज स्थापित करने का वादा किया था। आप सरकार के अढ़ाई साल बीत चुके हैं, लेकिन वो एक कॉलेज बनाने के लिए भी जमीन नहीं खरीद सकी है।''

भारतीय जनता पार्टी के विधायक जंगी लाल महाजन ने कहा कि वह प्रदेश में कथित तौर पर अवैध रूप से जारी रेत खनन का मुद्दा उठाएंगे।

कोटली ने कहा कि विधानसभा सत्र की अवधि को बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि तीन दिन का समय बहुत कम है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जब सत्ता में नहीं थी तो वह लंबे सत्र की मांग करती थी ताकि लोगों के मुद्दों पर सदन में चर्चा की जा सके। कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैहरा ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह केवल तीन दिन का सत्र आयोजित कर विधानसभा के महत्व को नष्ट कर रही है। खैगरा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''सरकार ने लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ विधानसभा के महत्व को नष्ट कर दिया है, इसकी बैठकों को लगभग नगण्य कर दिया है, जिससे किसी भी सार्थक बहस के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है।''

# टीवीयूएफ ने पूटा चुनाव के लिए घोषित किया पैनल



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

टीचर्स वॉयस यूनाइटेड फ्रंट (टीवीयूएफ ) ने रविवार को पंजाब यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन-पूटा (पीयूटीए)-2024-25 के चुनावों के लिए अपने विजन स्टेटमेंट को जारी किया। इसमें प्रमुख तौर पर यूनिवर्सिटी के एकेडमिक इकोसिस्टम में और अधिक सुधार और फैकेल्टी सदस्यों के लिए अधिक सुविधाएं जुटाने और शिक्षण को आसान बनाने का वादा किया गया। टीवीयूएफ के वाइब्रेंट पैनल में अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार (हिंदी), उपाध्यक्ष पद के लिए सुरुचि आदित्य (डेंटल कॉलेज), सचिव पद के लिए कुलविंदर सिंह (यूबीएस), संयुक्त सचिव पद के लिए विनोद कुमार (सोशियोलॉजी) और कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज श्रीवास्तव (फिलोसॉफी) शामिल हैं।
एग्जीक्यूटिव सदस्यों के लिए टीवीयूएफ के प्रतियोगी ग्रुप-1 के लिए उम्मीद हैं। सुधीर मेहरा (इंग्लिशन एंड कल्चरल स्टडीज), राकेश मोहिंद्रा (लाइब्रेरी यूबीएस); ग्रुप-3 के लिए मिंटो रतन (यूआईईटी), इकरीत सिंह (डेंटल कॉलेज); जगेत सिंह (यूआईईटी); और ग्रुप पांच के लिए हरमेल सिंह (यूएसओएल/सीडीओई)। पूटा चुनाव 3 सितंबर, 2024 को होने वाले हैं।

## भाजपा रात में भी चुनाव को तैयार रहती है : नायब सैनी

**एजेंसी, जींद (हरियाणा)**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रात में भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहती है। निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदलने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर चुनाव से डरने का आरोप लगाया था।
यहां भाजपा की जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए सैनी ने कांग्रेस पर 'नेतृत्वहीन' होने का आरोप लगाया और उसे झूठी पार्टी करार दिया।
सैनी ने कहा, 'लोकतंत्र में अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें, इसलिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था लेकिन कांग्रेस ने कहा कि भाजपा चुनाव से डर रही है।' उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो रात को भी चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। सैनी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग (कांग्रेस) जनता को सुविधाएं देने नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने के लिए सत्ता में आते हैं तथा जनता को गुमराह करके वोट बटोरने की कोशिश करते हैं।
सैनी ने कहा कि दस वर्ष में भाजपा की 'डबल इंजन' की सरकार ने हर वर्ग का कल्याण किया है, लेकिन कांग्रेस के पास न नीति है, न नीयत और न ही नेतृत्व है।

## इनेलो हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रामपाल कलायत से चुनाव लड़ेंगे

**एजेंसी, चंडीगढ़**



इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष रामपाल माजरा कैथल जिले के कलायत विधानसभा क्षेत्र से पांच अक्टूबर को होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के नेतृत्व वाली पार्टी ने रविवार को सात और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहा है । पार्टी ने हाल ही में चुनावों के लिए अपनी पहली सूची में चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

इनेलो ने बहादुरगढ़ से शीला राठी को मैदान में उतारा है। वह इनेलो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की पत्नी हैं। राठी की फरवरी में झज्जर जिले के बहादुरगढ़ में हथियारबंद हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

पार्टी सूची के अनुसार, वरिष्ठ इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला के बेटे अर्जुन सिंह चौटाला सिरसा जिले के रानिया से चुनाव लड़ेंगे, पूर्व विधायक शेर सिंह बड़शामी लाडवा से, उमेद लोहान नारनौंद से, तैयब हुसैन भीमसीका हथीन से और मास्टर गुरतेज सिंह सुखचैन कालांवाली (एससी) सीट से चुनाव लड़ेंगे।

इनेलो के अनुसार, उम्मीदवारों के नामों को पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश चौटाला ने मंजूरी दी है। इससे पहले, इनेलो ने कहा था कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला ऐलनाबाद सीट से फिर से चुनाव लड़ेंगे। उसने यमुनानगर और महेंद्रगढ़ के लिए भी उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे। इनेलो ने 11 जुलाई को राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अपनी पूर्व सहयोगी बसपा के साथ हाथ मिलाया था।

## गोवा में पंजाब के पर्यटक से पैसे ऐंठने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के पोरवोरिम में पंजाब के एक पर्यटक से पैसे ऐंठने के आरोप में दो महिलाओं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने आरोपियों की पहचान मुंबई निवासी बबीता रमेश उपाध्याय, पश्चिम बंगाल निवासी सुतापा बनर्जी और स्थानीय निवासी दीपक सालगांवकर के रूप में की। उन्होंने बताया, ''तीनों को सागर अंसारी की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया, जिसने आरोप लगाया है कि उसे और उसके दोस्त को 30 अगस्त को आरोपियों के बैंक खातों में 20,000 रुपएहस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया गया था। हमने कलंगुट में सलगांवकर द्वारा इस्तेमाल की गई कार का पीछा किया और बाद में अंजुना से दो महिलाओं को गिरफ्तार किया।''



अधिकारी के अनुसार, दोनों महिलाएं देह व्यापार गिरोह की सदस्य के तौर पर अंसारी से मिलीं और फिर उसके खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराने की धमकी देते हुए उससे पैसे ऐंठे।

## देश-विदेश

## बिहार में गन फैक्टरी का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार



**एजेंसी, पटना**

बिहार भोजपुर में मिनी गन फैक्टरी का खुलासा हुआ है। नया भोजपुर ओपी क्षेत्र के चंदा गांव स्थित एक मकान पर छापेमारी कर पुलिस ने अवैध रूप से चल रही मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ किया।

पुलिस ने भारी मात्रा में हथियारों और उपकरणों के साथ सात लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में पांच कारीगर मुंगेर के रहने वाले हैं, जो अवैध हथियार बनाने में परांगत है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चंदा गांव में अवैध रूप से मिनी गन फैक्टरी का संचालन हो रहा है। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि बिरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पिंटू साह, मो. आजाद, मो. मोनू, मो.अब्बदुला, मो.राजू और मो. इबरान को गिरफ्तार किया है। कि गिरफ्तार लोगों के पास से पिस्टल टाइगर प्लेट 36 पीस, कॉर्क रड 35 पीस, बैरल 33 पीस, बट 20 पीस, ड्रील मशीन 3, लेथ मशीन 1, ग्रेंडर 1 और तीन मोबाइल बरामद किए हैं।

### असम टीएमसी को झटका, रिपुन बोरा ने छोड़ी पार्टी

**असम।** असम टीएमसी अध्यक्ष रिपुन बोरा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को लिखे पत्र में कहा कि असम टीएमसी में बहुत संभावनाएं हैं, लेकिन कई बार-बार सामने आने वाले मुद्दों ने हमारी प्रगति में बाधा डाली है, जिसमें टीएमसी को पश्चिम बंगाल की एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में देखना भी शामिल है। इस धारणा का मुकाबला करने के लिए, हमने कई सुझाव दिए हैं।

## रूस ने यूक्रेन के 156 ड्रोन मार गिराए

**एजेंसी, मॉस्को**



रूस ने यूक्रेन के 158 ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने शनिवार रात को 158 ड्रोन मार गिराए, जिनमें से दो ड्रोन मॉस्को शहर में और दस मॉस्को के आसपास के क्षेत्र में नष्ट किए गए। यूक्रेन की ओर से बीती रात किए गए ड्रोन हमलों को उसकी ओर से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है। कुर्स्कक्षेत्र में 46 ड्रोन नष्ट किए गए, जहां यूक्रेन ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से रूसी सरजमीं पर सबसे बड़े आक्रमण के तहत हाल के सप्ताहों में अपने सैनिकों को भेजा है। यूक्रेन के इन ड्रोन हमलों से अब लड़ाई अग्रिम मोर्चे से रूस की राजधानी तक भी पहुंच गई है। इस साल की शुरुआत से ही यूक्रेन ने रूसी जमीन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं और उसकी रिफाइनरी और तेल केंद्रों को निशाना बनाया है।

### हमास की सुरंग में मिले 6 इसराइली बंधकों के शव

**यरूशलम।** इसराइल ने गाजा के राफा में हमास की सुरंगों से 6 बंधकों के शव बरामद किए हैं। इसराइली सेना ने बताया कि सैनिकों के वहां पहुंचने से कुछ देर पहले ही हमास ने इन बंधकों को बर्बरता के साथ मार डाला। मारे गए बंधकों में 23 साल का अमेरिकी मूल का इसराइली शख्स हेर्श गोल्डबर्ग भी शामिल है। आईडीएफ ने बताया कि उन्हें इलाके में 6 बंधकों के मौजूद होने की खबर मिली थी। इस वजह से सेना बहुत ही सतर्कता के साथ आगे बढ़ रही थी। शनिवा को उन्हें हमास की एक सुरंग का पता चला। यहां छानबीन के दौरान बंधकों के शव बरामद हुए। इन सभी इसराइलियों को 7 अक्तूबर 2023 को इसराइल के किबुत्ज बीरी इलाके से अगवा किया गया था। हमास ने इजराइल के कुल 251 नागरिकों को बंधक बनाया था। इनमें से 97 अब भी हमास की कैद में हैं। 105 बंधकों को पिछले साल नवंबर में हुए सीजफायर में रिहा कर दिया गया था। वहीं करीब 33 लोगों की मौत हो चुकी है।

### इराक के सलाहुद्दीन में बम ब्लास्ट में दो की मौत

**इराक** के सलाहुद्दीन प्रांत में हुए बम धमाके में दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, बगदाद के उत्तर में स्थित सलाहुद्दीन प्रांत में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह की तरफ से एक बम रखा गया था। इसकी चपेट में आने से दो नागरिकों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। शुक्रवार को अमेरिका और ईराकी सुरक्षा बलों की तरफ से आईएस पर हमला हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी।

## जम्मू-कश्मीर के युवा 'मोदी एंड कंपनी' को दिखाएंगे बाहर का रास्ता : खड़गे

### कहा- जम्मू-कश्मीर के युवाओं को धोखे में रखना ही भाजपा की एकमात्र नीति

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के युवाओं के लिए भाजपा की एकमात्र नीति धोखा देना है और आगामी चुनाव में वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एंड कंपनी' को बाहर का रास्ता दिखा देंगे। खड़गे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मार्च में जम्मू-कश्मीर में युवा बेरोजगारी दर 28.2 प्रतिशत (पीएलएफएस) रही।

जम्मू-कश्मीर के युवाओं को धोखे में रखना ही भाजपा की एकमात्र नीति है। दावा किया कि कई परीक्षा प्रश्न लीक, रिश्वत और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण विभिन्न विभागों में भर्ती में चार साल से देरी हो रही है। जम्मू कश्मीर में सरकारी विभागों में 2019 से 65 प्रतिशत पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 60,000 से अधिक सरकारी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी 15 वर्षों से अधिक समय से मेहनत कर रहे हैं और उन्हें प्रतिदिन मात्र 300 रुपए मिलते हैं। लंबे समय से सेवा देने के बावजूद वे बिजली, सार्वजनिक स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग जैसे आवश्यक विभागों में भी अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं, जो रोजगार संकट की भयावह प्रकृति को उजागर करता है।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में उद्योग लगाने का वादा किया था, लेकिन केंद्र शासित प्रदेश में कोई बड़ी विनिर्माण इकाई नहीं है। निजी क्षेत्र केवल कृषि, आतिथ्य और स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने तक ही सीमित है।

### छेड़छाड़ के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार पार्टी से निष्कासित

**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में भाजपा के एक नेता को एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पिंचा ने रविवार को बताया कि 14 वर्षीय किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी भगवत सिंह बोरा को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। इस बीच, घटना का संज्ञान लेते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर पार्टी के सल्ट क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष पद पर आसीन बोरा को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कथित घटना 24 अगस्त को सल्ट राजस्व क्षेत्र में हुई, जिसकी सूचना सल्ट तहसील में 30 अगस्त को दर्ज की गई।

## अमेरिका में विमान क्रैश, तीन की मौत

**एजेंसी, पोर्टलैंड (अमेरिका)**



**पोर्टलैंड** के पूर्वी इलाके में एक छोटे विमान के कई मकानों से टकरा जाने से उनमें आग लग गई और तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहले बताया था कि विमान में दो लोग सवार थे और कम से कम एक निवासी लापता है।

पोर्टलैंड में 'केजीडब्ल्यू-टीवी' की ओर से प्रसारित तस्वीरों और वीडियो में एक मकान में आग लगी हुई दिखाई दे रही है, जबकि आसपास के घरों से काला धुआं निकलता नजर आ रहा है। ग्रेशम के दमकल विभाग के प्रमुख स्कॉट लुइस ने बताया कि आग कम से कम चार मकानों में फैल गई, जिसके कारण छह परिवार विस्थापित हो गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर दो लोगों का इलाज किया गया, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये लोग कैसे घायल हुए और उनकी चोटें कितनी गंभीर हैं।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 24 | 19 | 08 | 51 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 16 | 10 | 07 | 33 |
| 03. | ब्राजील | 08 | 03 | 12 | 23 |
| 04. | अमेरिका | 06 | 10 | 05 | 21 |
| 05. | ऑस्ट्रेलिया | 06 | 03 | 06 | 15 |
| 06. | नीदरलैंड | 06 | 02 | 02 | 10 |
| 07. | उज्बेकिस्तान | 05 | 03 | 03 | 11 |
| 08. | फ्रांस | 03 | 06 | 10 | 19 |
| 09. | तुर्की | 03 | 05 | 02 | 10 |
| 10. | इटली | 03 | 04 | 08 | 15 |
| 23. | भारत | 01 | 01 | 03 | 05 |

## स्पोर्ट्स विंडो


न्यूयार्क। यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मैच देखने आई अमेरिका की पूर्व टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स।

### सीनियर कोर ग्रुप के बेरोजगार हॉकी खिलाड़ियों को मिलेगी वित्तीय सहायता

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया ने सरकारी संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) के उपक्रमों में नौकरी नहीं हासिल करने वाले पुरुष और महिला सीनियर कोर ग्रुप के संभावित खिलाड़ियों को दो लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की रविवार को घोषणा की। यह निर्णय यहां हॉकी इंडिया की एजीएम के दौरान लिया गया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि यह फैसला महासंघ के संज्ञान में लाए जाने के बाद लिया गया कि संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह में शामिल किए गए कुछ नए खिलाड़ी बेरोजगार हैं।

### सिंधू के पास 59 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में जन्मी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू 2011 से देश के लिए बैडमिंटन खेल रही हैं। वर्तमान में उनकी कुल संपत्ति 59 करोड़ रुपए आंकी गई है। इसमें तेलुगु अभिनेता नागार्जुन द्वारा भेंट की गई 73 लाख रुपए की बीएमडब्ल्यू कार भी शामिल है। आनंद महिंद्रा द्वारा भेंट की गई महिंद्रा थार भी उनके पास है।



# मनीषा और तुलसीमति के बीच होगा सेमीफाइनल, पदक पक्का

**एजेंसी, पेरिस**



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने रविवार को यहां पैरा ओलंपिक खेलों में एसयू5 वर्ग में महिलाओं के एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना हमवतन तुलसीमति मुरुगेसन से होगा, जिससे भारत का इस स्पर्धा में पदक पक्का हो गया।

मनीषा के दाहिने हाथ में जन्म से ही विकार था। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी को क्वार्टर फाइनल में जापान की मामिको टोयोडा को 21- 13 21-16 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने अपनी गैर-वरीय प्रतिद्वंद्वी को केवल 30 मिनट में बाहर का रास्ता दिखाया। अंतिम-4 में मनीषा का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त तुलसीमति से होगा, जिन्होंने शनिवार को ग्रुप-ए में पुर्तगाल की बीट्रिज मोंटेइरो को हराया था। इससे पहले मनदीप कौर और पलक कोहली क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रही। एसएल3 वर्ग में खेल रही मनदीप नाइजीरिया की तीसरी वरीयता प्राप्त बोलाजी मरियम एनियोला के सामने किसी तरह की चुनौती पेश नहीं कर पाई और 23 मिनट में 8-21, 9-21 से मुकाबला हार गई।

मनदीप की एनियोला के खिलाफ यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले वह ग्रुप चरण में भी नाइजीरियाई खिलाड़ी से हार गई थी। एसएल4 वर्ग में पैरा विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पलक इंडोनेशिया की खलीमातुस सादियाह से 28 मिनट में 19-21, 15-21 से हार गईं।

## पैरा तीरंदाज शीतल खिताबी दौड़ से बाहर

भारत को पैरालंपिक में तीरंदाजी में निराशा का सामना करना पड़ा जब सरिता कुमारी का शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया, जबकि बिना हाथ वाली शीतल देवी कंपाउंड महिला ओपन वर्ग में अंतिम-16 चरण से बाहर हो गईं। सभी की निगाहें जम्मू-कश्मीर की 17 साल की शीतल पर लगी थीं। उन्होंने 703 का स्कोर बनाकर पिछले 698 के विश्व रिकॉर्ड को बेहतर किया था। अगले आठ तीर में कांटे की टक्कर रही जिसमें चिली की तीरंदाज मारियाना ने अंतिम तीर में नौ अंक हासिल करके शीतल को पछाड़ दिया जो आठ अंक बनाकर एक अंक से पिछड़ गईं।



## सुकांत कदम ने सेमीफाइनल में सुहास के साथ तय किया मुकाबला

भारत के सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 में आसान जीत के साथ पैरालंपिक खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना हमवतन सुहास यतिराज से होगा लेकिन टखने की चोट के कारण कृष्णा नागर बाहर हो गए।



शिवराजन सोलाईमलाई और निथ्या श्री सुमति सिवान की दूसरी वरीयता प्राप्त मिश्रित युगल जोड़ी एसएच6 सेमीफाइनल में अमेरिका के माइल्स क्रेजेवस्की और जेसी साइमन से 21-17, 14-21, 13-21 से हार गई। भारतीय जोड़ी अब कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेगी। इससे पहले सुकांत ने थाईलैंड के टीमारोम सिरीपोंग को 21-12, 21-12 से हराकर ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## मुक्केबाजी का भविष्य अधर में लटका

**अल ऐन ( यूएई )।** मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।

आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने टोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी।

# लिट्टन के शतक से बांग्लादेश की वापसी

**एजेंसी, रावलपिंडी**

बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला रावलपिंडी में खेला जा रहा है। पाकिस्तान के 274 रन के जवाब में बांग्लादेश ने टेस्ट के तीसरे दिन 262 रन बना दिए। इस तरह पहली पारी में पाकिस्तान को 12 रन की बढ़त मिली।

मेजबान पाकिस्तान की दूसरी पारी में शुरुआत खराब रही। पाकिस्तान ने 3.4 ओवर में ही अपने 2 विकेट 9 रन पर गवां दिए है। इस तरह पाकिस्तान के पास कुल बढ़त अब 21 रन हो गई है। इससे पहले बांग्लादेश ने एक समय 26 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे।

यहां से लिट्टन दास ने 138 और मेहदी हसन मिराज ने 78 रन की पारी खेल कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। लिट्टन दास और मेहदी हसन ने बांग्लादेश की पहली पारी को 190 के पार पहुंचाया। दोनों के बीच 165 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी मेहदी के विकेट के साथ टूटी। बांग्लादेश ने पहले दिन 10 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। खुर्रम शहजाद ने ओपनर शादमान इस्लाम और जाकिर हसन को पवेलियन भेज दिया। कप्तान नजमुल शांतो हसन को खुर्रम ने बोल्ड कर दिया।




इसके बाद मीर हमजा ने 2 विकेट लिए। पिछले मैच के शतकवीर मुशफिकर रहीम मात्र 3 रन बना सके। शाकिब अल हसन को 2 रन बनाकर खुर्रम शहजाद की बॉल पर पगबाधा आउट हुए।

### पाकिस्तान टीम 274 रन पर ऑल आउट

मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 274 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से सईम अय्यूब (58), कप्तान शान मसूद (57) और आगा सलमान (54) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। जबकि बांग्लादेश की ओर से स्पिन गेंदबाज मेहदी हसन मिराज ने 5 विकेट हासिल किए।

## परवीन कुमार एफ57 भाला फेंक में आठवें स्थान पर रहे

**पेरिस।** भारत के परवीन कुमार शनिवार को यहां पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की एफ57 भाला फेंक स्पर्धा में 8वें स्थान पर रहे। हरियाणा के 32 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने चौथे थ्रो में 42.12 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।




उज्बेकिस्तान के यॉर्किनबेक ओडिलोव ने 50.32 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जबकि तुर्किये के मुहम्मत खलवंडी (49.97 मीटर) ने रजत पदक जीता। ब्राजील के सिसेरो वाल्डिरन लिंस नोबरे ने 49.46 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक हासिल किया। एफ57 उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंग किसी कमी से प्रभावित हैं, मांसपेशियों की शक्ति खराब है या गति की निष्क्रिय सीमा अच्छी नहीं है।

## मंधाना और पांच अन्य भारतीय बनेंगी डब्ल्यूबीबीएल का हिस्सा

**एजेंसी, मेलबोर्न**

उपकप्तान स्मृति मंधाना सहित छह भारतीय क्रिकेटर अलग-अलग टीमों द्वारा चुने जाने के बाद 27 अक्तूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) का हिस्सा होंगी। एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था। दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी। शीर्ष क्रम की यह बल्लेबाज पहली बार इस लीग का हिस्सा बनेगी।

विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण करेंगी। वह मेलबोर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी। भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है। तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी क्योंकि वह भारत की टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुई हैं।




डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्तूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच मैच के साथ शुरू होगा

# इगा यूएस ओपन के चौथे दौर में

### विश्व के नंबर-1 पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने दर्ज की आसान जीत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

विश्व के नंबर-1 पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने क्रिस ओकोनेल पर आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सिनर ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए दो घंटे से भी कम समय में ओकोनेल पर 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

महिला वर्ग में विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी और यहां 2022 की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 25वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार चौथे वर्ष अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में प्रवेश किया। जैस्मीन पाओलिनी को भी यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-4 से हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।



### प्वाइंट कार्ड

| स्वियातेक | | अनास्तासिया |
|---|---|---|
| 00 | एस | 03 |
| 02 | डब्ल फॉल्ट | 01 |
| 65% | पहली सर्व | 54% |
| 77% | पहली सर्व जीती | 58% |
| 80% | दूसरी सर्व जीती | 52% |
| 3/5 | ब्रेक प्वाइंट | 0/0 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 64 | प्वाइंट जीते | 45 |

## दानिल मेदवेदेव ने फ्लेवियो कोबोली को दी मात



महिला वर्ग में जेसिका पेगुला, ल्यूडमिला सैमसोनोवा, डायना श्नाइडर और 2018 की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी भी आगे बढ़ने में सफल रही। सिनर सोमवार को चौथे दौर में अमेरिका के टॉमी पॉल से भिड़ेंगे। पॉल ने कनाडाई क्वालीफायर गेब्रियल डायलो को 6-7 (5), 6-3, 6-1, 7-6 (3) से हराया। अल्कराज को हराने वाले वैन डे जैंडस्चुल्प अपना विजय अभियान आगे नहीं बढ़ा पाए और उन्हें जैक ड्रेपर से 6-3, 6-4, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा।

ब्रिटेन के 22 वर्षीय खिलाड़ी ड्रेपर कभी भी चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उनका अगला मुकाबला गैरवरीयता प्राप्त टॉमस मचाक से होगा जिन्होंने डेविड गोफिन पर 6-3, 6-1, 6-2 से जीत हासिल की। अमेरिकी ओपन में 2021 के चैंपियन दानिल मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे। रूस के इस खिलाड़ी ने फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। उनका अगला मुकाबला नूनो बोर्जेस से होगा, जिन्होंने जैकब मेन्सिक को 6-7 (5), 6-1, 3-6, 7-6 (6), 6-0 से पराजित किया।

## बोपन्ना-सुत्जियादी मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में

भारत के रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्दिला सुत्जियादी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और सुत्जियादी की 8वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 13 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में ऑस्ट्रेलिया के जॉन पीयर्स और चेक गणराज्य की कतेरीना सिनियाकोवा को 0-6, 7-6(5) 10-7 से हराया। बोपन्ना और सुत्जियादी का अगला मुकाबला मैथ्यू एबडेन और बारबोरा क्रेजिकोवा की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।



## फुटबॉल

## मोहन बागान को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने डूरंड कप खिताब जीता

**एजेंसी, कोलकाता**

गोलकीपर गुरमीत सिंह ने पेनल्टी शूटआउट में कुछ बेहतरीन बचाव किए जिससे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद मोहन बागान को 4-3 से हराकर अपना पहला डूरंड कप खिताब जीता। इस टूर्नामेंट के 133वें चरण के फाइनल में नियमित समय के बाद दोनों टीम 2-2 से बराबरी पर थीं। 24 वर्षीय गुरमीत सिंह ने शूटआउट में शानदार प्रदर्शन किया और तीसरे प्रयास में लिस्टन कोलाको को रोकने के लिए शानदार फुटवर्क दिखाया।

उन्होंने फिर 5वें प्रयास में मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस का शॉट रोका और मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। गुलेर्मो फर्नांडीज, कप्तान मिगुएल जबाको टोम, पार्थिब गोगोई और अलादीन अजराई ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए शूटआउट में अन्य गोल किए। मोहन बागान के लिए जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह और दिमित्री पेट्राटोस ने गोल किए। उन्हें एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में 13वीं बार दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा।



### गुरमीत सिंह गोल्डन ग्लव से सम्मानित



गुरमीत सिंह को पूरे टूर्नामेंट में गोल के मामले में शानदार प्रदर्शन के लिए गोल्डन ग्लव से सम्मानित किया गया जबकि केरला ब्लास्टर्स के नोआह सदाउई को गोल्डन बूट मिला। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के जिथिन एमएस को गोल्डन बॉल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।